दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

श्योपुर ■ सोमवार 07 अप्रैल 2025 ■ वर्ष -19 ■ अंक-267 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य- ₹04

**सुविचार**

सपना वह नहीं होता जो आप नींद में देखते हैं, यह तो कुछ ऐसी चीज है जो आपको सोने नहीं देती है।
-अब्दुल कलाम

# अभिजीत मुहूर्त में हुआ रामलला का 'सूर्याभिषेक'

**रामनवमीः प्रभु के ललाट पर 4 मिनट पड़ीं किरणें**

## अयोध्या में पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

- देश-दुनिया में लाखों लोगों ने देखा लाइव
- राम नगरी अयोध्या में रही जन्मोत्सव की धूम
- विशेष आरती...दर्शन पाकर धन्य हुए श्रद्धालु
- श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठी रामनगरी
- मंदिर के बाहर इतनी भीड़ कि पैर रखने की जगह नहीं



सत्ता सुधार ■ अयोध्या

रामनवमी पर अयोध्या में रामलला का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म के बाद उनका अभिषेक किया गया। रविवार दोपहर करीब 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य अभिषेक हुआ। करीब 4 मिनट रामलला के मस्तक पर सूर्य किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के बाद रामलला की आरती की गई। सूर्य तिलक से पहले कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद कर दिए गए और गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गई। रामलला के सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के पाइप से सिस्टम बनाया गया है। इसमें 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भगृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं। इस दौरान अयोध्या में करीब 5 लाख श्रद्धालु पहुंचे। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी रहीं। राम मंदिर के बाहर एक किमी लंबी लाइन थी। इससे पहले, सुबह 9.30 बजे रामलला को पंचामृत से स्नान कराकर श्रृंगार किया गया।

### सोने का मुकुट और पीले वस्त्र

रामजन्मोत्सव पर रामलला ने रत्न जड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। दोपहर ठीक 12 बजे रामजन्म के साथ ही सूर्य तिलक हुआ। अध्यात्म व विज्ञान के इस अद्भुत संगम को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित दिखा। इसके पहले सुबह 3 :30 बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए गए। पुजारी ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... छंद गायन शुरू कर दिया। पूजन के साथ ही भगवान भाष्कर ने रामलला का राजतिलक किया।

### दियों से जगमगाया सरयू घाट

रामनवमी के अवसर पर रविवार को अयोध्या में अलग ही छटा नजर आई। वहीं, शाम को सरयू नदी के चौधरी चरण सिंह घाट पर दो लाख 51 हजार दिये जलाए गए। दियों की रोशनी में पूरा सरयू घाट जगमगा गया। सरयू घाट पर दीपोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग की ओर से किया गया था जिसमें 15 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।


जन्मोत्सव पर दीपोत्सव

मैहर में मां शारदा के दर्शन के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

# मैहर में मां शारदा लोक, कलेक्ट्रेट भवन और ढाई सौ एकड़ में बनेगी गौ-शाला

## लाड़ली बहना के तहत महिलाओं को उद्योग और रोजगार से जोड़ा, प्रदेश की औद्योगिक विकास दर 12 फीसदी

- सीएम ने कहा- बहनों की मांग पर 19 धार्मिक क्षेत्रों में की शराबबंदी
- परमवीर आल्हा का 130वां जन्म वर्ष साल भर मनाया जाएगा
- आल्हा की अप्रतिम वीरता ने बुंदेलखंड को वीरों की धरती बनाया
- मैहर जिले को 71 करोड़ लागत के विकास कार्यों की दी सौगात
- मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में गौशाला का निर्माण भी किया जाएगा
- मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य
- बरगी डैम के जरिए नर्मदा नदी का पानी मैहर तक लाया जाएगा



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर मैहर में शारदा माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। माता के दर्शन के बाद सीएम ने नगर में रोड शो किया, जहां नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मैहर में मां शारदा देवी का भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। आज रावनवमीं पर पूरी अयोध्या जगमग है तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी आज लाखों दीपों से जगमग होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की मांग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसी साल बरगी बांध से मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा।

प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में 1 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गौशाला का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को मैहर में राम नवमी के दिन मां शारदा मंदिर में दर्शन कर आमसभा को संबोधित कर रहे थे।

### मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित करेगी सरकार

सीएम ने कहा कि मां शारदा की कृपा से मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। रामनवमी पर मां शारदा से मुझे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। आज हम रामनवमी के साथ मां शारदा के परम भक्त और परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष भी मना रहे हैं। आल्हा ने अपनी वीरता से बुंदेलखंड की धरती को वीरों की धरती बनाया। प्रदेश में आल्हा के जीवन से जुडे कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे, जिसका पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

### कला मंडलियों को 50-50 हजार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोक कलाकारों ने भी वीर रस से भरे हुए मोहक आल्हा गायन से युद्धों का सजीव वर्णन किया। ऐसा लग रहा था जैसे सचमुच में तलवारें चल रही हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंच में आल्हा कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली कला-मंडलियों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### तेजी से आगे बढ़ रहा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2003 के पहले औद्योगिक विकास दर 1 प्रतिशत से भी कम थी। आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य है।

### किसानों को फ्री बिजली देंगे

औद्योगिक विकास के लिए मैहर में नवीन संस्थानों की स्थापना की जाएगी। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में 32 लाख सोलर पंप लगाकर किसानों को मुफ्त में बिजली देंगे।

### विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बंधा बैरियर में आयोजित विशाल आमसभा में 71 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

# किसान नेता डल्लेवाल ने 131 दिन बाद खत्म किया आमरण अनशन

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था आह्वान**

**बोले-केजरीवाल को बचाने भगवंत मान ने शंभू-खनौरी बॉर्डर से हटाया**



**लुधियाना।** संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद आमरण अनशन खत्म कर दिया है। रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में किसान महापंचायत में उन्होंने इसका ऐलान किया। एक दिन पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डल्लेवाल से अनशन खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा था कि 4 मई को किसानों से चंडीगढ़ में मीटिंग करेंगे। डल्लेवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए आप सरकार ने आंदोलन खत्म कराया। किसानों की मांग पर आमरण अनशन खत्म किया है। काफी समय से किसान मुझसे अनशन तोड़ने की अपील कर रहे थे। डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 को अनशन शुरू किया था।

उज्जैन में रोकी गई, यात्रियों में मचा हड़कंप, आग बुझाने के लिए लोगों ने कोच के कांच फोड़े

# बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस बनी 'द बर्निंग ट्रेन'

सत्ता सुधार ■ उज्जैन

उज्जैन के पास तराना में बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (20846) ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसएलआर (जनरेटर डिब्बे) में लगी। धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ लोग कोच के कांच फोड़ कर और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते देखे जा सकते हैं। हालांकि, कुछ देर बाद आग वाले कोच को अलग कर गाड़ी को रवाना कर दिया गया। तराना रोड स्टेशन मास्टर ने बताया कि आग बुझा ली गई है। किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।



### काली सिंध नदी के पास लगी थी आग

आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण मुकेश रावल ने बताया कि ट्रेन में आग उस समय लगी जब वो काली सिंध नदी के ब्रिज पर थी। इस दौरान रेलवे के कर्मचारियों के साथ मिलकर पावर कोच में लगी आग को बुझाने के लिए पानी और अन्य साधनों से प्रयास किए।

### बिलासपुर जा रही थी ट्रेन

रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा ने बताया कि ट्रेन बीकानेर से चलकर बिलासपुर जा रही थी। शाम करीब 5 :30 बजे तराना रोड स्टेशन से पहले ट्रेन के पावर कोच में आग लगी। इसके बाद ट्रेन से इस डिब्बे को अलग कर दिया गया। इस दौरान तराना से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर आग पर काबू पाया। शाम 6 :32 बजे पर ट्रेन को भोपाल के लिए रवाना किया।

# भोपाल में पारा 40.5 रतलाम में 42.6 डिग्री

**गर्मी बढ़ीः ग्वालियर और उज्जैन भी तपा**



सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली

देश भर में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में पारा लगातार बढ़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने ताजा अपडेट दिया है। आने वाले हफ्ते में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखने को मिलेगा। अगले पांच दिनों में दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीट वेव का प्रकोप रहेगा। मध्यप्रदेश में पिछले 3 दिन से तेज गर्मी पड़ रही है। रविवार को भी गर्मी का असर देखा गया। भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन में इस सीजन पहली बार दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, रतलाम सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को भोपाल में सुबह से ही तेज धूप खिली रही। वहीं, गर्म हवाएं भी चली। इस कारण तापमान 40.5 डिग्री पहुंच गया। ग्वालियर में 40 डिग्री और उज्जैन में 41 डिग्री रहा।

- सावधान! मप्र-राजस्थान और यूपी में पड़ेगी भीषण गर्मी
- दिल्ली तक हीट वेव का अलर्ट, कहीं बारिश भी होगी
- अब उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा

**उत्तर प्रदेश और तपेगाः** पूर्वोत्तर के कई राज्यों और पहाड़ी क्षेत्रों में 6 से 10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी की संभावना है। सोमवार से10 अप्रैल के दौरान गुजरात राज्य में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मप्र और उत्तर प्रदेश में हीट वेव देखने को मिलेगी।

# वक्फ बिल बना कानून, अब लागू होने की तारीख तय करेगी केंद्र सरकार

## मुस्लिम संगठनों का विरोध, सुप्रीम कोर्ट में छह याचिकाएं दायर

एजेंसी ■ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। नए कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक छह याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। नई याचिका केरल के सुन्नी मुस्लिम संगठन केरल जमीयतुल उलेमा ने दायर की है। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।



### इनका कहना है

इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था। लोकसभा में 288 सांसदों ने समर्थन किया है।

**किरेन रिजिजू,** केंद्रीय मंत्री

# भारत में कुल बैंक खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी 39.2 प्रतिशत

## शेयर बाजार-स्टार्टअप्स में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत में कुल बैंक खातों में महिलाओं की हिस्सेदारी 39.2 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 42.2 प्रतिशत है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने रविवार को भारत में महिला और पुरुष 2024- चयनित संकेतक और आंकड़े शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक भागीदारी और निर्णय लेने जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चयनित संकेतक और आंकड़े पेश किए गए हैं। ये आंकड़े विभिन्न मंत्रालयों /विभागों/ संगठनों से प्राप्त किए गए हैं। 31 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2024 तक डीमैट खातों की कुल संख्या चार गुना से अधिक होकर 3.32 करोड़ से बढ़कर 14.30 करोड़ हो गई है। पुरुष डीमैट खाताधारकों की संख्या लगातार महिला खाताधारकों से अधिक रही है, लेकिन महिलाओं की भागीदारी में भी वृद्धि देखी गई है। पुरुष अकाउंट की संख्या 2021 के 2.65 करोड़ से बढ़कर 2024 में 11.53 करोड़ हो गई, जबकि इसी अवधि के दौरान महिला अकाउंट की संख्या 66.7 लाख से बढ़कर 2.77 करोड़ हो गई। 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान मैन्युफैक्चरिंग, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ गया है।



**समारोह** प्रधानमंत्री को स्टालिन रिसीव करने नहीं पहुंचे...भाषा विवाद के बीच मोदी ने साधा निशाना,बोले

# डॉक्टरी की पढ़ाई सरकार तमिल भाषा में कराए

- श्रीलंका से मोदी सीधे तमिलनाडु के रामेश्वरम पहुंचे
- इस दौरान विमान से उन्होंने रामसेतु के दर्शन किए
- पीएम ने रामेश्वरम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया
- रामेश्वरम में एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज
- नवंबर, 2019 में नींव भी प्रधानमंत्री मोदी ने रखी थी
- पीएम मोदी ने रामनाथ स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजा की

एजेंसी ■ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जनसभा के दौरान उन्होंने भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम स्टालिन को नसीहत दे दी। पीएम ने कहा कि मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि वे डॉक्टरी की पढ़ाई तमिल भाषा में कराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कई नेताओं की चिट्ठियां मेरे पास आती हैं। आश्चर्य की बात है कि कोई नेता तमिल में हस्ताक्षर नहीं करता। तमिल का गौरव बने, इसलिए इन लोगों को स्थानीय भाषा में सिग्नेचर करना चाहिए।



### संयोग...विमान से रामसेतु देखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामनवमी पर तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री 3 दिन के श्रीलंका दौरे से सीधे रामेश्वरम पहुंचे। श्रीलंका से लौटते हुए मोदी ने विमान से रामसेतु देखा। उन्होंने इसका वीडियो भी पोस्ट किया है। मोदी ने लिखा-श्रीलंका से लौटते हुए विमान से रामसेतु के दर्शन किए। यह तभी हुआ, जब अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का सूर्य तिलक हो रहा था।

# रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करेगा आरबीआई!

## आज से शुरू होगी मॉनेटरी कमेटी की मीटिंग

एजेंसी ■ मुंबई

नए वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग सोमवार से शुरू हो रही है। इस मीटिंग में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती का अनुमान लगाया गया है। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। आरबीआई की मीटिंग आमतौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है।



### भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय पर फहराया ध्वज

# अटलजी की भविष्यवाणी सच हो रही, आज हर जगह खिल रहा कमलः शर्मा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में भाजपा का 46वां स्थापना दिवस 6 अप्रैल रविवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भोपाल स्थित पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने पार्टी के गौरवमयी इतिहास की याद दिलाते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा और आज हम देख रहे हैं कि हर जगह कमल खिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अटलजी ने सुशासन की नींव रखी थी और अब पीएम नरेंद्र मोदी गरीबों के जीवन में खुशहाली ला रहे हैं। राजधानी में अलग-अलग जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की गई। फूलों की रंगोली से कमल का फूल आकर्षण का केंद्र रहा।

वीडी शर्मा ने कहा कि भाजपा की शुरुआत 1980 में मुंबई के अधिवेशन से हुई थी, जहां अटल बिहारी वाजपेयी पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। शर्मा ने यह भी बताया कि भाजपा अब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जो पीएम मोदी, अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय की भविष्यवाणी आज सच हो रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की भी शुभकामनाएं दी और भाजपा के संस्थापकों पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंत्योदय के सपने को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरा किए जाने का जिक्र किया।



#### ...तो पीएम मोदी की आंखें हो गई थी नम

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जनसंघ के रूप में बलिदानों के आधार पर हुई। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने जब कश्मीर में धारा 370 लगाकर दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान किया तो उनके मंत्रिमंडल के सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उसका विरोध किया और इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। पार्टी को अंत्योदय का विचार देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय उत्तरप्रदेश के नगला चंद्रभान में जिस झोपड़ी में जन्मे थे, उसे देखकर प्रधानमंत्री मोदी की आंखें नम हो गई थीं। उन्होंने संकल्प लिया कि देश में कोई गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई।

शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो विचार पार्टी को दिया था, उसे देश के पीएम मोदी यथार्थ में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया है और देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा के रूप में उभरे हैं। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण लिए जो अभियान चल रहा है, उसे आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर काम करेंगे।

#### वंचितों को दिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

मोदी जी ने अपनी मां को चूल्हा फूंकते हुए खाना बनाते देखा था। उन्होंने कहा कि अब किसी गरीब मां के फेंफड़े धुएं से खराब नहीं होंगे। उन्होंने उज्जवला योजना की शुरुआत की। आयुष्मान भारत योजना में पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है और अब कोई गरीब पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा। तीन तलाक पर रोक के लिए बनाए गए कानून से मुस्लिम बहनों के जीवन में खुशियां आई हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी समाज एवं वर्ग के व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। आज सभी कार्यकर्ता यह संकल्प लें कि आप सभी भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर बूथ-बूथ और घर-घर तक जाएंगे तथा वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।

---

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम कल जनता को समर्पित करेंगे विवेकानंद आरओबी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में विवेकानंद नीडम के समीप नवनिर्मित आरओबी मंगलवार 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही इस आरओबी से विधिवत आवागमन शुरू हो जाएगा। आरओबी की सुविधा जल्द से जल्द शहरवासियों सहित जिले की जनता को उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर आरओबी पर विद्युतीकरण सहित रोशनी के लिए पोल व रेडियम लगाना, रोड फर्निशिंग एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुगम यातायात के लिए शेष काम युद्ध स्तर पर पूरे किए जा रहे हैं। इस आरओबी के शुरू होने पर लश्कर, कम्पू, आमखो इत्यादि क्षेत्र के निवासी नाका चंद्रबदनी से विवेकानंद नीडम होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच सकेंगे। साथ ही आगरा-झाँसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीधे जा सकेंगे।

### वक्फ बिल संपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन करेगा तय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी, न्यायसंगत और जवाबदेह बनाने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब एक कानूनी अधिनियम बन गया है, जो वक्फ संपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करेगा। यह अधिनियम विशेष रूप से मुस्लिम समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्गों के लिए लाभकारी साबित होगा, क्योंकि इसके तहत वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले संसाधनों का सही तरीके से वितरण किया जाएगा, जिससे उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार के अवसरों में सुधार होगा।

### सीएम ने खण्डेलवाल की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक, लोकसभा एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य श्रद्धेय प्यारेलाल खंडेलवाल की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धेय खंडेलवाल ने भारतीय जनसंघ एवं भाजपा को सशक्त करने के साथ अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, संगठन निर्माण और जनसेवा को समर्पित किया। उनके प्रखर विचार, कार्यशैली और प्रतिबद्धता आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

---

# चित्रकूट धार्मिक स्थल ही नहीं, सनातन संस्कृति व राष्ट्रीय चेतना का है जीवंत केंद्र

### मुख्यमंत्री श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस में हुए शामिल, भरत घाट में किया दीपदान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत केंद्र है। यह परमधाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली है, जहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और भैया लखन के साथ सदा सर्वदा निवास करते हैं। रामनवमीं के दिन मैं तपोभूमि चित्रकूट में आकर धन्य हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में दीपदान किया। उन्होंने मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदाकिनी के तट पर भरत घाट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली है। आज पवित्र नौवीं तिथि है और कामतानाथ जी की नगरी चित्रकूट अपना गौरव दिवस मना रही है। चित्रकूट के घाटों पर असंख्य दीपदान की अलौकिक छटा दिख रही है। भरत घाट, कामदगिरि पर्वत, कामतानाथ स्वामी मंदिर के साथ चित्रकूट के सभी मंदिरों और घर-घर एवं गली, मोहल्लों, रास्तों में दीपमालाओं की अनुपम छटा देखते ही बन रही है। उन्होंने नगर वासियों को रामनवमीं एवं चित्रकूट गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



#### मुख्यमंत्री से मिलकर छात्रा हुई अभिभूत

मुख्यमंत्री चित्रकूट में कामतानाथ भगवान के प्राचीन मुखारविंद के दर्शन करने के बाद पूजन सामग्री दुकान में छात्रा मनोरमा से आत्मीयता से मिले। उनसे मिलकर मनोरमा खुशी से अभिभूत हो गई। मुख्यमंत्री ने मनोरमा से उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह स्कूल जाती है और खाली समय में पिताजी की दुकान में उनका हाथ बटाती हैं। मुख्यमंत्री ने मनोरमा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए नाना जी के संकल्पों को पूरा किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 19 धार्मिक स्थलों में एक अप्रैल से शराबबंदी लागू कर दी गई है, जिससे हमारे देव स्थानों में विकृतियां न पनपें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। सर्वसम्मति से जो भी निर्णय हो रहे हैं उसे पूरा देश स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के लिए संसद में चर्चा व विचार-विमर्श के बाद वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति मिली है जो हमारे लोकतंत्र की खूबी को दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी त्यौहार में शुभ संकल्प लें और प्रदेश के विकास के लिए समवेत हों। उन्होंने चित्रकूट के गौरव दिवस पर कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंग वस्त्रम पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद सतना गणेश सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह परम सौभाग्य है कि चित्रकूट की पावन धरा में श्रीराम के प्राकट्य पर्व और चित्रकूट गौरव दिवस के आयोजन में मुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ है।

#### 11 लाख दीपों से धर्मनगरी जगमगा उठी

गौरव दिवस पर मां मंदाकिनी के भरत घाट सहित चित्रकूट में 11 लाख दीपों से धर्मनगरी जगमगा उठी। इस अवसर पर रंगोली बनाकर लोगों ने अपने उत्साह का परिचय दिया। चित्रकूट गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया। श्रीराम प्राकट्य पर्व और चित्रकूट के गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दो महिला रशियन पर्यटक नेली और नताल्या भी पहुंची।

#### भगवान कामतानाथ के किए दर्शन

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के प्राचीन मुखारबिंद के दर्शन कर आरती की। उन्होंने भगवान कामतानाथ से प्रदेश की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, डीआरई के संगठन सचिव श्री अभय महाजन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# मंत्री टेटवाल डी लिट की मानद उपाधि से सम्मानित



#### शिक्षा और तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति

सत्ता सुधार ■ भोपाल

शिक्षा, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल को अमलतास विश्वविद्यालय, देवास के दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। मंत्री टेटवाल को यह उपाधि शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने, युवाओं को तकनीकी दक्षता से जोड़ने तथा आधुनिक और व्यावहारिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान की गई है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार ने उन्हें डी लिट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर टेटवाल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, तकनीकी विशेषज्ञों और युवाओं का सम्मान है, जो अपने ज्ञान व कौशल के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति है और उनका सदैव प्रयास रहा है कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। मंत्री टेटवाल सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं डिजिटल कौशल के क्षेत्र में कई नवाचार हुए हैं। उन्होंने प्रदेश में नई तकनीकी संस्थाओं की स्थापना, नवीन रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शुरुआत तथा ग्रामीण-शहरी युवाओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

---

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर प्रशिक्षण

### राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण आज से भोपाल में

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण का आयोजन विज्ञान भवन भोपाल मे किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 100 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तकनीकि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकि का प्रचलन बढ़ाना है7 इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडलों जैसे तथा डीप लर्निंग तकनीकों पर, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो, हैदराबाद, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल एवं महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, नई दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को रिमोट सेंसिंग तकनीकि का उपयोग करके सटीक फसल उपज अनुमान के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसका लक्ष्य फसल बीमा दावा निपटान प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना है, जिससे प्रौद्योगिकी आधारित तकनीकि का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। मध्यप्रदेश में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का क्रियान्वयन वर्ष 2022 से किया जा रहा है। इस कार्य मे मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद साथ राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो, हैदराबाद, कृषि विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं एमपीएसईडीसी भी सहयोग कर रहे है। मध्यप्रदेश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का फसल बीमा मे उपयोग करने बाला देश मे पहला राज्य हैं। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग फसल बीमा के अंतर्गत तकनीकी पार्टनर के तौर पर कृषि विभाग, राजस्थान सरकार के लिए भी किया जा रहा हैं।

---

### मुख्यमंत्री ने दादा कुटी में की प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए पूजा अर्चना

# नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने का लिया संकल्प

#### अवधूत दादा गुरु के सानिध्य में कन्या-पूजन कर आध्यात्मिक पर की चर्चा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नर्मदापुरम जिले के अवधूत श्री दादा गुरु के दादा कुटी में पहुंचकर हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने दादा कुटी में 108 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पूजन-अर्चन किया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने एवं मां नर्मदा नदी के अविरल प्रवाह के लिए संकल्प लिया। डॉ. यादव ने अवधूत दादा गुरु के मार्गदर्शन में संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन की। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर अवधूत दादा गुरू के साथ आध्यात्मिक चर्चा की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान समूचे प्रदेश में शुरू किया है। इस अभियान के तहत बंद एवं लुप्त हो चुकी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन सभी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।



अभियान के अंतर्गत मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही मां नर्मदा के अविरल प्रवाह के लिए भी संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा पथ से होकर जाने वाले नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उनके लिए धर्मशाला एवं अन्य व्यवस्थाएं भी प्राथमिकता से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी आध्यात्मिक गतिविधियां सरल एवं सुगम हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन प्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों को सुव्यवस्थित एवं विकसित करने के लिए कृत-संकल्पित है।

#### प्रदेशवासियों को दी राम नवमी की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस राम नवमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि कृपासिंधु प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से सभी का कल्याण हो और मध्यप्रदेश व देश प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहे; यही कामना है। उन्होंने मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा कि युगों-युगों से भगवान श्रीराम के जीवन की एक-एक घटना लोगों के मन मस्तिष्क में अंकित है। केवल सनातनी ही नहीं अपितु सभी देशवासी भगवान राम के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने ग्यारह साल से अधिक की अवधि चित्रकूट में बिताई, राज्य सरकार चित्रकूट के विकास को प्राथमिकता देते हुए गतिविधियां संचालित कर रही है, शीघ्र ही चित्रकूट अलग रूप में दिखाई देगा।

---

**लोकार्पण** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने किया सिविल न्यायालय भवन का लोकार्पण बोले-

# न्याय में देरी होती है तो समाज में असंतोष पैदा होता है, न्याय में देरी न करें

सत्ता सुधार ■ भोपाल/सागर

न्यायालयीन प्रक्रिया को ई-प्रक्रिया के साथ डिजिटल बनाएं। न्यायालय भवन को कार्य स्थल के साथ-साथ कर्मस्थल भी बनाएं। न्यायाधीश, अधिवक्ताओं की सरल, सुगम, सस्ता न्याय दिलाने में अहम भूमिका होती है। जब न्याय में देरी होती है तो समाज में असंतोष पैदा होता है अतः न्याय में देरी न करें। उक्त विचार मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति सुरेश कुमार कैथ ने मालथोन में 12 करोड़ से अधिक में तैयार किये गये सिविल न्यायालय भवन का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किए।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं सागर जिले के पोर्टफोलियो जज संजय द्विवेदी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा, विशेष न्यायाधीश प्रदीप सोनी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अखिलेश मिश्रा, विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार, कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में न्यायाधीश गण, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी एवं जन समुदाय मौजूद था। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैथ ने कहा कि न्याय में देरी के कारण समाज में असंतोष पैदा होता है। असंतोष पैदा न हो इसलिए सभी न्यायाधीश, अधिवक्ता तत्काल कार्रवाई करते हुए शीघ्रता से प्रकरणों का निराकरण करें।




उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए डिजिटल सिस्टम लागू करें, जिससे कि सभी कार्य शीघ्रता से किये जा सकें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में बार एवं बेंच का सामान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा न्यायालय के संसाधनों के लिए पर्याप्त बजट प्रदान किया गया है। इस बजट के माध्यम से न्यायालय में सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएंगी। उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं सागर जिले के पोर्टफोलियो जज संजय द्विवेदी ने कहा कि भवन निर्जीव होता है, जिसे सजीव बनाने के लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह भवन समय पर बना है, इसके लिए जिला प्रशासन के कार्य को धन्यवाद देता हूं। इसी प्रकार तुरंत न्याय करने के लिए न्यायाधीश एवं अधिवक्ता कार्य करें। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए सागर जिले एवं नवनिर्मित भवन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# सेन समाज के सामूहिक विवाह में वर्चुअल हुए शामिल सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले में आयोजित सेन समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 36 नवदम्पत्तियों को शुभकामनाएं दी और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को नर्मदापुरम से सेन समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए और आयोजको को सफल सम्मेलन की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने वर-वधु को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रेक्टर ने मारी बाइक में टक्कर, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत खातौली रोड पर एक टेऊक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से गाडी चलाते हुए एक मोटर साइकिल में शनिवार की दोपहर 2.30 बजे टक्कर मार दी जिसमें फरियादी और उसकी पत्नि व भाई की लडकी घायल हो गये। मामले में देहात थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी रामअवतार पुत्र सियाराम बैरवा उम्र 32 साल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि शनिवार की दोपहर वह अपनी मोटर साइकिल से बगवाडा के पास श्योपुर-खातौली रोड पर से जा रहा था कि तभी आरोपी नीले रंग के टेऊक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से टेऊक्टर चलाते हुए उसकी बाइक मे टक्कर मार दी, जिसमें फरियादी और उसकी पत्नि एवं भाई की लडकी घायल हो गये। पुलिस ने मामले में आरोपी टेऊक्टर चालक के खिलाफ धारा 281,125ए बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट बनाये जाने बडौदा में शिविर कल

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने हेतु बडौदा में 8 अप्रैल को शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर नगर परिषद कार्यालय भवन बडौदा में आयोजित होगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनपद नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिये है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र नही बने है, उन्हें शिविर स्थल पर पहुंचाना सुनिश्चित करे तथा वार्ड प्रभारियों को दायित्व प्रदान करें।

### चीता ज्वाला और उसके शावकों के वायरल वीडियों मामलें में कार्यवाही करेंगे

श्योपुर। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक सिंह परियोजना शिवपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि चीता ज्वाला और उसके 4 शावकों के पानी पिलाते वायरल हुए वीडियों मामले में संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया कि 04 अप्रैल की सुबह चीता ज्वाला और उसके 4 शावक अगरा रेंज में कूनो राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के पास मानव बस्ती के करीब कृषि क्षेत्रों में घूम रहे थे। सामान्य तौर पर निगरानी टीम को निर्देश दिया गया है कि जब भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो तो चीतों को जंगल की ओर वापस मोड़ने एवं लुभाने का प्रयास करें ताकि मानव-चीता संघर्ष की स्थिति न बने। साथ ही, जब भी चीता कृषि क्षेत्रों में या मानव बस्ती के करीब जाता है, तो सबंधित रेंज से अतिरिक्त स्टाफ बुलाया जाता है। इस मामले में भी रेंज अगरा से अतिरिक्त फील्ड स्टाफ बुलाया गया था। चीता ज्वाला और उसके 4 शावक लगातार धूप में खुले कृषि क्षेत्रों में घूम रहे थे और जंगल की सीमा से दूर बस्ती की ओर जा रहे थे। अतिरिक्त ड्यूटी के लिए मौजूद आगरा रेंज, कुनोवन्य जीव प्रभाग में किराये पर रखे गए वाहन के एक चालक ने ज्वाला और उसके 4 बच्चों को स्टील के कटोरे में पानी पिलाया। केवल अधिकृत व्यक्ति ही किसी विशेष कार्य के लिए चीते के नजदीक जा सकते हैं।







# भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर अयोध्यामय हुई शिव नगरी श्योपुर

## हर्षोल्लास पूर्वक निकला चल समारोह, मनमोहक झांकियां रही मुख्य आकर्षण का केन्द्र

### डीजे, ढोल की धुनो पर जमकर नाचे युवा, स्थान स्थान पर हुआ भव्य स्वागत

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

रघुवंश शिरोमणि, दशरथनंदन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव चैत्र शुक्ल नवमी रविवार को शिवनगरी श्योपुर सहित जिले भर में पारम्परिक हर्षोल्लास और श्रृद्धा-भाव के साथ मनाया गया। प्रभु श्रीराम के अवतरण के साथ ही शंख-ध्वनियों ने परिवेश को गुंजायमान कर दिया और सैलाब बनकर उमड़े भक्तजन भऐ प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी के सामूहिक गायन में मगन हो गए। किला सोनघटा स्थित श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में जैसे दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्म हो गया और पूरा वातावरण भगवान श्रीराम के जयघोषों से अनुगुंजित हो उठे और चारों तरफ आस्थामय उल्लास का वातावरण बनता दिखाई दिया। शिवनगरी श्योपुर में श्रीराम जन्म महोत्सव का प्रमुख केन्द्र बना ऐतिहासिक किले की तलहटी में सीप नदी के सुरम्य सोनघटा तट पर स्थित प्रसिद्ध व प्राचीन श्री रामजानकी मंदिर, जहां हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दिवस के मध्यकाल में श्री राम प्रभु का प्राकट्योत्सव मनाया गया। शाम 4 बजे किला सोनघटा स्थित श्रीराम जानकी



मंदिर से भव्य चल समारोह की शुरूआत हुई जिसमें हजारों की संख्या में मौजूद रामभक्तों ने पूरे शहर को अयोध्यामय बना दिया। स्थान-स्थान पर सामाजिक संगठनों, राजनैतिक एवं व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत भी किया गया।

### झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

किला सोनघटा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से विशाल चल समारोह में जहां स्थानीय कला मंडलियों ने भजनों के गायन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं झांकियों में अयोध्या के रामलला, श्रीराम दरबार और श्रीराम-केवट संवाद सहित अशोक वाटिका में माता सीता और हनुमान जी के संवाद की झांकियां प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। पीछे भगवान श्रीराम की प्रतिमा को रथ में सवार किया गया जहां अनेकों श्रृद्धालुओं ने आरती उतारकर महाराज श्रीश्री 1008श्री राजऋषि रामभरोसे महाराज का सम्मान किया।







### पुलिस-प्रशासन की व्यवस्थाऐं रही चाक-चौबंध, ड्रोन से की निगरानी

श्रीराम जन्म उत्सव को लेकर श्योपुर में पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाऐं सर्वश्रेष्ठ रही, कलेक्टर अर्पित वर्मा और पुलिस अधीक्षक अपिर्त वर्मा के निर्देशन में कार्यपालिक मजिस्टेऊट नियुक्त किये गये जिन्होंने विशेष स्थानों पर पुलिस जवानों की मुस्तैदी से चल समारोह को व्यवस्थित तरीके से संचालन किया गया। इसके अलावा कलेक्टर वर्मा और एसपी जैन सहित अपर कलेक्टर अतेन्द्र सिंह गूर्जर, एडी.एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम मनोज गढ़वाल द्वारा जुलूस मार्ग का अवलोकन किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार अर्जुन सिंह भदौरिया, रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा, एसडीओपी राजीव कुमार शर्मा, टीआई सतीश दुबे, राहुल रघुवंशी, प्रदीप शर्मा समेत विभिन्न थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था को सम्हाला, इसके अलावा पुलिस ने ड्रोन कैमरों से पूरे जुलूस की मॉनिटरिंग की।

### महिला-पुरूषों ने श्रीराम जन्म पर जमकर किया डांस

श्रीराम जन्म उत्सव को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा गया जिसमें किला सोनघटा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से शुरू हुए चल समारोह में हजारों की संख्या में युवक युवतियों ने भागीदारी की जिन्होंने डीजे की धुनों पर जमकर डांस किया वहीं किन्नर समाज ने भी जुलूस में भागीदारी करते हुए जमकर नृत्य किया और भगवान के जन्म की मंगल बधाईयां बांटी।

### राजनैतिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने किया स्वागत

श्रीराम जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में शहर में निकाला गया विशाल चल समारोह किला स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारम्भ हुआ जो विभिन्न मार्गो से होते हुए श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर पहुंचा। इस दौरान वाल्मिकी समाज, सर्व ब्राह्मण महासभा, गौतम समाज, क्षत्रिय महासभा, श्रीमति कलावति गौतम, कुंजबिहारी सर्राफ, सरजनवाल परिवार, श्रीनाथ ज्वैलर्स, दौलतराम गुप्ता, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, दुर्गालाल विजय, महाकाल सेवा समिति, कांग्रेस कमेटी, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, सत्यपाल सिंह सिकरवार उर्फ नीटू, राजू टेंट हाउस, सहित विभिन्न संस्थाओं ने स्वागत किया।

# कन्या-भोज के साथ चैत्र नवरात्रा पर्व सम्पन्न

## भक्ति के रंग में रंगे रहे शक्ति-उपासक



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

चैत्र शुक्ल नवमी को श्रीराम जन्मोत्सव के उल्लास के साथ-साथ चैत्र नवरात्रा महापर्व का समापन भी रविवार को सुबह 9 बजे हो गया। नवमी के कारण रविवार को जहां अनेक धर्मस्थलों व घर-परिवारों में हवन-पूर्णाहुति करते हुए नवरात्रा व्रत-पर्व का समापन किया गया, वहीं घरों सहित शक्ति-स्थलों पर कन्या लांगुरिया भोज के दृश्य भी यत्र-तत्र-सर्वत्र दिखाई दिए। छोटी-छोटी बालिकाएं आमंत्रण पाकर घर-घर पहुंचीं और भोजन ग्रहण कर दक्षिणा प्राप्त कर लौटीं। हवन-पूर्णाहुति तथा कन्याभोज कार्यक्रमों के साथ ही जिले भर में मनाए जा रहे नवरात्रा महापर्व का विधिवत समापन हो गया तथा उन सभी धार्मिक अनुष्ठानों व उपक्रमों पर विधि-विधान के साथ विराम लग गया, जो विगत आठ दिनों से चले आ रहे थे।

### आस्था-स्थलों पर उमड़ी भीड़

चैत्र नवरात्रा पर्व के समापन दिवस जिले भर के देवालय व शक्तिस्थल अपार जनसैलाब की उपस्थिति के केन्द्र बने दिखाई दिए, जहां भक्तों का सैलाब मनोकामनाओं के साथ उमड़ता दिखाई दिया। श्योपुर-ग्वालियर रेलखण्ड पर सघन वन क्षेत्र में स्थित दुर्गापुरी के भव्य भवन में विराजित श्रीकेला माता, कराहल वनांचल के ग्राम पनवाड़ा स्थित प्राचीन मंदिर में विराजित श्री अन्नपूर्णा माता, विजयपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ओछापुरा के घने जंगली इलाके में स्थित प्राचीन सिद्धिस्थल में विराजित श्री कंकाली माता, प्रेमसर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पानड़ी में विराजित माता जी, नौलखा रोड स्थित मंदिर में विराजित श्री काली माता सहित हजारेश्वर परिसर स्थित श्री केला माता, सूबात रोड स्थित श्री आनंदी माता, पाली रोड स्थित श्री खुलखुल माता, विद्युत मंडल परिसर स्थित श्री अन्नपूर्णा माता, पीली कोठी व मोती कुई स्थित श्री गायत्री माता के दर्शनों और पूजन के लिए भक्तों का तांता सा लगा देखा गया। श्री गुप्तेश्वर मार्ग स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ पर गायत्री परिवार द्वारा आयोजित मंत्रजाप, हवन तथा प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम भी व्यापक जन-उपस्थिति के केन्द्र बने दिखाई दिए।

### गायत्री शक्तिपीठ पर हुआ 9 कुंडीय यज्ञ

शहर के किला रोड स्थित गायत्री महायज्ञ 9 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, इसके साथ ही भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया गया। इस दौरान विविध संस्कार भी सम्पन्न कराये गये। इस दौरान व्यासपीठ से पं. चौथमल शर्मा ने यज्ञ संपन्न कराया तथा गिर्राज सोनी, महेश सोनी एवं बाबूलाल सेन ने सरस भजनों की प्रस्तुति दी।

### पत्रकार पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

**श्योपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबात कचहरी के सामने एक पत्रकार पर तीन आरोपियो ने शनिवार की रात्रि 8 बजे जानलेवा हमला कर दिया। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियो पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी पत्रकार कुलदीप शर्मा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि वे शनिवार की रात्रि 8 बजे सुबात कचहरी पर अपने दोस्तो के साथ बैठा था कि तभी पुरानी रंजिश को लेकर आरोपीगण मोनू शर्मा, ब्रजलता शर्मा और पूजा शर्मा ने जानलेवा हमला बोलते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें सिर में गम्भीर चोट आई है, इस दौरान आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। घटना के बाद घायल पत्रकार को दोस्तो ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार जारी है। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ धारा 115(2),296,351(2),3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# पार्वती मेले में बालीवॉल टूर्नामिंट का शुभारंभ



**श्योपुर।** राम नवमी के अवसर पर विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अगरा के पैरा पालपुर में आयोजित पार्वती माता के मेले में बालीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ अतिथि के रूप में उपस्थित सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा तुरसन पाल बरैया एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जयदीप सिंह तोमर, ग्राम पंचायत अगरा सरपंच मुकेश राठौर, उपसरपंच ब्रजेश जोली शर्मा, जनपद सदस्य बाइसराम आदिवासी, वरिष्ठ नेता डॉ हरिश्चंद्र गर्ग, अगरा मंडल से धर्मेंद्र शर्मा (धुर्वे) सहित पूर्व सरपंच सहित बडी संख्या में ग्रामीण तथा बॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने आई विभिन्न टीमों के खिलाडी मौजूद रहें। पैरा पालपुर में आयोजित पार्वती माता मेले में टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया ने कहा कि बॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रो में खेलो के प्रति रूचि बढेगी, उन्होने कहा कि मेलो के दौरान इस प्रकार के आयोजन खेलो के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, इस प्रकार के परम्परागत खेलो से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर उन्होने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को शुभकामनाएं दी।

# डॉक्टर विष्णु गर्ग की खडी गाडी में लगी आग

## चौकीदार पर लगाये आरोप



**श्योपुर।** शहर के बायपास रोड स्थित कंचन हॉस्पिटल के पास सरकारी चिकित्सक डॉक्टर विष्णु गर्ग की गाडी में रविवार को दोपहरर 12 बजे अचानक आग लग गई। जैसे ही आग सूचना मिली तो मौके पर फायर बिग्रेड पहुंच गई, जिसने आग को बुझा दिया, लेकिन तब तक गाडी पूरी तरह जल चुकी थी। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने संदिग्ध आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादी विष्णु गर्ग ने थाने में सूचना दी कि रविवार को सुबह हॉस्पिटल का राउंड लगाने के बाद उन्होंने अपनी बायपास रोड पर घरर के बाहर इको फोर्ड स्पोर्ट कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूबी 2175 को अपने प्लॉट के पास राधाबंसी कॉलोनी में खडा कर दिया था, जिसके बाद मैं अपने घर पर मरीज देख रहा था, दोपहर 12 बजे मुझे सूचना दी कि गाडी में आग लग गई है, जिसके बाद फायर बिग्रेड को बुलाया और आग बुझाई लेकिन मैरी गाडी पूरी तरह जल गई जिसमें करीब 10 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। कोतवाली थाने ने फरियादी की रिपोर्ट पर संदेही महिला चौकीदार पर गाडी में आग लगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जो सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रही है। पुलिस ने संदेही महिला चौकीदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# ग्राम गोपालपुर में हुआ स्वच्छता श्रमदान



**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन के नेतृत्व में श्योपुर जिले के विजयपुर विकासखंड में जारी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जन अभियान परिषद के तत्वाधान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था शिवांश युवक मंडल समिति विजयपुर द्वारा आज प्रस्फुटन समिति एवं मेंटर्स, ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गोपालपुर में सार्वजनिक हेडपंप के पास सोखते गड्ढे की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि जल का अपव्यय न करें तथा वर्षा जल को रोकने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर जल संरक्षण के क्षेत्र में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होने कहा कि हैंडपम्पो के आसपास सोखता गढ्ढे में अनावश्यक रूप से कचरा न डाले तथा गढ्ढे को साफ रखे, जिससे हैंडपम्प से पानी भरने के दौरान बहने वाला पानी जमीन के अंदर जा सकें। इसके साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के सचिव विकास शर्मा, मेंटर्स हेमंत शर्मा, रविंद्र कुमार भारद्वाज, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोपालपुर के सचिव जितेंद्र श्रीवास, एमसीएमसी डीपी के छात्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ आयोजन**

## जिला कार्यालय पर मना भाजपा का स्थापना दिवस, किया ध्वजारोहण

# राष्ट्रवादी विचारधारा से भाजपा का बढ़ा जनता में विश्वास : भूषण

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को दोपहर 12 बजे पार्टी का स्थापना दिवस बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने पार्टी के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया। इसके पश्चात पार्टी कार्यालय पर पार्टी के ध्वज का रोहण किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य महावीर सिंह



सिसोदिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट, रामलखन नापाखेड़ली, सत्यनारायण यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, दिनेशराज दुबौलिया, राघवेंद्र सिंह जाट, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सोनी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, मंडल अध्यक्ष संजय मंगल बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा हैं।

आज देश के अधिकतर राज्यो में भाजपा की सरकार हैं, जो दर्शाता है कि जनता राष्ट्रवादी और विकासवादी विचारधारा के समर्थक है और नकारात्मक राजनीति के खिलाफ हैं। हमें आगामी चुनावो को लेकर अभी से तैयारी करना है ताकि पार्टी बहुमत से अधिक विश्वास पैदा कर जनता के कल्याण के काम कर सके। स दौरान पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, बृजराज सिंह चौहान सहित कई नेताओं ने सम्बोधित किया।

### कराहल मंडल में मना स्थापना दिवस

जिले के आदिवासी विकासखंड कराहल में भी भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया एवं पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, जिला उपाध्यक्ष देवकीनंदन पालीवाल, प्रदेश मंत्री नंदकिशोर आदिवासी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज शर्मा, नरेंद्र सिंह कुशवाह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, विवेक त्रिपाठी, राघवेंद्र तोमर, दिनेश पंडित, मंगल गुर्जर, सुनील गोयल, सोनू यदुवंशी, संजय धाकड़, सोनू धाकड़ सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नारी उत्थान एवं जन कल्याण संगठन ने किया सम्मान

# हर क्षेत्र में पूज्यनीय हैं नारी: नम्रता सक्सैना





सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जहां एक और शहर भर में माता की पूजा चल रही है, वहीं कर्म को पूजा के बराबर स्थान देने वाली महिलाओं को नारी उत्थान एवं जन कल्याण संगठन ने उनके कार्य स्थल पर जाकर सम्मानित किया। नारी उत्थान एवं जन कल्याण संगठन की संस्थापक नम्रता सक्सैना ने बताया कि नारी हर क्षेत्र में पूज्यनीय हैं लेकिन एक विशेष तबका इससे अछूता रह जाता है। जो कि दिन भर अपनी अपनी दुकानों पर कार्य में लगा रहता है। हमें पूजा और अन्य दिनचर्या की चीज आसानी से उपलब्ध हो सके, इसके लिए हमारी यह बहने दिनभर अपनी दुकानों पर कार्यरत रहती है। इनकी इसी मेहनत को प्रणाम करते हुए नारी उत्थान एवं जन कल्याण संगठन के पदाधिकारियों ने अलग अलग कार्य स्थलों पर जाकर वहां पर कार्यरत आधा सैकड़ा महिलाओं को साड़ियां एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थापक नम्रता सक्सैना, राहुल, श्वेता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन ने किया सेल्स और नेगोशिएशन वर्कशॉप का आयोजन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



युवाओं के करियर एवं मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन द्वारा ग्रैब स्पेस को-वर्किंग में एक दिवसीय सेल्स और नेगोशिएशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जेसी संजीव निगोतिया मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित रहे। इस वर्कशॉप का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स और प्रोफेशनल्स को सेल्स एवं नेगोशिएशन स्किल्स में दक्ष बनाना था। जेसी संजीव निगोतिया ने अपने व्यवहारिक अनुभवों और इंटरएक्टिव गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को बिक्री की रणनीतियाँ, ग्राहक के साथ प्रभावी कम्युनिकेशन और सौदे को सफल बनाने की तकनीकें सिखाई। गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन के संस्थापक आकाश बरूआ ने कहा कि आज के समय में सेल्स और नेगोशिएशन जैसी स्किल्स का ज्ञान हर प्रोफेशनल के लिए आवश्यक है। फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम संचालन अंशिका शर्मा ने एवं आभार विश्वास मांझी ने किया। इस अवसर पर भूपेंद्र बालौठिया, कृष्णा राठौड़, हरिओम शर्मा, चेतन राठौड़ , मुस्कान शिवहरे, स्नेहा सोनी, रोशनी विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।







# कलेक्टर ने किया गालव डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन की प्याऊ का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जल ही जीवन है के उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए गालव डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा ग्वालियर की भीषण गर्मी और दिन के असामान्य तापमान को मद्देनजर रखते हुए इंदरगंज चौराहा पर आम जनमानस के लिए शीतल जल प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस शीतल जल प्याऊ का उदघाटन रविवार को ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सचिव मनोज अग्रवाल, स. अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, भूपेंद्र श्रीवास्तव, राजेश हवलानी, संजय सप्रा, पंकज अग्रवाल, संजीव अग्रवाल सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे। इस मोके पर गालव डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा शहर वासियों से अपील की गई है कि आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए मूक पशु- पक्षियों एवं जन मानस के लिए प्याऊ एवं पानी की व्यवस्था सु-नियोजित करने का प्रयास अवश्य करें।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव कल जनता को समर्पित करेंगे विवेकानंद नीडम आरओबी

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विवेकानंद नीडम के समीप नव निर्मित आरओबी ( रेलवे ओवर ब्रिज) 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही इस आरओबी से विधिवत आवागमन शुरू हो जाएगा। इस आरओबी की सुविधा जल्द से जल्द शहरवासियों सहित जिले की जनता को मिल सके इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ यादव के निर्देश पर आरओबी पर विद्युतीकरण सहित रोशनी के लिए पोल व रेडियम लगाना, रोड फर्शनिंग एवं मानकों के अनुरूप सुगम यातायात के लिए शेष काम युद्ध स्तर पर पूरे किए जा रहे हैं। यह आरओबी शुरू होने पर लश्कर, कम्पू, आमखो इत्यादि क्षेत्र के निवासी नाका चंद्रबदनी से विवेकानंद नीडम होते हुए कलेक्ट्रेट पहुँच सकेंगे। साथ ही आगरा-झाँसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीधे जा सकेंगे। इससे समय की बचत के साथ दूरी भी कम तय करनी पड़ेगी।

# दूसरे को आगे बढ़ाने का चिंतन रखें: प्रो.पांडे




### सेवार्थ जनकल्याण समिति ने किया संवाद कार्यक्रम

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सेवार्थ जनकल्याण समिति ने रविवार को प्रातः बेला में समिति ने बच्चों में अनुशासन और मर्यादा का ध्यान रखते हुए अपने आचरण को श्रेष्ठ कैसे बनाएं ?इस विषय पर आधारित एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। विवेकानंद नीडम में आयोजित भव्य और दिव्य कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात चिकित्सक एवं समाजसेवी शंकर स्वरूप श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विवेक पांडे थे। मुख्य वक्ता सेवार्थ जनकल्याण समिति के अध्यक्ष ओपी दीक्षित ने बच्चों को भगवान राम से, समता अनुशासन प्रियता, आचरण की श्रेष्ठता इत्यादि विभिन्न गुणों से शिक्षा लेने तथा अपने जीवन में आचरण में लाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. विवेक पांडे ने कहा कि भगवान अपने बाल सखाओं के साथ खेल खेलते थे, परंतु खेल में उनका आचरण अपने भाईयों और मित्रों को जीत का श्रेय देने का रहता था, अर्थात हम दूसरे का सम्मान करें दूसरे को आगे बढ़ाने का चिंतन रखें।

इससे समाज में भाईचारा तथा समरसता होगी। अध्यक्षीय भाषण में शंकर स्वरूप श्रीवास्तव ने कहा की भगवान राम केवल भारत देश की सीमाओं तक व्याप्त नहीं है। वे चराचर के स्वामी और नायक हैं। तुलसी द्वारा रचित कालजई ग्रंथ रामचरितमानस और विभिन्न कृतियां बच्चों को अवश्य पढ़नी चाहिए। इससे उनके जीवन में श्रेष्ठ आचरण की भावना उत्पन्न होगी और वह इस देश के श्रेष्ठ नागरिक बन सकेंगे। इससे राष्ट्र सशक्त होगा तथा समाज में सौहार्द स्थापित होगा। कार्यक्रम का संचालन पाठशाला समूह के सचिव मनोज पांडे ने किया। इस अवसर पर पाथ इंडिया के प्रतिनिधि विशाल राय ने सभी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित करवाई। इस मौके पर राकेश कुमार पांडे, राकेश श्रीवास्तव, उनकी धर्मपत्नी जेपी नामदेव , विजय सुगंधे तथा विभिन्न पाठशाला केंद्रों के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### जीवाजी क्लब में ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

## ऊर्जा मंत्री ने खिलाड़ियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जीवाजी क्लब के द्वारा स्व.विष्णु मंगल की स्मृति में ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर में स्व.विष्णु मंगल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सभी खिलाड़ियों को उनके अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही सभी खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों के साथ जीवाजी क्लब के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। क्लब के सचिव संजय वर्मा ने बताया कि पूरे अंचल से 300 से अधिक शटलर्स ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया है। चार दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गों के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने बताया कि स्वागत भाषण क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ने दिया। अतिथियों का स्वागत क्लब के उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, लक्ष्मीनारायण शिवहरे, कार्यकारिणी सदस्यगण लावण्या शर्मा, अमर राठौड़, मनीष सेठ, राजीव गुप्ता, अनुराग शिवहरे, राहुल जॉली गोयल, मधुर मित्तल, चेतन गुप्ता, गगन भल्ला, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी रमन झाम, चेतन पवैया, पवन मित्तल ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य दीपक पमनानी ने तथा आभार सचिव संजय वर्मा ने व्यक्त किया।

**यह रहा परिणाम**

शाम 8 बजे तक 9,11,13,15,17 आयु वर्ग के 60 मुकाबले हुए, जिसमें अंडर 13 में 7, अंडर 11 में 4 खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। अंडर 9 बालक वर्ग में अर्जुन तोमर और विद्युत श्रीवास्तव ने फाइनल में जगह बनाई। वहीं बालिका वर्ग में संस्कृति और श्रेया ने फाइनल के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

# भारत विकास परिषद ने 51 कन्याओं का किया पूजन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




भारत विकास परिषद शाखा समर्पण ने रामनवमी पर 51 कन्याओं का पूजन महाराज बाड़े पोस्ट ऑफिस प्रांगण में भारत विकास परिषद के रीजनल महासचिव सुधीर अग्रवाल के मुख्यातिथ्य के सम्पन्न हुआ। मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने सभी कन्याओं और लांगूर को रोली, तिलक पैर पूजकर खाद्यान्न सामग्री भेंट की। इसके बाद चेतकपुरी चौराहे पर बाहर से सामान बेचने आए परिवार की कन्याओं को भी रोली तिलक लगाकर पैर पूजकर खाद्यान्न सामग्री भेंट की। इस अवसर पर संस्थापक संजय धवन, अध्यक्ष विम्मी सचदेवा, सचिव लता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा श्रीवास्तव, मधु धवन, नेहा पमनानी, महेश धीमान, संजय श्रीवास्तव, लालाराम रजक, पन्नालाल निरंकारी, महेश जैसवाल, कमल रजक, प्रकाश राव मदान, सुरेश अरोरा, अशोक पमनानी, विजय शाक्य आदि उपस्थित थे। अंत में ग्वालियर को स्वच्छ, सुन्दर साफ रखने पॉलीथिन मुक्त कपड़े के थैले के उपयोग करने की शपथ दिलाई गई।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आज से काली पट्टी बांधकर करेंगे काम

**ग्वालियर।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ म.प्र. के आव्हान पर जिले के 800 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्य स्थल पर संविदा नीति 2025 का विरोध करेंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने बताया कि जुलाई 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा संविदा नीति बनायी गयी थी, जिसमें नियमित कर्मचारी के समान 100 प्रतिशत वेतन एनपीएस, ग्रेज्युटी, स्वास्थ्य बीमा, अनुकम्पा नियुक्ति, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश की घोषणा की गयी थी। लेकिन संविदा नीति 2023 का पूरी तरह पालन न करते हुये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन के द्वारा 1 अप्रैल में नया एचआर मैन्युअल संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियो पर लागू कर दिया गया है, जिसमें अर्जित अवकाश व मेडीकल लीव पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है एवं अप्रेजेल जैसी कुप्रथा जो 2018 से बंद थी उसको पुनः लागू कर दिया गया है।

# गौशाला में लगाया 24 क्विंटल हरे चारे का भोग

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



श्री रामभक्त मंडल ग्वालियर लगभग विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय से अपने गौ सेवकों के सहयोग द्वारा गौभोग (हरे चारे) की सेवा करता आ रहा है। मंडल के गौसेवी सदस्य अपने जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को गौमाता के आशीर्वाद के बिना सम्पूर्ण नहीं मानते। जन्मदिवस हो, कोई धार्मिक उत्सव हो अथवा अपने प्रिय जन की स्मृति, प्रत्येक अवसर पर गौमाता के आशीर्वाद के साथ ही मनाते हैं। इसी क्रम में रविवार को जहां सभी सनातन धर्मावलंबी प्रभु श्रीराम के प्राकट्य का उत्सव मना रहे हैं, वहीं श्री रामभक्त मंडल ग्वालियर ने इस अवसर पर गौमाता को मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी आदर्श गौशाला लाल टिपारा में 24 क्विंटल हरे चारे का भोग लगाकर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। उपरोक्त सूचना श्री रामभक्त मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष नंदकिशोर गोयल से चर्चा कर प्राप्त हुई। चर्चा के दौरान उन्होंने मंडल के उद्देश्य से अवगत कराया।

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग श्योपुर (म.प्र)
Web: - page: www.mppwd.nic.in E-mail:- eepwdsheopur@mp.nic.in

क्रमांक 781/टे.लि./2024-25 श्योपुर दिनांक 04.04.25

" निविदा आमंत्रण सूचना "

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु **भवन अनुसूची प्रभावशील दिनांक 01.01.2024** निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंडरिंग पद्धिति द्वारा ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। वेबसाईट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| स.क्र. | ई-टेण्डर क्र. | एन.आई.टी. क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि लाख में | ई.एम.डी की राशि रू. में | निविदा डॉक्यूमेंट की राशि रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_414587 | 01 | Sheopur | Maintenance And Repair Work Of District Court Sheopur Under P.W.D. Sub Division Sheopur | 19.90 | 39800.00 | 2000 | 08 Month |
| 2 | 2025_PWDRB_414588 | 02 | Sheopur | Maintenance And Repair Work Of R.B. at Block Colony Campus and Baroda Section Under P.W.D. Sub Division Sheopur | 15.00 | 30000.00 | 2000 | 08 Month |
| 3 | 2025_PWDRB_414589 | 03 | Sheopur | Maintenance And Repair Work Of R.B. Above F-Type Quarter Under P.W.D. Sub Division Sheopur | 19.90 | 39800.00 | 2000 | 08 Month |
| 4 | 2025_PWDRB_414590 | 04 | Sheopur | Maintenance And Repair Work Of Below F-Type Quarter Under P.W.D. Sub Division Sheopur | 15.00 | 30000.00 | 2000 | 08 Month |
| 5 | 2025_PWDRB_414591 | 05 | Sheopur | Maintenance And Repair Work Of Court Campus Under F.W.D. Sub Division Sheopur | 19.90 | 39800.00 | 2000 | 08 Month |
| | | | | | 89.70 | | | |

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक 07.04.2025 समय 10:30 बजे।
2. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारंभ दिनांक 07.04.2025 समय 11:00 बजे।
3. ऑनलाइन बिड सबमिशन प्रारंभ दिनांक 07.04.2025 समय 11:00 बजे।
4. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र विक्रय/डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 28.04.2025 समय 17:30 बजे।
5. ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक 28.04.2025 समय 17:30 बजे।
6. बिड ओपनिंग दिनांक 01.05.2025 समय 11:00 बजे।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

(इंजी.विष्णुभगवान अग्रवाल)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि संभाग श्योपुर (म.प्र.)
मो. 7417819890

G-11260/25

### हिन्दू महासभा ने निकाली श्रीराम रथयात्रा

# संत कृपाल सिंह ने शुभारंभ किया, महाआरती की

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता एवं अध्यात्म निकेतन के राष्ट्रीय संत कृपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली श्रीराम रथयात्रा तैयारी 251 कलशों का गंगाजल से पूजन कर रविवार को सायंकाल 4=30 बजे चामुंडा धाम कोटेश्वर से प्रारंभ की गई। इस अवसर पर हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू सेन, जिला उपाध्यक्ष रामकिशन राठौर, हेमराज जाटव, समाजसेवी रामनारायण मिश्रा, शैलेंद्र माहौर, स्वागताध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, कार्यक्रम संयोजक गिर्राज भगत राठौर, महिला संयोजिका श्रीमती राजाबेटी गोस्वामी, श्रीमती राम प्यारी राठौर ने मनोज दीक्षित के मुख्य आचार्यत्व में वैदिक मंत्र उच्चारण से का पूजन किया। वहीं चामुंडा धाम कोटेश्वर पर सुबह भगवान श्री राम दरबार का अभिषेक किया। श्रीराम रथयात्रा नगर भ्रमण कर वापस चामुण्डा धाम कोटेश्वर मंदिर श्रीराम दरबार में पहुंचकर महाआरती कर प्रसाद वितरित किया। संचालन सुरेंद्र राठौर ने किया। इस अवसर पर रामबाबू सेन, मुकेश राठौर, ललित कुमार गौड़, ज्ञान सिंह यादव, देवेंद्र राठौर, दीनानाथ कुशवाहा, अनूप अग्रवाल, कन्हैयालाल राठौर, जीतू राठौर, गिरजा राठौर, पार्वती गुप्ता, पूजा गुप्ता, सीमा गुप्ता, आशा गुप्ता, किरण रावत, रामकुमारी गुप्ता, भावना गुप्ता, रेखा गुप्ता, तनिष्का राठौर, राधा राठौर, त्रिवेदी राठौर, सोनम राठौर, रजनी राठौर, कुसुम श्रीवास्तव, माला गोस्वामी, मुन्नी शर्मा, मुन्नी राजावत, लक्ष्मी गोस्वामी, राधिका गोस्वामी, गीता सविता, भावना राठौर, रामवती राठौर, गीता राठौर, भारती राठौर, प्रीति राठौर, मधु राठौर सहित अनेक उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रंप ने यूक्रेनियों से कहा- एक हफ्ते में निकल जाओ

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में रह रहे यूक्रेनियों को तब झटका लगा, जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से उन्हें तत्काल प्रभाव में देश छोड़ देने का आदेश आया। अमेरिका में अस्थायी मानवीय वीज़ा के तहत रह रहे कई यूक्रेनी नागरिकों को इस सप्ताह एक ईमेल मिला, जिसमें उन्हें सात दिनों के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया था। ईमेल में चेतावनी दी गई कि यदि वे देश नहीं छोड़ते, तो संघीय सरकार आपको ढूंढ निकालेगी। इस सख्त भाषा वाले संदेश से यूक्रेनी समुदाय में दहशत फैल गई। इस संदेश से यूक्रेनी नागरिकों में खौफ फैल गया। एक महिला ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, मैं सांस नहीं ले पा रही थी और लगातार रो रही थी। मैं सोच रही थी कि मैंने क्या गलती की है, जबकि मेरा रिकॉर्ड साफ है - सोशल मीडिया पर भी कुछ नहीं पोस्ट करती। हालांकि अगले ही दिन अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने सफाई देते हुए कहा कि यह मेल गलती से भेजा गया था और यूक्रेनी पैरोल कार्यक्रम अभी भी जारी है।

### श्रीलंका 10 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद भेजेगा म्यांमार

**कोलंबो।** श्रीलंका भूकंप प्रभावित म्यांमार को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद देने के अलावा बचाव, राहत और चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के लिए वहां तीन सैन्य दल भेज रहा है। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए राहत सामग्री लेकर श्रीलंका का विशेष विमान शनिवार को रवाना होगा। श्रीलंका से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की मदद के अलावा बचाव, राहत और चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के लिए तीन सैन्य दल भेजे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बौद्ध संप्रदाय के तीन नेताओं ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ धार्मिक संबंधों को देखते हुए राहत सहायता का प्रबंध किया है। बौद्ध बहुसंख्यकों के प्रमुख तीर्थस्थल 'द टेंपल ऑफ द टूथ' ने कहा कि वह म्यांमार के लिए अलग से एक करोड़ 50 लाख रुपए एकत्र कर रहा है। थेरवाद बौद्ध धर्म से जुड़े होने के कारण म्यांमार और श्रीलंका के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं। थेरवाद बौद्ध धर्म की सबसे पुरानी शाखा है। बता दें म्यांमार में 28 मार्च को आए भूकंप में 3,100 से ज्यादा लोगों की जान चली गई, करीब 5,000 लोग घायल हुए और 370 से ज्यादा लोग अभी भी लापता बता जा रहे हैं।

### मेक्सिको में मासूम बच्ची में हुई बर्ड फ्लू की पुष्टी, अस्पताल में भर्ती

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको सिटी के पश्चिमी राज्य दूरांगो की 3 साल बच्ची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। यहां इस वायरस का यह पहला मानव मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि टाइप ए एच5एन1 इन्फ्लूएंजा अमेरिका में जानवरों और कुछ लोगों के जरिए से फैल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि बच्ची को आहुइला राज्य के पास स्थित टोरेऑन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे शुरुआत में फ्लू-रोधी दवा दी गई थी। बयान में कहा गया है कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि बच्ची वायरस की चपेट में कैसे आई।





# भारी बारिश और टॉर्नेडो के कहर से आई बाढ़ में अब तक 16 की मौत

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

अमेरिका के दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी राज्यों में भारी बारिश और टॉर्नेडो के साथ बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है। अब तक 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें से 10 मौतें टेनेसी में हुई हैं। टेनेसी, टेक्सास, मिसौरी, केंटकी, आर्कनसॉ और ओहायो जैसे राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं।

जानकारी अनुसार इस प्राकृतिक आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में टेनेसी, मिसोरी, केंटकी और आर्कनसॉ को बताया जा रहा है। तबाही के चलते टेनेसी में 10 मौतें हो गई हैं, जबकि बाढ़ के हालात में कई घर जलमग्न हो गए हैं। वहीं मिसौरी में एक व्यक्ति तेज बहाव में बह गया और अन्य खासा नुक्सान होने के समाचार हैं। केंटकी में 9 साल का बच्चा और 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत होने के समाचार हैं। आर्कनसॉ में भी 5 वर्षीय बच्चे की मौत हुई है।

**टॉर्नेडो से तबाही**

हफ्ते की शुरुआत में आए टॉर्नेडो ने कई रिहायशी इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया। इसमें कम से कम 7 लोगों की जान गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने लोगों को चेताया है कि कई क्षेत्रों में नदियों का जलस्तर और बढ़ सकता है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। स्थानीय प्रशासन ने कई स्थानों पर इवैक्युएशन का आदेश दिया है। प्रभावित इलाकों में नेशनल गार्ड, रेस्क्यू टीम, और स्थानीय स्वयंसेवक राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। कई जगहों पर स्कूल, सड़कें और बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

ट्रंप और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता

# अभी तो सिर्फ शुरुआत है..., न्यूयॉर्क वॉशिंगटन से लेकर लंदन-बर्लिन तक

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

अमेरिका की सड़कों पर शनिवार को एक बड़ा आंदोलन देखने को मिला. देशभर में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके करीबी अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया. ये विरोध प्रदर्शन सरकार में भारी कटौतियों, पब्लिक सर्विस में कमी और विवादास्पद सामाजिक नीतियों के खिलाफ हो रहा है. एजेंसी एपी के अनुसार, हैंड्स ऑफ! नामक इस प्रदर्शन के तहत अमेरिका के सभी 50 राज्यों में रैलियां निकाली गईं, जिनमें नागरिक अधिकार संगठनों, मजदूर यूनियनों, स्त्नक्क्षत्त+ समूहों, पूर्व सैनिकों और अन्य संगठनों ने भाग लिया. प्रमुख प्रदर्शन स्थलों में वॉशिंगटन डीसी का नेशनल मॉल, विभिन्न राज्यों की राजधानियां और न्यूयॉर्क से लॉस




एंजेलिस तक कई शहरों के केंद्र शामिल थे।

**मस्क पर सरकारी एजेंसियों में कटौती का आरोप:** प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप प्रशासन पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया. वॉशिंगटन में भीड़ को संबोधित करते हुए एक्टिविस्ट ग्रेलन हैग्लर ने कहा, इन्होंने सोते हुए दैत्य को जगा दिया है, और अभी तो शुरुआत है. टेस्ला, स्पेसएक्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के सीईओ एलन, जो हाल ही में बने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख और ट्रंप के बेहद करीबी हैं, उन पर सरकारी एजेंसियों में बड़े पैमाने पर कटौती को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं. हालांकि मस्क का दावा है कि इससे टैक्सपेयर्स के अरबों डॉलर बच रहे हैं, लेकिन कई अमेरिकी इसे जरूरी सेवाओं को खत्म करने के रूप में देख रहे हैं. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने सोशल सिक्योरिटी कार्यालयों को बंद करने, सरकारी कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी, और स्वास्थ्य सेवाओं व एचआईवी फंडिंग में कटौती के लिए ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा. ह्यूमन राइट्स कैंपेन की प्रमुख केली रॉबिन्सन ने स्त्नक्क्षत्त+ समुदाय के खिलाफ बनाई जा रही नीतियों पर चिंता जताई. उन्होंने कहा, %ये हमारी किताबें बैन कर रहे हैं, एचआईवी रोकथाम फंडिंग में कटौती कर रहे हैं, हमारे डॉक्टरों, शिक्षकों, परिवारों और जीवन को अपराधी बना रहे हैं।

# क्रीवी रीह पर रूसी मिसाइल हमले में 16 लोगों की मौत

**एजेंसी ■ कीव**



यूक्रेन के क्रीवी रीह पर रूसी मिसाइल हमले में छह बच्चों सहित करीब 16 लोगों की मौत हुई हैं, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं खार्किव में ड्रोन से भी हमले किए गए। ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने लिखा कि रूसी मिसाइल हमले के बाद क्रिवी रिह में बचाव अभियान जारी है। अब तक, छह बच्चों सहित 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। खार्किव में, लक्षित रूसी ड्रोन हमले के बाद पूरे दिन बचाव प्रयास जारी रहे। छह शाहेद ड्रोन द्वारा जानबूझकर किया गया हमला। दुख की बात है कि पाँच लोग मारे गए। चौंतीस घायल हो गए। सभी परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदनाएँ।

उन्होंने कहा, ये हमले आकस्मिक नहीं हो सकते, रूसियों को ठीक से पता है कि वे क्या कर रहे हैं। वे जानते हैं कि ये ऊर्जा सुविधाएँ हैं जिन्हें रूस द्वारा अमेरिकी पक्ष से किए गए वादे के तहत हमलों से बचाया जाना चाहिए। हर रूसी वादा मिसाइलों या ड्रोन, बम या तोपखाने के साथ टूट जाता है। कूटनीति का उनके लिए कोई मतलब नहीं है। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि युद्धविराम पहले ही हो सकता था, लेकिन रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अस्वीकार कर दिया है। इस बीच, 23 से 25 मार्च तक, अमेरिका ने सऊदी अरब के रियाद में रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों के साथ विशेषज्ञ-स्तरीय चर्चा की। ये द्विपक्षीय बैठकें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ उच्च स्तरीय चर्चा के बाद हुईं। वार्ता मुख्य रूप से काला सागर में सुरक्षा, वाणिज्यिक समुद्री गतिविधि की सुरक्षा, ऊर्जा अवसंरचना संरक्षण और स्थायी शांति को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कूटनीतिक प्रयासों पर केंद्रित थी।

# माइक्रोसॉफ्ट अपना 50वां जन्मदिन, लेकर आया एआई असिस्टेंट कोपायलट

**एजेंसी ■ लंदन**




माइक्रोसॉफ्ट अपना 50वां जन्मदिन मना रहा है। इस खास मौके पर कंपनी ने अपने एआई असिस्टेंट कोपायलट के लिए कई नए फीचर्स का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने बताया कि वह कोपायलट को यूजर्स के लिए एक बेहद पर्सनलाइज्ड साथी बनाना चाहती है। कोपायलट में आए नए फीचर्स में बेहतर मेमरी, डीप रिसर्च और जेनरेट पॉडकास्ट शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के एआई डिविजन के सीईओ मुस्तफा सुलेमान ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट चाहता है कि कोपायलट अलग-अलग यूजर्स के लिए यूनीक, जो उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं के अनुकूल हो। कोपायलट का नया फीचर डीप रिसर्च कठिन और मल्टी-स्टेप रिसर्च टास्क को अच्छे से पूरा करता है। यह फीचर एआई को अलग-अलग ऑनलाइन सोर्स और खूब सारे डॉक्यूमेंट्स से जानकारी को निकलने और ऐनालाइज करने में मदद करता है। इससे इन-डेप्थ रिसर्च में लगने वाले समय की काफी बचत होती है। इसके अलावा कोपायलट अब बेहतर मेमरी कैपेबिलिटीज से लैस हो गया है। यह यूजर्स के लिए जरूरी डीटेल्स और प्रेफरेंस को याद रखता है। इससे यूजर्स को एआई का ज्यादा पर्सनलाइज्ड अनुभव मिलता है। साथ ही यह प्रोऐक्टिव टास्क मैनेजमेंट भी ऑफर करता है। यूजर्स इस फीचर को अपने कंट्रोल में रखने के लिए स्टोर्ड इन्फर्मेशन को डिलीट भी कर सकते हैं। कोपायलट अब एआई पावर्ड पॉडकास्ट भी जेनरेट कर सकता है और आपकी पसंद के अनुसार आपको पर्सनलाइज्ड ऑडियो कॉन्टेंट डिलिवर करता है। कोपायलट छुट्टियों की प्लानिंग या घर खरीदने जैसे ऑप्शन्स को ऐनालाइज करके कंपेयर करने के लिए एक कस्टमाइज्ड पॉडकास्ट बना सकता है। इसके अलावा कोपायलट को अगर आप को रिसर्च या कोई वेबसाइट देते हैं, तब यह उसके कॉन्टेंट को ऐनालाइज करके आपके लिए एक पॉडकास्ट तैयार कर देगा ताकि आप उस टॉपिक को बेहतर ढंग से समझ सकें।

बिल गेट्स ने शेयर किए पुराने फोटो माइक्रोसॉफ्ट के 50 साल पूरे होने की खुशी में कंपनी के को-फाउंडर बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट के शुरुआती दिनों के कई फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

# शहबाज की सांसें अटकीं आर्मी की ब्रेन फैक्ट्री में दस्तक देंगे बलूच बिद्रोही

**एजेंसी ■ कराची**




क्वेटा में पाकिस्तानी सेना का प्रमुख कमांड सेंटर और मिलिट्री बेस है। यहीं पर क्वेटा स्टाफ कॉलेज भी है, जिसे पाकिस्तान आर्मी की 'ब्रेन फैक्ट्री' कहा जाता है। यहीं पर सेना बलूच विद्रोहियों पर हमले की रणनीति बनाती है। अगर यहां बलूच विद्रोही पहुंच गए तो तबाही के सिवा कुछ नहीं मिलेगा। बलूच विद्रोहियों की प्रमुख पार्टी बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल के अध्यक्ष सरदार अख्तर मेंगल ने 6 अप्रैल को क्वेटा की ओर कूच करने का ऐलान किया है। उनका मकसद महरंग बलोच समेत बंद कार्यकर्ताओं को छुड़ाना है। इस ऐलान ने शहबाज सरकार की मुसीबतें बढ़ा दी है।

बीएनपी-मेंगल के चीफ सरदार अख्तर मेंगल ने कहा, हम अब विद्रोहियों को और रौंदने नहीं देंगे। पाकिस्तानी सेना और सरकार हमारे नेताओं को निशाना बना रही है। हम ये बर्दाश्त नहीं कर सकते और अब आरपार की जंग होगी। हाल ही में महरंग बलूच समेत कई बड़े नेताओं की गिरफ्तारी और जबरन गायब करने की घटनाओं ने बलूच समुदाय में आक्रोश पैदा कर दिया है। मेंगल ने कहा, क्वेटा तक मार्च हमारा हक है। अब हमारी आवाज सेना के गढ़ में गूंजेगी। अगर वे हमें रोकेंगे, तो यह उनकी क्रूरता का सबूत होगा। यह कूच वाध से शुरू होकर क्वेटा तक जाएगा, जिसमें हजारों बलूच प्रदर्शनकारी शामिल हो सकते हैं। क्वेटा न केवल बलूचिस्तान की राजधानी है, बल्कि पाकिस्तानी सेना का रणनीतिक केंद्र भी है। यहां स्थित मिलिट्री बेस और कमांड सेंटर से बलूच विद्रोह को दबाने की योजनाएं बनती हैं। अगर बीएनपी-मेंगल और बलूच विद्रोही क्वेटा तक पहुंचते हैं, तो यह सेना की साख और कंट्रोल पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा। जाफर एक्सप्रेस हाईजैकिंग के बाद सेना पहले ही दबाव में है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्वेटा में प्रदर्शन सेना के लिए 'घर में घुसकर चुनौती' जैसा होगा। एक सैन्य विश्लेषक ने कहा, अगर बलूच विद्रोही क्वेटा में भीड़ जुटाने में कामयाब रहे, तो यह सेना की विफलता का प्रतीक बनेगा। अगर 6 अप्रैल को क्वेटा कूच होता है, तो इसके दो नतीजे हो सकते हैं। पहला, सेना बल प्रयोग करके प्रदर्शन को कुचलने की कोशिश करेगी, जिससे हिंसा भड़क सकती है और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे सशस्त्र समूह सक्रिय हो सकते हैं। दूसरा, अगर प्रदर्शनकारी क्वेटा पहुंच गए, तो यह बलूच आंदोलन की बड़ी जीत होगी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस ओर आकर्षित होगा।

**खुलासा** डॉक्टरों ने सिटी स्कैन किया तो रह गए हैरान, अब वीडियो हो रहा वायरल

# 5 माह से था सिर में दर्द फिर दिखना हो गया बंद, घबराकर पहुंचा अस्पताल

**एजेंसी ■ वियतनाम**



सोशल मीडिया पर एक अजीब खबर सुनकर लोग हैरान है। मामला कुछ ऐसा है कि वियतनाम में एक 35 साल के व्यक्ति को 5 महीने से सिर में तेज दर्द था। इससे बचने के लिए वह दर्द की दवाई खाता रहा, लेकिन धीरे-धीरे उसके आंखों की रौशनी कम होने लगी और उसे दिखना बंद हो गया। इस दौरान उसकी नाक से पानी जैसा पदार्थ बहने लगा। उसे समझ नहीं आ रहा था कि ये सब क्यों हो रहा है। वह डर गया और अस्पताल पहुंचा, लेकिन जब वह अस्पताल पहुंचा तो जो सच सामने आया, उसे सुनकर सब हैरान रह गए। सिटी स्कैन रिपोर्ट देखकर उसे पांच महीने पुरानी वह घटना याद आ गई, जिसकी वजह से ये सबकुछ हो रहा था। दरअसल, सिटी स्कैन में दिखा कि उसके दिमाग में एक जोड़ी चॉपस्टिक्स फंसी हुई थी, जो उसकी नाक से होते हुए दिमाग तक चली गई थी। अस्पताल ने व्यक्ति के नाम का खुलासा नहीं किया है, डॉक्टरों को बताया कि उसे 5 महीने से सिर में दर्द हो रहा था। आंखों से दिखना बंद हो गया था और नाक से कुछ तरल पदार्थ बह रहा था। डॉक्टरों को सीटी स्कैन से पता चला कि उसके दिमाग में हवा भर रही थी, जिसे टेंशन न्यूमोसेफालस कहते हैं। ये एक खतरनाक बीमारी है। साथ ही, स्कैन में दो अजीब चीजें दिखीं, जो उसकी नाक से दिमाग तक जा रही थी। डॉक्टरों ने गौर से देखा तो पता चला कि ये टूटी हुई चॉपस्टिक्स थी। सोशल मीडिया पर व्यक्ति के साथ घटित इस विचित्र घटना तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि, जब इस मामले की जांच हुई तो पाया कि ये घटना साल 2023 की है। उस दौरान अस्पताल में डॉक्टरों ने उससे पूछा कि ये चॉपस्टिक्स उसके दिमाग में कैसे पहुंची? उसे 5 महीने पहले की घटना याद आ गई। उसने बताया कि एक बार जब वह शराब पी रहा था, तभी उसकी किसी से लड़ाई हो गई थी। उस लड़ाई में उसे चोट लगी थी और अस्पताल गया था, लेकिन उस वक्त डॉक्टरों ने उसकी नाक में कोई चॉपस्टिक्स नहीं देखीं और उसे इलाज के बाद घर भेज दिया। अब उसे लगता है कि शायद उस लड़ाई में किसी ने उसकी नाक में चॉपस्टिक्स डाल दी थीं और वह उसे याद नहीं रहा। अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के हेड डॉक्टर ने बताया कि ये बहुत ही रेयर केस में होता है। डॉक्टरों ने सोच-समझकर फैसला लिया कि सर्जरी करनी होगी, ताकि उसे कोई नुकसान न हो।

डॉक्टरों ने नाक के रास्ते से उसकी एंडोस्कोपिक सर्जरी की और साथ में माइक्रोसर्जरी करके उसके दिमाग में बने एक छेद को बंद कर दिया। इस सर्जरी से चॉपस्टिक्स को निकाल लिया। सर्जरी के बाद उस व्यक्ति की हालत ठीक है। हैरानी की बात ये है कि दिमाग में चॉपस्टिक्स फंसने का ये पहला मामला नहीं है।

# भारतीय मूल के जज जॉर्ज गिरफ्तार मनी लॉन्ड्रिंग का लगा आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के फोर्ट बेंड काउंटी में भारतीय मूल के काउंटी जज केपी जॉर्ज को मनी लॉन्ड्रिंग, वायर फ्रॉड और चुनावी फंडिंग में गड़बड़ी के आरोपों में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वह 2018 से इस पद पर कार्यरत हैं और स्थानीय स्तर पर एक प्रभावशाली व्यक्ति की हैसीयत रखते हैं। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, केपी जॉर्ज पर 30 हजार से 1.5 लाख डॉलर तक की अवैध वित्तीय लेन-देन का आरोप है। अगर कोर्ट में दोषी साबित होते हैं, तो उन्हें अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। यहां बताते चलें कि जॉर्ज को गिरफ्तारी के बाद 20,000 डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख अभी घोषित नहीं की है।

यहां दूसरी तरफ भारतीय मूल के जज केपी जॉर्ज ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। उन्होंने कहा, कि मेरे खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। मैंने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी है और सत्य सामने आएगा। गौरतलब है कि उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के साथ ही वायर फ्रॉड और चुनावी फंडिंग में गड़बड़ी व गलत रिपोर्टिंग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# जीवन की मर्यादा है श्रीराम का जीवन



श्रीराम जीवन की मर्यादा हैं। सांस्कृतिक प्रेरणा है। समरसता का पर्याय हैं। भारतीय सांस्कृतिक दर्शन की धारा को प्रवाहित करने वाले भारतीय साहित्य में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव सदैव समाहित रहा है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण और संत तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस ने सामाजिक समरसता के भाव का प्रवाहन बहुत ही गहनता से किया है। उदारता के भाव से अनुप्राणित भारतीय साहित्य निश्चित ही विश्व समुदाय को अहिंसा और सामाजिक समरसता का धरातलीय संदेश देता है। जिसकी वर्तमान में पूरे विश्व को अत्यंत आवश्यकता है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है।

वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मर्यादाओं को तार-तार कर रहा है।

भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया।

# भाजपा का समर्थ भारत निर्माण में अतुलनीय योगदान



▪ सत्येंद्र जैन

विश्व राजनीतिक परिदृश्य में समस्त राजनीतिक दलों में भारतीय जनता पार्टी सर्वोच्च,शीर्ष स्थान पर विराजित है। भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कुशा भाऊ ठाकरे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, सुन्दरलाल पटवा, प्यारेलाल खण्डेलवाल आदि नेताओं ने 1980 में पार्टी स्थापना के समय यह कल्पना भी नहीं की होगी कि अल्प समय में ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का गौरव अर्जित कर लेगी।

वर्ष 1984 में भाजपा की यात्रा मात्र 2 लोकसभा सीट से प्रारम्भ होकर वर्ष 2019 में 303 सीट तक पहुँची है।वर्तमान में भाजपा के 240 सांसद हैं।

भाजपा साढ़े चार दशकों की यात्रा में ही भारतीय राजनीति में शून्य से चलकर शिखर पर आरोहित हो गई है।वर्तमान में भाजपा के लगभग 13 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। भाजपा का शिखर पर आरोहण सामान्य बात नहीं है ।यह अतुलनीय विलक्षण उपलब्धि है। यह उपलब्धि भाजपा की भारतीय मूल्यों ,पंच निष्ठाओं एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांत को आत्मरूप आधार मानकर ही हुई है।भाजपा के संविधान में भी एकात्म मानववाद और पंच निष्ठाओं को आधारभूत तत्व माना गया है ।यह सभी भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रीय मूल्यों को संवर्धित करते हैं।विचार परिवार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से राष्ट्र निर्माण के मंत्र,दिशा निर्देश सतत प्राप्त होने से उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर है।भाजपा ने अनेक संकल्प भारतीय जनसंघ की स्थापना के समय से ही अपने संकल्प पत्र, घोषणापत्र में सम्मिलित किए हैं।जम्मू कश्मीर में धारा 370 को निष्प्रभावी करना,अयोध्या में दिव्य,भव्य,नव्य राम मंदिर का निर्माण करना,समान नागरिक संहिता को लागू करना जैसे संकल्पों को सदैव घोषणापत्र में सम्मिलित किया है।उत्तराखंड में यूनीफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया गया है।अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,पिछड़े वर्ग के साथ सामान्य निर्धन वर्ग को भी अब आरक्षण मिल रहा है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम से राजनैतिक क्षेत्र लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कार्य भाजपा ने किया है।भाजपा ने गौरवशाली,वैभवशाली,समृद्धशाली, शक्तिशाली,समर्थ भारत निर्माण के रोड मेप को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है।शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, रक्षा,विनिर्माण आदि क्षेत्रों में स्व तत्व की प्रधानता को महत्व दिया है।

मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि आगामी शताब्दी में भी भाजपा का भविष्य उज्जवल रहेगा। भाजपा की सतत उन्नति की यह यात्रा महा विजय की यात्रा सिद्ध होगी।

वर्तमान भाजपा की सफलता चार पीढ़ियों के सतत,अथक परिश्रम से ही संभव हुई है।भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने का कीर्तिमान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को जाता है ।अमित शाह ने राष्ट्र व्यापी सदस्यता अभियान चला कर,चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को सदस्य संख्या में पराजित कर दिया। 11 करोड़ सदस्य बनाकर संसार की



सर्वोच्च पार्टी बनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को गति दी गई है।आज विश्व के 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार की सफलता का अध्ययन करने के लिए भारत आ चुके हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भेंट कर चुके हैं।मध्य प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा से एवं अन्य राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष से भेंट कर चुके हैं।भाजपा की अप्रतिम सफलता से कार्यकर्ताओं, प्रतिनिधियों को गौरव बोध होता है।उनके दल की संरचना को समझने के लिए विश्व के देशों से प्रतिनिधि आ रहे हैं हैं ।दूसरे शब्दों में कहें कि भाजपा की संगठन रचना,भागीरथी परिश्रम की विपुल सफ़लता से हमारे राष्ट्र भारतवर्ष का विश्व में सम्मान बढ़ रहा है।यह हम सभी 140 करोड़ भारतीयों के लिए स्वाभिमान का विषय है। वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व के 20 से अधिक देश जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों के राजनीतिक दलों को भारतीय लोकतंत्र के उत्सव लोकसभा चुनाव 2024 को निकटता से देखने के लिए निमंत्रित भी किया था।यह अनूठी एवं सराहनीय पहल है।

स्वतंत्रता के चौसठ वर्षों के बाद भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार लगातार तीन बार से केंद्र में बनी है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुयोग्य नेतृत्व में भारत का,भारत के लोगों का सर्वांगीण उत्थान हो रहा है।देश के 21 राज्यों - केंद्र शासित प्रदेशों में भाजपा एवं सहयोगी दलों की सरकारें हैं।देश भर में एक हजार तीन सौ से अधिक कार्यालयों का निर्माण हो रहा है।पाँच सौ से अधिक कार्यालय निर्मित होकर सुचारु रूप में प्रारंभ हो चुके हैं।

मध्यप्रदेश में भाजपा की संरचना पर प्रकाश डालेंगे तो पाते हैं कि वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की त्रिदेव रूपी त्रिवेणी, ट्रिनिटी के चमत्कारी नेतृत्व में प्रदेश भाजपा इकाई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीट जीत कर कांग्रेस को शून्य पर ला दिया है।वोट शेयर भी लगभग 59 प्रतिशत अर्जित कर कीर्तिमान रचा है।वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में पाँचवीं बार भाजपा की सरकार बनी है।163 विधायक विजयी हुए हैं। वोट शेयर भी बढ़कर लगभग 49 प्रतिशत हुआ है। 64000 से अधिक बूथ्स का डिजिटलाइजेशन एवं 42 लाख कार्यकर्ताओं का कैलाश पर्वत,बूथ स्तर पर भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों का सुनियोजित क्रियान्वयन कर रहा है।बूथ विजय संकल्प को सार्थक कर रहा है।अनेक अवसर पर भाजपा संगठन और प्रदेश विष्णु दत्त शर्मा के भागीरथी परिश्रम, बूथ डिजिटलाइजेशन के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मुक्त कंठ से की है।देश के समस्त राज्य की इकाइयों को मध्यप्रदेश के संगठन से सीखने का आह्वान किया गया है। सदस्यता अभियान के संगठन महापर्व में मध्य प्रदेश का भाजपा संगठन अग्रणी है। विगत चुनाव में अभूतपूर्व सफलता भाजपा के संगठन कौशल,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव की सरकार के द्वारा चलाई जा रही सैकड़ों योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन के परिणाम स्वरुप ही संभव हो पायी है।भविष्य के गौरवशाली,वैभवशाली,समृद्धशाली, शक्तिशाली,समर्थ भारत निर्माण में भाजपा का अतुलनीय योगदान है।

# स्वस्थ समाज की ओर पहला कदम है जागरूकता

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य-हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है।



योगेश कुमार गोयल

भारतीय समाज में तो सदियों से धारणा रही है 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया' लेकिन चिंता का विषय यही है कि हमारे यहां भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत खराब है। बहरहाल, विश्व स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से जहां समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, वहीं इसका सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यही होता है कि लोगों को स्वस्थ वातावरण बनाकर स्वस्थ रहना सिखाया जा सके। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है। यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं, जो सबसे वंचित परिस्थितियों में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य का अधिकार एक ऐसा मौलिक मानवाधिकार है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को बगैर किसी वित्तीय बोझ के, जब भी जरूरत हो, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मिलनी चाहिए।

## गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक



प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं।

फीचर



## खेलों से जुड़ा एक अनोखा कॅरियर एथलेटिक थेरेपिस्ट

एथलेटिक थेरेपिस्ट का मुख्य काम मेडिकल साइंस की मदद से किसी भी खिलाड़ी को उसकी चोटों से तुरंत उबारना होता है। इतना ही नहीं, वह खिलाड़ी की परफार्मेंस सुधारने में भी काफी मदद करते हैं।

वह खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक तरीकों के बारे में बताते हैं, जिसके कारण वह चोटिल होने पर जल्द से जल्द वापसी कर पाते हैं। आज के समय में लोगों के मन में सिर्फ क्रिकेट के प्रति ही प्रेम नहीं है, बल्कि वह अन्य भी कई तरह के खेलों की तरफ अपना रूझान दिखा रहे हैं। भारत में अब जिस तरह खेलों को बढ़ावा मिल रहा है, उसने इसमें कॅरियर की नई संभावनाओं को जन्म दिया है। वैसे यह जरूरी नहीं है कि आप केवल खिलाड़ी बनकर ही स्पोर्ट फील्ड में खुद को स्थापित करें। अगर आप खेलों में विशेष दिलचस्पी रखते हैं तो बतौर एथलेटिक थेरेपिस्ट बनकर भी एक उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इस फील्ड के बारे में-


एक एथलेटिक थेरेपिस्ट का मुख्य काम मेडिकल साइंस की मदद से किसी भी खिलाड़ी को उसकी चोटों से तुरंत उबारना होता है। इतना ही नहीं, वह खिलाड़ी की परफार्मेंस सुधारने में भी काफी मदद करते हैं। वह खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक तरीकों के बारे में बताते हैं, जिसके कारण वह चोटिल होने पर जल्द से जल्द वापसी कर पाते हैं। साथ ही खेल के दौरान वह खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसे तुरंत राहत पहुंचाते हैं।

अगर आप एथलेटिक थेरेपिस्ट बनना चाहते हैं तो आपके भीतर कुछ स्किल्स होना बेहद जरूरी है। सबसे पहले तो आपके भीतर खेलों के प्रति लगाव होना चाहिए। साथ ही आपके भीतर दृढ़ निश्चय होना चाहिए और खिलाड़ी को मोटिवेट भी करने का स्किल्स हो। चूंकि आपका काम चोट व हेल्थ से जुड़ा है, इसलिए आपको क्लीनिकल एक्सपीरियंस भी होना चाहिए।

# प्रेरणा

## विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राज! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं। सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।



## अपनी बात



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा में कहा कि अगले चैत्र नवरात्रि तक लाल आतंक खत्म हो जाएगा। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर है। नक्सलियों से अपील है कि वो सरेंडर करें। बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। शाह ने ये बातें दंतेवाड़ा के हाई स्कूल मैदान में बस्तर पंडुम कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही है। अमित शाह ने कहा कि मैं अभी-अभी मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करके आया हूं।



जेपी नड्डा ने कहा, कि आज हम भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। मेरी ओर से और पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से आप सभी को स्थापना दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज रामनवमी भी है, आप सभी को रामनवमी की भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जय श्रीराम! नड्डा का यह संदेश पार्टी के उस संगठनात्मक मूलमंत्र को दर्शाता है, जिसमें राष्ट्रवाद, संस्कृति और सेवा भाव का अद्भुत समन्वय है।

## ब्रीफ न्यूज

### सोमवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** सोमवार को मेंटीनेंस के चलते विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 11 केव्ही गोपालपुरा फीडर पर मेंटनेंस कार्य होने से 7 अप्रैल को सुबह 09-30 बजे से दोपहर 02-30 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे ऊमरी हाऊस, पुलिस कन्ट्रोल रूम, वृद्धाश्रम, भगतसिंह कॉलोनी, सामरसिंगा होटल एवं गोपालपुरा आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटोती के समय को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता है।

### सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक 8 अप्रैल को

**गुना।** भगवान परशुराम के प्रकटयोत्सव को भव्य स्तर पर मनाने के उद्देश्य से सनातन सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 8 अप्रैल को शाम 5 बजे बजरंगगढ़ बायपास स्थित त्रिमूर्ति मांगलिक भवन में आयोजित होगी। समाज के जिलाध्यक्ष पं. रजनीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम का प्रकटयोत्सव जिले भर में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसी आयोजन की तैयारी को लेकर 8 अप्रैल को यह बैठक बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिले के सभी तहसील-मंडल के पदाधिकारीगण एवं स्थानीय ब्राह्मण बंधुओं की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में आगामी आयोजन को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित बनाने हेतु सभी से सुझाव लिए जाएंगे। जिला मीडिया प्रभारी पं. आनंद व्यास ने भी समस्त विप्र बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**गुना।** जिले के चाचौड़ा थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 50 वर्षीय लोकल वाहन चालक किशन अहिरवार की मौत हो गई, जब उनकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी। जिले के चाचौड़ा इलाके में बीती रात एक दुखद सड़क दुर्घटना में 50 वर्षीय किशन अहिरवार की जान चली गई। स्थानीय जानकारी के अनुसार, किशन अहिरवार पेशे से एक लोकल वाहन चालक थे और पिछले 15 साल से ट्रक तथा अन्य वाहनों को चला रहे थे। बीती रात लगभग 8.00 बजे उन्होंने अपनी गाडी बीनागंज में खड़ी की और बाइक से रानी खजरा स्थित अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी रानी खजरा तिराहे के पास उनकी बाइक को एक शिफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में किशन गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत बीनागंज अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुना के लिए रेफर किया गया। लेकिन, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिवार को सौंप दिया गया।

# रघुवंशी समाज ने भव्यता से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

## प्रताप छात्रावास प्रांगण हुआ राममय



सत्ता सुधार ■ गुना

अखिल भारतीय रघुवंशी महासभा के नेतृत्व में भव्यता और गरिमामय रुप में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। रघुवंशी समाज द्वारा रामनवमी के एक दिन पहले ही अखंड रामायण पाठ से महोत्सव की शुरुआत की इस दौरान विशाल पंडाल प्रताप छात्रावास प्रांगण में लगाया गया था जिसकी व्यवस्थाओं में रघुवंशी महासभा के पदाधिकारी पिछले एक महीने से लगे हुए थे श्री राम धर्मार्थ रघुवंशी न्यास के अध्यक्ष बसंत सिंह रघुवंशी एवं महासभा के संरक्षक देवेन्द्र सिंह रघुवंशी , कृष्ण योगेन्द्र रघुवंशी द्वारा बताया गया कि इस दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक रुप से घर-घर प्रचार-प्रसार कर धर्मप्रेमी बंधुओं को आंमत्रित किया गया था। रामनवमी के दिन सुबह अखंड रामायण विश्राम के पश्चात हवन यज्ञ किया गया ठीक 12 बजे भरे प्रगट कृपाला महाआरती के पश्चात प्रताप छात्रावास प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गो जगदीश कालोनी , हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, जयस्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा से होकर वापिस प्रताप छात्रावास प्रांगण पहुंची जहां आरती के पश्चात भोजन प्रसादी की गई। शोभायात्रा निकालने के दौरान मर्यादा का ध्यान रघुवंशी समाज द्वारा विशेष रुप से रखा गया किसी राहगीर अथवा अधिक डीजे के साउंड से लोगों को परेशानी न हो एक सभ्य और अनुशासित रैली निकालने का प्रयास रघुवंशी समाज ने किया शोभायात्रा के दौरान हजारों की संख्या में समाज बंधुओं ने उत्साहित होकर भाग लिया इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाजों , विभिन्न संगठनों एवं धर्म प्रेमी बंधुओं के स्वागत कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की । इसके बाद समाज के युवा साथी हरेन्द्र रघुवंशी उकावद ने सभी का आभार व्यक्त किया

### भारत के प्राण हैं भगवान रामः कैलाश मंथन

भगवान राम का चरित्र भारतीय संस्कृति की आत्मा है, उनके बिना भारत की कल्पना अधूरी है। यह विचार अंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख एवं विराट हिन्दू उत्सव समिति के संस्थापक कैलाश मंथन ने राम जन्मोत्सव के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम नाम ही संसार सागर से पार उतरने का प्रमुख साधन है। राम नवमी के पावन अवसर पर गुना अंचल में पुष्टिमार्ग केंद्रों, प्रमुख राम मंदिरों एवं सत्संग मंडलों में भव्य आयोजन हुए। दोपहर 12 बजे महाआरती, संकीर्तन, धार्मिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के द्वारकाधीश मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर, सदर बाजार स्थित राम मंदिर एवं चिंतन हाउस में विशेष मनोरथ संपन्न हुए। बमोरी क्षेत्र के वने, लालोनी, परवाह आदि ग्रामों में सैकड़ों वैष्णवों ने गोस्वामी श्री गोवर्धनेश दर्शन बाबा अहमदाबाद के सानिध्य में भागीदारी की। चिंतन मंच के तत्वावधान में रामचरित मानस एवं श्रीमद्भगवद्गीता की निःशुल्क प्रतियां वितरित की गई। कैलाश मंथन ने कहा कि जिसने भी राम का स्मरण किया, उसे परम पद प्राप्त हुआ। महात्मा गांधी ने भी अंतिम समय में राम नाम का उच्चारण कर राष्ट्रपिता का दर्जा पाया। विराट हिउस के अंतर्गत गुना अंचल के 108 श्रीराम मंदिरों एवं 127 सत्संग मंडलों में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर अभिषेक, महाआरती एवं विशेष मनोरथ आयोजित किए गए। नवरात्रि पूर्णाहूति के अवसर पर देवी मंदिरों में कन्या भोज, भंडारे और पाठ संपन्न हुए। 12 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती शक्तिपर्व के रूप में मनाई जाएगी। कैलाश मंथन ने बताया कि यह पर्व पिछले एक दशक से सामाजिक और धार्मिक एकता के प्रतीक के रूप में मनाया जा रहा है।

### चैत्र नवरात्रि में संतोषी माता मंदिर पर भक्तों का उमड़ा सैलाब

**दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, चैत्र नवरात्रि के दौरान संतोषी माता मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बीती रात महा अष्टमी के मौके पर भक्तों ने मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और मत्था टेककर अपनी इच्छाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना की। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे भक्तों का मन मोह लिया है। नवमी के अवसर पर आज मंदिर में हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद शाम 7 बजे से कन्या भोज हुआ। इसके तुरंत बाद भंडारे का वितरण शुरू हुआ। संतोषी माता मंदिर केवल गुना जिले ही नहीं, बल्कि आसपास के अन्य क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की अपार आस्था का केंद्र है। नव रात्रि के दिनों में यहां आने वाले भक्तों की संख्या बढ़ जाती है, जो माता के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।**

### हनुमान टेकरी पर हुई आरती

वहीं राम नवमी के अवसर पर आज गुना के श्री हनुमान टेकरी मंदिर में भक्तों का मेला लगा रहा। इस दिन श्री बालाजी सरकार का मनमोहक श्रंगार किया गया और मंदिर की सजावट भी आकर्षित करने वाली थी। जहां श्री बालाजी सरकार की आकर्षक सजावट के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। भक्तों ने उत्साह के साथ श्री बालाजी सरकार की पूजा-अर्चना की और उन्हें भोग अर्पित किया। इसके बाद, दोपहर ठीक 12 बजे श्री बालाजी सरकार की महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, मत्था टेका और मंगल कामनाएं की। आरती में भी भक्तों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। श्रद्धालुओं का मंदिर में सुबह से आना जारी रहा, जो भगवान राम के जन्मोत्सव पर श्री बालाजी सरकार की पूजा-अर्चना कर रहे थे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक था, बल्कि भक्तों के बीच एकता और भक्ति का अनुभव भी प्रदान कर रहा था।

# विद्यालयों की मान्यता में गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ गुना

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुना के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा से उनके निवास पर भेंट कर स्कूलों की मान्यता में गड़बड़ियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक पियूष मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जिले में 70 से अधिक ऐसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जो शिक्षा विभाग के निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरते, फिर भी उन्हें मान्यता प्रदान की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन विद्यालयों को जिला परियोजना समन्वयक द्वारा बिना उचित जांच और प्रक्रिया के मान्यता दे दी गई, जिससे न केवल नियमों का उल्लंघन हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। परिषद ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी विद्यालयों की मान्यता तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए।

इस दौरान सारिका लुंबा ने परिषद के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को समझते हुए निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी नियम विरुद्ध विद्यालय पाए जाएंगे, उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्थिति में छात्रों के भविष्य से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। यह विषय वरिष्ठ नेतृत्व के समक्ष भी उठाया जाएगा ताकि समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी परिषद देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और छात्र हितों की रक्षा के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। गुना जिले में चल रहे संदिग्ध मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ परिषद की यह पहल शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# रामनवमी पर छैलाई में 107 युगलों का सामूहिक विवाह सम्मेलन

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के ग्राम छेलाई के गौड़ देव प्रांगण में परंपरा के अनुसार राम नवमी के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 107 नवयुगलों को मंत्र उच्चारण के बीच विवाह सूत्र में बंधा गया, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना रहा। इस अवसर पर रेडिंग विधायक जयवर्धन सिंह ने भी सम्मेलन में शामिल होकर नव युगलों को आशीर्वाद दिया। आयोजक परिवार के मुखिया प्रेमनारायण राठौर और अन्य गणमान्य नागरिकों ने सभी नवयुगलों को विवाह के इस विशेष मौके पर बधाई दी और सफल गृहस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान नवयुगलों को अलमारी, श्रृंगार दान, कूलर, 51 बर्तन सहित अन्य सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर विगत 29 मार्च से चल रही भागवत कथा का हवन आहुति के साथ समापन किया गया।

# अर्हम ध्यान योग शिविर में हजारों लोगों ने लिया भाग

**आर्यिका प्रशममति माताजी के सानिध्य में क्राइस्ट स्कूल में हुआ आयोजन**



सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के क्राइस्ट स्कूल प्रांगण में जैन समाज गुना द्वारा एक दिवसीय अर्हम ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया और ध्यान योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया। आयोजन आर्यिका प्रशममति माताजी, उपशममति माताजी के सानिध्य एवं निर्देशन में सम्पन्न हुआ। ध्यान शिविर में भाग लेने पहुंचे साधकों ने आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रभावशाली शिष्य मुनि प्रणम्य सागर महाराज द्वारा आरंभ किए गए अर्हम ध्यान योग के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी ध्यान विधियों का अभ्यास किया। सोशल ग्रुप वर्धमान के धर्मेंद्र बज ने बताया कि शिविर में पुरुषों और महिलाओं सहित हजार से अधिक साधकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन अंकित जैन और बहन दीक्षा ने किया, जबकि संयोजन सोशल ग्रुप वर्धमान द्वारा किया गया।

### विभिन्न समाज प्रतिनिधियों की उपस्थिति

शिविर में क्राइस्ट स्कूल के प्राचार्य फादर सेवी, समाजसेवी संदीप जैन लाल, मनोज भवानी जग्गू, राजीव जैन रस्सी, दीपेश जैन पत्नी, राजेश जैन रूप, सुरेश जैन जैन कटपीस, श्रेयांश जैन, अजय जैन प्रवाह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर गुंजन समाज के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी, महामंत्री अनिल जैन अंकल, बाजार मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष राजेंद्र जैन टोंग्या, मंत्री धर्मेंद्र बज, बजरंगगढ़ क्षेत्र कमेटी के मंत्री प्रदीप जैन भालू सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी निभाई।

### प्रशममति माताजी ने दिए मार्गदर्शन

शिविर में प्रशममति माताजी ने अर्हम ध्यान की बारीकियों से सभी को अवगत कराया और इसके लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आज की जीवनशैली की विडंबनाओं पर भी ध्यान दिलाते हुए कहा कि हम गाड़ियों से जिम में जाकर साइकिल चलाते हैं, जबकि सही यह होता कि हम सीधे साइकिल चलाते। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और साधकों का सम्मान किया गया। आभार वर्धमान सोशल ग्रुप के अध्यक्ष राहुल झंझरी ने व्यक्त किया।

### ग्राम धाननखेड़ी में खेत पर भैंसे चराने को लेकर हुआ विवाद, मामला दर्ज

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम धाननखेड़ी में खेत पर भैंसे चराने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना को लेकर पीड़ित जगदीश धाकड़ ने चौकी झागर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जगदीश धाकड़ ने बताया कि वह खेती-किसानी का काम करता है। गत सुबह 7 बजे उसके भाई अमर सिंह धाकड़ ने फोन कर बताया कि ग्राम बनेह का गणेशराम धाकड़ उनकी खेत की भूमि पर भैंसे चरा रहा है। जब जगदीश ने गणेशराम को मना किया तो उसने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

गाली देने से रोकने पर गणेशराम ने अपने बेटों नरोत्तम धाकड़ और विशाल धाकड़ को मौके पर बुला लिया। तीनों ने मिलकर जगदीश के साथ मारपीट की। रिपोर्ट के अनुसार, विशाल ने लाठी से सिर पर वार किया जिससे खून निकलने लगा, वहीं नरोत्तम ने पैर के टखने पर लाठी से मारा, जिससे उसे गंभीर चोट आई। इसके अलावा दाएं हाथ और पसली में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के समय मौके पर मौजूद चंद्रभान उर्फ चंदू धाकड़ और मुरारीलाल धाकड़ ने बीच-बचाव किया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डॉक्टर सोवरन राय ने दिए स्वस्थ जीवन के मंत्र



सत्ता सुधार ■ गुना

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय गुना में पदस्थ डॉक्टर सोवरन राय ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग करना है। इस वर्ष 2025 की थीम स्वस्थ शुरुआत, सुनहरा भविष्य रखी गई है, जो बताती है कि एक बेहतर भविष्य के लिए आज से ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाना जरूरी है। डॉक्टर राय ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए खानपान में विशेष ध्यान देना चाहिए। नमक और तेल की मात्रा कम हो, सलाद और पानी अधिक लें, तथा संतुलित भोजन करें। आवश्यकता से अधिक भोजन न करें। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट तेज चलने की आदत डालें और नियमित योग व व्यायाम करें। कार्यशैली को तनावमुक्त बनाए रखने और परिवार के साथ समय बिताने की सलाह दी गई।

नींद भी अच्छे स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद अवश्य लें। उन्होंने चेताया कि बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयों का सेवन न करें। वर्तमान समय में हर 10 में से 3 व्यक्ति मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। इन दोनों रोगों से ग्रसित लोगों में से हर 10 में से 2 से 3 लोग किसी न किसी किडनी रोग से भी पीड़ित पाए गए हैं। डॉक्टर राय ने कहा कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, किडनी, लीवर और दिमाग की बीमारियां आपस में जुड़ी होती हैं, इसलिए रक्तचाप और रक्त शर्करा का स्तर संतुलित रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली से उन्हें हराया जा सकता है। डॉक्टर सावरेन राय, एम.डी. मेडिसिन, जिला चिकित्सालय गुना, ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वस्थ रहने के लिए इन बातों का पालन करें और स्वयं को तथा अपने परिवार को एक बेहतर भविष्य प्रदान करें।

### मनोज शर्मा और शुभम गौड़ निभाएंगे निर्णायक की भूमिका

**गुना।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शहर में 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित होने जा रही ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में मनोज शर्मा नोडल केंद्र अधिकारी गुना और शुभम गौड़ का चयन रेफरी के रूप में किया गया है। यह जानकारी बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी श्री कुलविंदर सिंह गिल एवं मध्य प्रदेश संघ के सचिव अविनाश आनंद जी के द्वारा दी गई। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा के अनुसार मनोज शर्मा अंतरराष्ट्रीय रेफरी हैं। वह हाल ही में संपन्न हुए नेशनल गेम्स में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। साथ ही शुभम गौड़ फीफा रेफरी क्लिनिक में भागीदारी कर चुके हैं। यह पहला मौका है कि गुना जिले से ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता के लिए दो निर्णायकों का चयन किया गया है।

## भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष सिकरवार ने ध्वजारोहण कर किया शुभारंभ

# जिले के 1103 बूथों पर मनाया गया भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस

सत्ता सुधार ■ गुना

भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में जिले के सभी 1103 बूथों पर हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों एवं निवास स्थानों पर पार्टी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम गुना जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय, हाट रोड पर आयोजित किया गया। यहां जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र



सिंह सिकरवार ने जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पार्टी ध्वज फहराया और भारत माता एवं महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिलाध्यक्ष सिकरवार ने स्थापना दिवस को लेकर अपने उद्बोधन में कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। इस यात्रा में योगदान देने वाले सभी महापुरुषों का हम सभी कार्यकर्ता श्रद्धा से स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक मंडल में कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने निवासों पर पार्टी ध्वज फहराकर, मिठाई वितरण, रंगोली सजाकर और आतिशबाजी कर स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सेल्फी लेकर हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर भी साझा कीं। कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, प्रदेश सदस्य गोविंद राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिसिंह यादव, राधेश्याम पारीक, गोपीलाल जाटव, गजेंद्र सिंह सिकरवार, राजेंद्र सिंह सलूजा, अरुण चतुर्वेदी, नीरज निगम, सूर्यप्रकाश तिवारी और वरिष्ठ नेता निर्मल सोनी ने संबोधित कर भाजपा के इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ने किया और अंत में नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अटल बिहारी वाजपेयी पर आधारित प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी में अटल जी के जीवन से जुड़े पत्र, दुर्लभ चित्र और वीडियो सामग्री को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक पहुंचे।

# कलेक्टर ने किया मानस भवन में आयोजित पुस्तक मेले का निरीक्षण

### जून में भी पुस्तक मेला लगाने के दिये निर्देश

**गुना।** शहर के मानस भवन में आयोजित पुस्तक मेले का रविवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तक विक्रेताओं से संवाद किया और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुस्तक विक्रेताओं ने बताया कि मार्च और जून के समय किताबों की मांग अधिक होती है, विशेषकर अभिभावकों और विद्यार्थियों द्वारा। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने जून माह में पुनः पुस्तक मेला आयोजित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने विक्रेताओं से कहा कि वे पुस्तकों और स्टेशनरी पर दी जा रही छूट की जानकारी को बड़े और स्पष्ट शब्दों में दर्शाएं, ताकि उपभोक्ताओं को आसानी हो। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक मेले का उद्देश्य है कि अभिभावकों को एक ही मंच पर उचित दरों पर स्कूल से संबंधित समस्त सामग्री उपलब्ध हो, जिससे उन्हें अलग-अलग स्थानों पर भटकना न पड़े। मेले में पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ स्टेशनरी, बैग, यूनिफॉर्म आदि पर भी विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉल भी लगाई गई है।



खसरा (रूबिओला, मोर्बिली, लाल खसरा, श्वसन प्रणाली का एक वायरल संक्रमण है। खसरा एक अत्यंत संक्रामक रोग है जो संक्रमित बलगम और लार के संपर्क के कारण फैलता है। संक्रमित व्यक्ति जब खांसते या छींकते हैं तो संक्रमण हवा में फैल जाता है। यह बचपन में होने वाला एक संक्रमण रोग है। खसरा वायरस टीका लगाकर रोका जा सकता है।

# संक्रामक रोग है खसरा, इससे करें बचाव

आमतौर पर संक्रमण लगभग 7 से 10 दिनों में ठीक हो जाता है। खसरा वायरस कई घंटों के लिए सतह पर रह सकता है। संक्रमित कण हवा में फ़ैल जातें हैं और सतहों पर होते हैं, इसलिए निकटता वाले व्यक्ति आसानी से संक्रमित हो सकते हैं। विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार 2016 में भारत में खसरा के कुल 71,726 मामले सामने आये हैं। खसरा का टीकाकरण 2 खुराक में निर्धारित किया गया है। 9-12 महीनों में पहली खुराक और 16-24 महीने में दूसरी खुराक।

## खसरा के चरण

संक्रमण दो से तीन सप्ताह के लिए व अनुक्रमिक चरणों में होता है। संक्रमण और ऊष्मायनः संक्रमित होने के शुरूआती 10 से 14 दिनों के लिए, खसरा वायरस सेने की प्रक्रिया करता है। आपको इस समय के दौरान खसरे के कोई लक्षण नहीं दिखेंगे।

**अनुपयुक्त संकेत और लक्षण:** खसरा आमतौर पर हलके व मध्यम बुखार, लगातार खांसी, बहती नाक, आंखों की सूजन और गले में खराश के साथ शुरू होता है। यह अपेक्षाकृत हल्की/ सामान्य बीमारी दो से तीन दिन तक रह सकती है।

**तीव्र बीमारी और दाने/चक्कतें:** दानों में छोटे लाल धब्बे होते हैं, जिनमें से कुछ थोड़ा ऊपर उठे हुए होते हैं। दाने व चक्कतों का समूह त्वचा पर लाल रंग के धब्बे के सामान दिखाई देता है। चेहरे पर पहले फैलता है, विशेष रूप से कान के पीछे और सिर के किनारे की तरफ। अगले कुछ दिनों में, दाने हाथों व शरीर के ऊपरी भाग पर फ़ैल जाता है और फिर जाँघों व पैरों पर। इसी समय बुखार भी तेजी से बढ़ जाता है अक्सर 104 से 105.8 डिग्री से भी ज़्यादा होता है। खसरे के दाने धीरे-धीरे चेहरे से लुप्त होना शुरू होते हैं और कम होते जाते हैं।

**संप्रेषण योग्य:** एक व्यक्ति जिसको खसरा हुआ है वह दूसरों को वायरस लगभग आठ दिनों तक फैला सकता है, जो दाने से चार दिन पहले शुरू होता है और दाने रहने के चार दिनों तक रहता है।

## खसरा के लक्षण

वायरस के संपर्क में होने के 10 से 14 दिनों बाद खसरा के लक्षण दिखाई देते हैं। खसरे के लक्षणों में आमतौर पर शामिल हैं-

**बुखार**
**सूखी खाँसी**
**बहती नाक**
**गले में खराश**
**आँखों में सूजन**

गाल और मुँह के अंदरूनी हिस्से में लाल सतह पर नीले-सफेद केंद्रों के साथ छोटे सफेद स्पॉट (दाग) - जिसे कोपलिक स्पॉट भी कहते हैं।

त्वचा पर एक प्रकार के चक्कते (दाने) जो कि बड़े और सपाट ददोरे व धब्बों से बनते हैं और अक्सर एक दूसरे में प्रवाह करते हैं।

## खसरा से बचाव -

सभी बच्चों को खसरा वायरस टीका लगवाना आवश्यक है।

दाने के टूटने या फटने के चार दिन पहले खसरा बेहद संक्रामक होता है, वे लोग जिन्हे खसरा है इस अवधि के दौरान अन्य लोगों से दूर रहें।

## खसरा का परीक्षण -

आपके डॉक्टर आमतौर पर बीमारी के लक्षणों के आधार पर खसरे का निदान कर सकते हैं। यदि आवश्यक लगे, तो खून का परीक्षण कराएं, जो यह पुष्टि कर सकता है कि यह चक्कते व दाने



वास्तव में खसरा हैं या नहीं।

## खसरे का इलाज -

**टीकाकरण:** शिशुओं को व उन लोगों को जिन्हे खसरा वायरस टीका नहीं लगा है उन्हें इस बिमारी के 72 घंटे के भीतर ही टीका लगवा देना चाहिए ताकि वे बीमारी से सुरक्षित रहें। अगर टीके के बाद भी खसरा बढ़ता है तो वो आमतौर पर मामूली, सामान्य व कम समय के लिए होगा।

**प्रतिरक्षा सीरम ग्लोबुलिन:** गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को वायरस की चपेट में आने के बाद एक प्रोटीन (एंटीबॉडी) का इंजेक्शन दिया जा सकता है जिसे प्रतिरक्षा सीरम ग्लोब्युलिन कहा जाता है। वायरस के संपर्क के छह दिनों के भीतर दिए जाने पर, यह एंटीबॉडी खसरा रोक सकती है या लक्षणों को कम गंभीर बना सकती हैं। अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए आराम करें।



अधिक से अधिक तरल पदार्थ लें।
विटामिन ए के पूरक लें।
खुजली और जलन से आराम के लिए कैलामाइन लोशन लगा सकते हैं। परन्तु किसी भी प्रकार के उपचार के पहले डॉक्टर से संपर्क करें।

# सर्दी में अभ्यंग मसाज होता है लाभकारी



सर्दी में आमतौर पर मालिश बेहद फायदेमंद रहती है। इससे शरीर स्वस्थ होने के साथ ही सर्दी से होने वाले नुकसानों से भी बचा रहता है। मौसम में परिवर्तन, गलत आहार-विहार, प्रतिरोधक क्षमता में कमी, पर्याप्त संतुलित आहार का अभाव, उचित व्यायाम की कमी आदि कारणों से शरीर में दोष दिखाई देते हैं। यही दोष कई प्रकार की शारीरिक व मानसिक बीमारियों को साथ लाते हैं। ऐसे में रोगी की प्रकृति को देखकर अभ्यंग मसाज द्वारा इन रोगों को दूर किया जा सकता है।

रोगी में जिस दोष का प्रकोप हुआ है, उसे देखते हुए तथा उसके शरीर की क्षमता के अनुसार मसाज के लिए तेल का चयन किया जाता है। नारियल अथवा सरसों के तेल में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियां मिलाकर मालिश के लिए उपयुक्त तेल तैयार किया जाता है।

मालिश के लिए सुबह का समय अच्छा होता है। मसाज हमेशा खाली पेट ही होना चाहिए। मसाज के समय व्यक्ति पूर्णतः तनावरहित हो। वहीं मसाज करने वाला व्यक्ति दक्ष हो। अभ्यंग मसाज से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में लाभ होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। रक्त संचार ठीक होता है। जोड़ों में नमी पहुँचती है। विजातीय द्रव्य शरीर से बाहर हो जाते हैं। अनिद्रा दूर होती है और स्वाभाविक नींद आती है। स्फूर्ति, ताजगी का आभास होता है।

और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मालिश के समय पैर, हथेली, उँगलियों व नाखून के छोरों पर तेल अच्छी तरह लगाएं क्योंकि यहां बड़ी संख्या में तंत्रिकाओं के छोर होते हैं जबकि पेट एवं हृदय जैसे संवेदनशील अंगों पर मसाज हल्के हाथों से करें।

# युवाओं में इसलिए बढ़ रही दिल की बीमारी

आजकल आधुनिक जीवनशैली के चलते युवाओं में दिल की बीमारी का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। धूम्रपान की लत, कामकाज और विभिन्न कारणों से होने वाले तनाव, खानपान सही न होना, अपर्याप्त शारीरिक श्रम व अधिक नमक वाले खाद्य पदार्थों के सेवन के कारण युवाओं में दिल के दौरे का जोखिम बढ़ रहा है। डॉक्टरों का मानना है कि जब तक कि कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता तब तक युवाओं में दिल के दौरे का खतरा कम होने वाला नहीं है।




डॉक्टरों के अनुसार हम ऐसी जीवनशैली अपना रहे हैं जिससें शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है।

इसके अलावा युवा मानसिक तथा शारीरिक तौर पर बहुत ही अधिक दबाव में है। इस समस्या का मुख्य समाधान यह है कि हम अपनी जीवनशैली में व्यापक बदलाव लाएं और अगर ऐसा करते हैं तो इससे समय से पूर्व होने वाले दिल के दौरों को रोका जा सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, अस्पताल में भर्ती होने वाले करीब 30 प्रतिशत मरीज 40 साल से कम उम्र के होते हैं। साथ ही वे युवक, जो दिन भर में 10 सिगरेट पीते हैं उनके दिल की समस्याएं होने की आशंका 50 फीसदी बढ़ जाती है। धूम्रपान और गलत-खानपान से कॉलेस्ट्रोल का स्तर बढ़ जाता है, जिससे दिल की धड़कन 50 प्रतिशत बढ़ जाती है और रक्तचाप 30 प्रतिशत बढ़ जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, कार्डियो वैस्कुलर रोगों से हर साल दुनियाभर में 17 लाख 70 हजार लोगों की मौत होती है।

विशेषज्ञों ने आगे कहा, युवा हमारे देश के स्तंभ हैं और युवाओं के स्वास्थ्य संबंधी मसलों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। जीवनशैली से जुड़ी अन्य आदतों में व्यायाम नहीं करने की आदत और जंक फूड का अधिक सेवन भी शामिल है।

इसके अलावा युवा अपना अधिकतर समय स्मार्टफोन, टैब, कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि के जरिए व्यतीत करते हैं, जो हमारे दिल के लिए बहुत अधिक नुकसानदायक हैं। ऐसे में दिल की बिमारियों से बचने के लिए अपनी जीवनशैली ठीक करने के साथ ही तनाव भी कम करना होगा। इसके अलावा धूम्रपान, शराब सेवन और जंक फूड आदि से दूर रहना होगा।



# रूखी त्वचा से हुई खुजली ऐसे होगी दूर

सर्दियों में त्वचा रूखी हो जाती है और फिर उस रूखी त्वचा पर खुजली की समस्या होती है। खुजली की समस्या पाया जाना एक प्रकार की साधारण समस्या है। कभी कभी शरीर के किसी भाग में त्वचा बहुत ही ज्यादा संवेदनशील हो जाती है इस कारण खुजली होने लगती है। जिसमें अक्सर कुरेदने पर भी हमें राहत महसूस नहीं होती। जितना आप ज्यादा खुजली करते हो उतनी आपकी परेशानी बढने लगती है। सर्दियों में होने वाली इस खुजली को दूर करने के लिए कुछ खास उपाय अपनाएं। सर्दियों में त्वचा का रूखा होना और फिर उस रूखी त्वचा में खुजली होना बहुत आम समस्या है। जैसे ही सर्दी आती है आप अपने हाथ पर हल्की सी खुजली महसूस करनी शुरू कर देते हैं। अगर आप खुजाने लगते हैं तो सफेद लाल लकीरें पड़ जाती हैं। सर्दियों की त्वचा संबंधी इस समस्या से निपटने के लिए आप कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं। जब भी आपको समय हो आपको इन उपायें को करना चाहिए, और यदि आपको ये समस्या ज्यादा हो तो आपको नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

**देर तक न नहाएं गर्म पानी से:** देर तक गर्म पानी में नहाने से आपकी त्वचा का सुरक्षात्मक तेल निकल जाता है। त्वचा शुष्क हो जाती है और उसमें खुजली होने लगती है। इसलिए कोशिश करें कि गर्म पानी में 15 मिनट या उससे कम वक्त के लिए नहाएं। नहाने के बाद, हल्की गीली त्वचा पर तेल लगा लें।

**पेट्रोलियम जैली:** यदि आपकी त्वचा अत्याधिक ही संवेदनशील है, तो पेट्रोलियम जैली को खुजली दूर करने का एक बहुत ही प्रभावशाली उपाय माना गया है। पेट्रोलियम जैली में किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थों का समावेश नहीं होता। जिसकी वजह से यह हमारी त्वचा में होनेवाली खुजली से हमें आरामदायक राहत दिलाती है। इसके इस्तेमाल से न केवल खुजली कम होती है बल्कि त्वचा भी मुलायम होने लगती है।

**बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा भी खुजली की समस्या से राहत पाने के एक कारागार उपाय हैं। यदि आपको खुजली की समस्या हैं तो आपको पानी में बेकिंग सोडा मिलाकर उसके पेस्ट तैयार करना चाहिए, जिससे आपको खुजली वाले स्थान पर लगाने से राहत मिलती हैं। इसके आलावा यदि आप नहाने के पानी में एक चमच्च बेकिंग सोडा मिलाकर उससे नहाते हैं। तो इस समस्या को भी नियमित रूप से करने पर आपको खुजली की समस्या से राहत मिलती हैं।

**पर्याप्त पानी पियें:** सर्दियों में लोग पानी कम पीने लगते हैं, जिससे वो पानी की कमी (डीहाईड्रेशन) का शिकार हो जाते हैं। इससे त्वचा रूखी हो जाती है और रूखी त्वचा में खुजली होना आम बात है। इसलिए अगर आप सर्दियों में त्वचा की जलन व खुजली से बचना चाहते हैं, और चाहते हैं कि वो मुलायम व चमकदार रहे, तो ज्यादा से ज्यादा पानी पियें।

**तुलसी के पत्ते :** तुलसी के पत्तों में कपूर मिलाकर त्वचा पर लगायें। इसमें खुजली को दूर करने की क्षमता पाई जाती है।

**चन्दन:** चन्दन का प्रयोग करने से भी आपको खुजली की समस्या से राहत मिलती हैं। वैसे भी चन्दन ठंडक पहुँचाने में माहिर होता हैं। यदि आपको खुजली की समस्या होती हैं तो आप चन्दन का लेप बनाकर उस स्थान पर लगाएं जहां पर आपको खुजली हो रही हैं, इसका उपयोग करने से आपको ठंडक मिलने के साथ खुजली की समस्या से भी राहत मिलती हैं। साथ ही त्वचा भी दमकने लगती हैं।



## फिल्म फौजी पर आया अपडेट, फिर साथ नजर आएगी प्रभास के साथ इस अभिनेत्री की जोड़ी

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उनकी एक और फिल्म फौजी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में प्रभास की जोड़ी उनकी फिल्म कल्कि 2898 एडी की एक अभिनेत्री के साथ नजर आएगी। क्या आप बता सकते हैं कि वह अभिनेत्री कौन हैं...

### फौजी में नजर आएगी दिशा के साथ प्रभास की जोड़ी



एक खबर के मुताबिक, फौजी एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। फौजी में प्रभास और दिशा पाटनी एक साथ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म से पहले प्रभास और दिशा की जोड़ी को प्रशंसकों ने कल्कि 2898 एडी में खूब पसंद किया था। बहरहाल, इस फिल्म का आधिकारिक नाम अभी तक तय नहीं हुआ है, तब तक इस फिल्म का संभावित नाम फौजी है।

### फिल्म में होंगी दो अभिनेत्रियां

वैसे इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों के होने की बात सामने आई है, जिसमें इमानवी इस्माइल का नाम पहले से ही शामिल है और अब उनके अलावा इस फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर दिशा पाटनी का नाम शामिल हो गया है। बहरहाल, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फौजी के अलावा साउथ अभिनेता प्रभास स्पिरिट, द राजा साब के अलावा भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगे। स्पिरिट का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास एक पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साब एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है।



# स्त्री 2 के बाद रेड 2 में आइटम नंबर करेंगी तमन्ना भाटिया, यो यो हनी सिंह भी बनेंगे गाने का हिस्सा

रेड 2 अपने एलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ रेड 2 के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है। इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। तमन्ना और विजय की फिल्म यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय



और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही रेंजर पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना रेंजर के सेट पर शामिल होंगी।

### फिल्म की कहानी और कलाकार

राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है। फिल्म में वाणी कपूर, रजत कपूर, सुप्रिया पाठक, अमित सियाल और यशपाल शर्मा भी हैं। सौरभ शुक्ला सीतागढ़ के खूंखार डॉन ताऊजी की अपनी भूमिका को फिर से दोहराएंगे।



## एकता कपूर ने नागिन 7 पर लगाई मुहर

एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध नागिन सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने नागिन 7 को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है।

### कब आएगा नागिन 7

ईद के खास मौके पर एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता अपनी टीम के साथ कुछ खास बात करती नजर आईं। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, यह ईद है। ईद मुबारक। ईद मुबारक। मुझे सभी को ईदी देनी है। आगे एकता ने कहा, नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द। एकता के इस वीडियो ने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

### ईशा मालवीय हो सकती हैं अगली नागिन

एक खबर के मुताबिक, एकता के नागिन 7 में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। उडारियां और बिग बॉस 17 से प्रसिद्ध हुई ईशा अगर नागिन 7 में आती हैं, तो यह उनके करियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी।

### नागिन सीरियल की शुरुआत

एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को नागिन 7 के आने का इंतजार है।

### नागिन सीरियल ने कई अभिनेत्रियों को दिलाई पहचान

नागिन टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब नागिन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है।



## तुम्बाड़ फेम निर्देशक के साथ काम करने जा रहीं हैं श्रद्धा



श्रद्धा कपूर ने हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 से दर्शकों का दिल जीता था। इसके बाद से उन्होंने अपनी अगली फिल्म की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। हालांकि, अब खबर आ रही है कि श्रद्धा जल्द ही तुम्बाड़ के निर्देशक राही अनिल बर्वे के साथ एक नया प्रोजेक्ट शुरू करने वाली हैं। इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर करेंगी।

### तुम्बाड़ के निर्देशक के साथ करने जा रहीं काम

हालांकि, अभी इसकी कहानी और नाम का खुलासा नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रद्धा और एकता कपूर कई फिल्मों को लेकर बातचीत कर रही हैं। इनमें से एक हाई-कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म है, जिसे तुम्बाड़ फेम निर्देशक राही अनिल बर्वे ने तैयार किया है।

श्रद्धा को पसंद आई फिल्म की कहानी रिपोर्ट के मुताबिक स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और श्रद्धा इसकी अनोखी कहानी से बेहद प्रभावित हैं। उन्हें लगता है कि यह अनाम थ्रिलर स्त्री 2 के बाद उनके लिए एक शानदार फिल्म हो सकती है। श्रद्धा इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं।

लव स्टोरी फिल्म पर भी चल रही चर्चा इसके अलावा श्रद्धा एकता कपूर के साथ एक लव स्टोरी पर भी चर्चा कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन आशिकी 2 फेम निर्देशक मोहित सूरी करेंगे। खास बात यह है कि इसमें श्रद्धा की जोड़ी एक बार फिर आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आ सकती है। सूत्रों का कहना है कि श्रद्धा के पास कुछ और प्रोजेक्ट्स भी हैं, लेकिन उनकी डिटेल्स अभी गुप्त रखी गई हैं।

### नागिन ट्रिलॉजी की तैयारी में जुटी हैं अभिनेत्री

इन सबके बीच श्रद्धा कपूर नागिन ट्रिलॉजी की तैयारी में भी जुटी हैं। यह एक मेगा-बजट फिल्म है, जिसका निर्देशन विशाल फुरिया कर रहे हैं। इसमें श्रद्धा मुख्य किरदार नागिन के रूप में दिखेंगी। खास बात यह है कि इस फेंचाइजी में वीएफएक्स का भारी इस्तेमाल होगा, जिससे दर्शकों को कुछ अलग देखने को मिलेगा।



# कॉमेडी करते-करते कैसे खूंखार विलेन बने राघव जुयाल

आईफा 2025 में फिल्म 'किल' के लिए बेस्ट नेगेटिव रोल का अवॉर्ड जीतने वाले अभिनेता राघव जुयाल ने हाल ही में खास बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वो इंडस्ट्री में हर तरह के किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साथ ही राघव ने बताया कि वो अपने किरदारों के लिए कैसे तैयारी करते हैं। बातचीत में फिल्म 'किल' के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए राघव ने कहा, मेरा मानना है कि कोई भी किरदार आए, एक्टर को उस किरदार में घुस जाना चाहिए और खुद पर भरोसा रखना चाहिए। इससे धीरे-धीरे वो किरदार में ढलने लगता है और उसे अपने किरदार की समझ आने लगती है। जो बाद में रोल को असरदार बनाने में मददगार साबित होता है।

### मैं सभी ऑफर ठुकरा रहा हूं

बॉलीवुड में अक्सर जब किसी अभिनेता का एक किरदार हिट हो जाता है तो फिर उसे एक जैसे रोल ऑफर होने लगते हैं। टाइपकास्ट होने के डर पर बात करते हुए राघव ने कहा, मैं एक जैसे सभी ऑफर ठुकरा रहा हूं। मैं हर बार कुछ अलग और नया करना चाहता हूं। मैं एक जैसे किरदार बार-बार नहीं निभाना चाहता।

### एक जैसे किरदार नहीं करूंगा

राघव ने आगे कहा, अगर आप मेरी जर्नी देखें तो मैंने बैक डांसर के तौर पर शुरूआत की, फिर मैं डांसर बना। उसके बाद मैंने शो होस्ट किया और अब एक्टिंग कर रहा हूं। जब मैं इंडस्ट्री में रहकर इतने प्रोफेशन बदल चुका हूं, तो मैं एक जैसे किरदार तो बिल्कुल भी नहीं करूंगा।

### 'किल' के किरदार के लिए की काफी मेहनत

अब तक चुलबुले अंदाज में दिखने वाले राघव ने इतने खतरनाक विलेन की भूमिका कैसे निभाई? पूछा जाने पर राघव कहते हैं- मुझे खुद नहीं पता कैसे हुआ, बस हो गया। मैंने बस अपने किरदार पर काफी काम किया, काफी मेहनत की। शायद उसी मेहनत का नतीजा है कि ये हो गया।

### सफल रही थी 'किल'

साल 2024 में आई फिल्म 'किल' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में काफी हिंसक एक्शन दिखाया गया है। फिल्म में राघव जुयाल ने 'फनी' नाम के किरदार की भूमिका निभाई है, जो फिल्म का खलनायक है। निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राघव के अलावा लक्ष्य, तान्या मानिकतला, आशीष विद्यार्थी, अद्रिजा सिन्हा, हर्ष छाया और अभिषेक चौहान प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## टेस्ट की रिलीज से पहले 'टॉक्सिक' की शूट के लिए मुंबई पहुंचीं नयनतारा?



साउथ अभिनेत्री की फिल्म 'टेस्ट' 4 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। इस बीच अभिनेत्री को मुंबई में एयरपोर्ट पर देखा गया। दरअसल, नयनतार 'केजीएफ' फेम अभिनेता यश गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'टॉक्सिक' का हिस्सा हैं। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो रही है। संभवत: अभिनेत्री इसी के सिलसिले में वहां पहुंची हैं। हालांकि, फिल्म से अभिनेत्री की भूमिका के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि उनका किरदार एक गेम चेंजर होगा। फिल्म में कियारा आडवाणी फीमेल लीड हैं, उनके साथ हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और अक्षय ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'टॉक्सिक' को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के बड़े बजट में बनाया जा रहा है। फिल्म को अंग्रेजी समेत कई भारतीय भाषाओं में 19 मार्च 2026 में रिलीज किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अब प्रतिदिन चलेगी भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी

**अशोक नगर।** प्रदेश के दो महानगरों को जोड़ने वाली भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर अब प्रतिदिन चलेगी। पूर्व में यह रविवार को बंद रहती थी। क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से इसका संचालन सप्ताह के सभी दिनों में शुरू कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के अनुरोध पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा उक्त ट्रेन को सप्ताह में सातों दिन चलाने की मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने अपने बयान कहा था कि मेरे ग्वालियर चंबल के यात्रीगण अब सप्ताह के सभी दिन भोपाल तक की सुगम यात्रा कर सकेंगे उन्होंने इसके लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस सेवा के विस्तार से ग्वालियर शिवपुरी गुना अशोक नगर मुंगावली आदि के नागरिकों को अब भोपाल ग्वालियर आने-जाने की नियमित सेवा मिल सकेगी। वहीं शहर के सामाजिक संगठनों सर्व सेन समाज संगठन, लायंस क्लब, रघुवंशी युवा संघ, भाजपा किसान मोर्चा, सकल ब्राह्मण समाज सभा, भारत विकास परिषद, सुखमनी सेवा परिवार द्वारा भी ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी ट्रेन सेवा के सातों दिन शुरू होने पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया का आभार व्यक्त किया गया है, एवं अन्य अपेक्षित ट्रेन सुविधाओं को बढ़ाए जाने एवं समय परिवर्तन की मांग की गई है।

### वेदी प्रतिष्ठा निमित्त निकली शोभायात्रा, सुसज्जित बग्घी में प्रतिमाओं ने किया भ्रमण

**खरगोन।** नवग्रह की नगरी में दिगंबर जैन समाज का 14 से 16 अप्रैल तक पोस्ट ऑफिस चौराहा स्थित जैन मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त रविवार को शहर में प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। वेदी प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर में विराजित होने वाली प्रतिमाओं को सुसज्जित बग्घी में विराजमान कर जयकारों के साथ एवं गाजे.बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा समारोह सनावद रोड़ रामकृष्ण कॉलोनी से शुरु होकर प्रमुख मार्गो से होते हुए जैन धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा में शामिल समाज अध्यक्ष विनोद जैन, सोधर्म इंद्र विवेक जैन, दीपक जैन, अजय पंचोलिया, सौरभ जैन आदि ने बताया।

# सीहोर भाजपा जिला कार्यालय पर भव्यता के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

### हमारा विजन नेशन फर्स्ट है इसीलिए हमारा दल करोड़ों सक्रिय कार्यकताओं के साथ विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है-भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा

सत्ता सुधार ■ सीहोर




विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस सीहोर भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में उत्साह के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय को लाईटिंग से सजाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा जी द्वारा फहराया गया और जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा द्वारा सभी कार्यकताओं का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आतंकियों के नेटवर्क को तोडने के लिए नोटबंदी की गई, भारत में टैक्स सिस्टम से आमजनों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए जीएसटी कानून लागू किया गया जिस कर प्रणाली में सुधार हुआ। हमारी सरकार ने जम्मं कश्मीर से धारा 370 को हटाया जिससे आज वहां खुशहाली है। तीन तलाक कार्नन से मुस्लिम महिलाओं को आजादी दिलाई।

वक्फ कार्नन के साथ ही अनगिनत ऐसे निर्णय माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए जिससे भारत अपने परम वैभव को पुन~प्राप्त करने की और अग्रसर हो रहा है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है। बल्कि समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। आज भारत के अन्य सभी राजनैतिक दलों की विचारधारा शंन्यता की शिकार हैं। केवल भाजपा ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद तथा पंचनिष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन , भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, जिला महामंत्री रवि नागले, भाज पा जिला कार्यालय मंत्री पंकज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति , वरिष्ठ नेता मेहरबान सिंह बलभद्र, डॉ. गगन नामदेव, आशीष पचौरी, आशुतोष त्यागी, राजेश परिहार, पार्षद नरेन्द्र राजपूत पार्षद लोकेंद्र वर्मा , सुभाष मेवाड़ा, हरीश राठौर, जयकिशन त्यागी, गुलशन जैन, ललित सिंदूरिया, गोलू राठौर, गौरव यादव सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# यह पर्व हमें संगठन के महापुरुषों के त्याग, बलिदान, समर्पण संघर्ष की प्रेरणा देता है : हितानंद





### प्रदेश संगठन महामंत्री ने जिला भाजपा कार्यालय पर झंडा वंदन कर मनाया स्थापना दिवस, धुर्रा तथा आनंदपुर धाम भी पहुंचे किया प्रधानमंत्री के आगमन स्थल का निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

यह पर्व हमें संगठन के महापुरुषों के त्याग बलिदान समर्पण एवं संघर्ष की प्रेरणा देता है। यह पर्व कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने का साहस, संयम एवं समन्वय का अभूतपूर्व संचार करता है, हमारा मार्गदर्शन करता है। उक्त आशय के उद्गार भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने रविवार को भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय पर झंडा बंधन के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आज जिले भर के 788 बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व सांसद डॉक्टर कृष्णपाल सिंह यादव जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, भाजपा जिला महामंत्री नंदलाल यादव, रविंद्र लोधी, मुकेश कलावत, प्रताप भान सिंह यादव, मनोज शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्ञानेश्वरी सक्सेना, मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में मंडल, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अपने अथक परिश्रम से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने वाले उन समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर बधाई। आज हमारा संगठन दुनिया का सबसे बड़ा कार्यकर्ताओं वाला संगठन है और यह सब आप सभी कार्यकर्ताओं और हमारे संगठन के पितृ पुरुषों की सूझबूझ और परिश्रम का परिणाम है, इस अवसर पर मैं हमारे उन सभी पितृ पुरुषों को कोटिश~ नमन करता हूं। कार्यक्रम को भाजपा जिलाअध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा का ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी।

#### प्रदेश संगठन महामंत्री पहुंचे आनंदपुर धाम

जिला कार्यालय पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा चंदेरी विधानसभा के ढाकोनी मंडल के ग्राम धुर्रा पहुंचे जहां बूथ क्रमांक 54 पर भी झंडा बंधन कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। तत्पश्चात वह श्री आनंदपुर धाम पहुंचे, जहां आगामी 11 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर हेलीपैड स्थल सहित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं श्री आनंदपुर ट्रस्ट के महात्मा एवं गुरु महाराज जी से चर्चा की। इस दौरान जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, महामंत्री रविंद्र लोधी नंदलाल यादव मुकेश कलावत सलिल त्रिपाठी सहित बूथ 54 के अध्यक्ष जगदीश रघुवंशी लखन रघुवंशी वीरेंद्र काका सुनील रघुवंशी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राजसी ठाट से रामलला ने किया नगरभ्रमण, शोभायात्रा में बरसे फूल

**खरगोन।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभू श्रीराम का प्राकट्योत्सव शहर से लेकर गांव- कस्बों तक उत्सवी माहौल के बीच मनाया गया। शहर में निकली शोभायात्रा पर न केवल सनातनी धर्मावलंबियों बल्कि मुस्लिम समाजजनों ने भी पुष्पवर्षा कर श्रीराम भक्तों का स्वागत-सत्कार किया। मंदिरों में जहां दोपहर 12 बजते ही प्रभु के प्राकट्य को लेकर बधाईयों का दौर शुरू हुआ, तो वही सुबह और शाम के समय अलग- अलग शोभायात्राएं निकाली गई, जिसमें राजसी ठाट के साथ प्रभू श्रीराम ने नगर भ्रमण किया। पहाड़सिंगपुरा कलश चौक स्थित श्रीराम मंदिर शहर से रघुवंशी समाज द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन किए गए। सुबह 8 बजे भव्य शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई। जिसमें ढोल.तांशे और धार्मिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु झूमते.गाते हुए श्रीराम की भक्ति में लीन रहे। प्रभु प्राकट्योत्सव पर महाआरती व भंडारा प्रसादी के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया।

शाम 4 बजे श्रीराम जन्मोत्सव समिति, गौ रक्षक तालाब चौक के तत्वाधान में श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें अयोध्या राममंदिर की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। 8 झाकियों, 7 म्युजिक सिस्टम, 3 अखाडा, 3 नगाडा दलों के साथ ही 100 से अधिक ढोल- तांशा पार्टी से सजी इस शोभायात्रा को निहारने हजारों की संख्या में लोग यात्रा मार्ग पर डटे रहे। उक्त यात्रा तालाब चौक, गुरुवा दरवाजा, झंडा चौक, सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस, श्रीकृष्ण टॉकिज होते हुए श्रीराम धर्मशाला स्थित मंदिर पहुंची।

### इस गंभीर जलसंकट से निपटने सभी को लेना होगा जल संरक्षण, बचाव और उसके सदुपयोग का संकल्प : शर्मा



सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालागुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर आनंद राजावत को सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने इस भीषण गर्मी के दौर में आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सार्वजनिक प्याऊ लगाने सहित पशु-पक्षियों के लिए भी पानी के समुचित इंतजाम किए जाने की मांग की ।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और इस गर्मी में ना केवल इंसान बल्कि पशु-पक्षी भी प्यास के कारण व्याकुल हैं लेकिन नगर सहित परे जिले में भारी जलसंकट चल रहा है और अधिकांश पेयजल स्त्रोत र्सख चुके हैं लेकिन इस ओर अभी तक सीहोर नगरपालिका का ध्यान नहीं गया है और उसके द्वारा अभी तक नगर में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है । पंकज शर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वो नगर में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सार्वजनिक प्याऊ लगाने के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की उचित व्यवस्था करने का निर्देश सीहोर नगरपालिका को देकर तत्काल सभी को इस गंभीर जलसंकट के दौर में राहत दिलाए । पंकज शर्मा ने आगे कहा कि अपने साथ ही पशु-पक्षियों के जीवन की रक्षा करना तथा उनका ध्यान रखना ही सच्ची मानवता है और यही सच्चे अर्थो में ईश्वर सेवा है और इससे भगवान अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हैं । पंकज शर्मा ने अंत में कहा कि इस भीषण गर्मी के दौर में हम सभी का ये कर्तव्य है कि हम पानी को व्यर्थ ही बर्बाद ना करें तथा उसका दुरुपयोग रोकें और अपनी दैनिक जरूरतों के लिए भी कम से कम पानी का उपयोग करें क्योंकि जल का बचाव और सदुपयोग ही हमें इस भीषण जलसंकट से बचा सकता है इसीलिए हम सभी को इस गर्मी जल संरक्षण और उसके सदुपयोग का संकल्प लेना होगा क्योंकि जल का संरक्षण, बचाव और सदुपयोग ही इस भीषण जलसंकट से बचने का एकमात्र तरीका है । ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से विकास राय, राजेश रैकवाल, बिजेंद्र ठाकुर, सतीश दरोठिया, अमित गोस्वामी, अमित शर्मा, ब्रह्म सिंह मेवाड़ा, गोलू यादव, धर्मेद्र, किशोर सिंह आदि कांग्रेसजन शामिल हैं।

# जिला न्यायालय अशोकनगर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने पदभार ग्रहण किया



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

जिला न्यायालय अशोकनगर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद का पदभार सतीश चंद्र शर्मा द्वारा ग्रहण किया गया तथा 5 अप्रैल 2025 को अभिभाषक संघ अशोक नगर द्वारा न्यायालय परिसर अशोकनगर में सुंदरकांड अन्नकूट एवं स्वागत सभा का आयोजन कर उनका भव्य स्वागत किया। अभिभाषक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने नव आगंतुक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का शाल श्रीफल माला एवं मोमेंटो से स्वागत किया तथा अपने स्वागत भाषण में विगत 3 वर्ष में न्यायालय में हुए विकास कार्यो से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन शर्मा एवं पीसी आर्य द्वारा कराए गए विकास कार्यो का उल्लेख किया कार्यक्रम में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश प्रवेन्द सिंह का स्थानांतरण जबलपुर हो जाने से उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा अपर सत्र न्यायाधीश प्रवेन्द सिंह , उदय कुमार थत्ते एडवोकेट, सुनील शर्मा एडवोकेट ने संबोधन किया कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक संघ अशोकनगर के सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा कविता एवं दोहे के माध्यम से किया। आभार उपाध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीश गण , अभिभाषक संघ अशोकनगर के कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा, अभिभाषक संघ अशोकनगर के मीडिया प्रभारी दुर्गेश जाटव एडवोकेट, सहित सभी बार एवं न्यायालय के पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय का स्वागत माला एवं बुके से किया ,कार्यक्रम में अभिभाषक संघ अशोकनगर की ओर से मीडिया प्रभारी दुर्गेश जाटव द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम के फोटो एवं वीडियोग्राफी की गई।

### रामनवमी की पूर्व संध्या अशोकनगर में कवि सम्मेलन

**अशोकनगर।** अशोकनगर में रामनवमी की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद की ओर से गांधी पार्क में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम की आरती के साथ हुआ, जिसके बाद वरिष्ठ कवि दूधनाथ मधुकर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ कवि सुधीर गुप्ता के संचालन में आयोजित इस कवि सम्मेलन में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने सभी कवियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कवियों ने हास्य, श्रृंगार, वीरता, बलिदान और भक्ति से जुड़ी विविध रचनाएं प्रस्तुत कीं। जगदीश शर्मा के भक्ति गीत, दूध नाथ के सैनिक बलिदान गीत और बिरथरे की देशप्रेम रचनाओं को श्रोताओं ने भरपूर सराहा। दिनेश जैन और एलएन सोनी की हास्य रचनाएं, महेश श्रीवास्तव का व्यंग्य तथा सुधीर गुप्ता की रचना %दर्द मर्द को होता है% ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन में श्रोताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### 21 सौ दीयों से जगमगाई सीवन, रंगोली से सजाया घाट



**सीहोर।** नगर पालिका के तत्वाधान में शहर की जीवन दायनी मां सीवन के घाट पर 21 सौ दीयों को प्रज्जवलित कर महाष्टमी का पर्व मनाया गया, इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रंगोली से घाट को सजाया और आरती की। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीवन उद्धार समिति के पदाधिकारियों के अलावा नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, पार्षद प्रदीप बिजोरिया, कमलेश कुशवाहा, राहुल राय, नरेन्द्र राजपूत और आशीष गहलोत आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने यहां पर उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहाकि जल है तो कल है, वहीं सीवन हमारे क्षेत्र की जीवनदायनी है। इसके संरक्षण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और परिषद ने जो इसके गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का जो कार्य किया है, वह भविष्य के लिए भी जरूरी है। सीवन नदी से क्षेत्र का जल स्तर भी सुधरेगा। उन्होंने यहां पर दीप प्रज्जवलित किया। गौरतलब है कि नगर पालिका के द्वारा सीवन नदी का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षेत्रवासियों के सहयोग से कराया जा रहा है।

**स्वागत** इछावर में शिक्षा रथ का ग्राम झालकी , दीवडीया, रामदासी, हिम्मतपुरा, आर्या, दुदलई में भव्य स्वागत हुआ

# गाँवों में पहुँचा शिक्षा रथ पुष्प वर्षा कर ग्रामीण कर रहे स्वागत

सत्ता सुधार ■ सीहोर




शासकीय विद्यालयो में छात्र संख्या में वृद्धि करने हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ की पहल को ग्रमीणों को खूब भा रहा है सीहोर जिले के सीहोर, आष्टा ब्लॉक के बाद अब इछावर ब्लॉक ग्रामों में शिक्षा रथ जैसे ही जा रहा है तो वह आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं क्योंकि इससे पूर्व उन्होंने अशासकीय विद्यालय को इस तरह संपर्क करतें हुए देखा हैं।

शिक्षा रथ से जैसे ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के विषय में पम्प पिलेट्स के साथ ही ऑडियो के माध्यम से बताया जाता हैं तो ग्रमीण बच्चे एवं पालक रथ के समीप पहुंच जाते हैं। इछावर में शिक्षा रथ का ग्राम झालकी , दीवडीया, रामदासी, हिम्मतपुरा, आर्या, दुदलई में भव्य स्वागत हुआ। विद्यार्थी नामांकन वृद्धि शिक्षा रथ सीहोर नगर के साथ जिले के 101 ग्रामों में पालक सम्पर्क के उद्देश्य से चलाया गया था। परन्तु इसका पालको का आकर्षण , लोकप्रियता, एवं शिक्षकों की मांग के कारण इसका समय सीमा बड़ा दी हैं शिक्षा रथ के माध्यम से शासकीय स्कूल की विशेषताएं लोगों तक 10000 पंपलेट के माध्यम से प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और प्रेरित कर रहे हैं कि सरकारी स्कूल में एडमिशन कराएं । छात्र संख्या वृद्धि करने हेतु शिक्षा रथ के साथ स्कूल स्टाफ एवं संगठन के पदाधिकारी इछावर ब्लॉक अध्यक्ष महेश मालवीय, नगर अध्यक्ष इन्दर सिंह ठाकुर इछावर ग्रमीण अध्यक्ष अनिल करमोदिया, देवेंद्र कुमार पटेल चंद्र सिंह ठाकुर, अखिलेश इटावदिया , कपिल ठाकुर, रवि शर्मा, जालमसिंह ,गणेश शर्मा ,चुन्नीलाल परमार, गुलाब वर्मा, रकीब खान, मधु शर्मा, ममता स्नोत्रा, देवेन्द्र वर्मा, अजब सिंह ठाकुर, जगदीश श्रीवास्तव, अतुल सेन ,कैलास प्रसाद जाट, मोहन जाट , रमेश बामनिया, सोनू गोफनीय, नमीम शेख कैलाश प्रसाद जाट जीवन सिंह ठाकुर , सीमा मालवीय, श्रद्धा मेवाड़ा राधेश्याम वर्मा, रामचंद्र वर्मा, शिवराज प्रजापति, जगदीश प्रसाद सेन , विनोद सेंगर, मौर्जद थे।

# जिले में अब नाला माफिया सक्रिय

### नाले की जगह पर कब्जाकर, कर रहे हैं भवन निर्माण

### टीम गठित हुए दो माह बीतने के बाद भी भू-माफिया कॉलोनाइजरों पर नहीं कोई कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



जिले में भू-माफिया लगातार सक्रिय है,और अब तो वह सरकारी नाले की जमीन पर कब्जा कर मकान निर्माण कर रहे हैं,राजस्व अमले की लापरवाही के चलते अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद है,और वह बेफिक्र होकर सरकारी जमीनों को हथियाते जा रहे हैं,स्थानीय आरोन रोड स्थित मगरदा चौराहे के नजदीक बने नाले जिसे मुतरा नाला कहते हैं, उस पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। इसके पहले भी त्रिलोकपुरी कॉलोनी में ग्राम पड़रिया को जाने वाले पुराने कच्चे रास्ते पर एक भूमाफिया द्वारा नाले पर कब्जा कर उसे बंद कर दिया गया। ग्राम पड़रिया के सरपंच सहित त्रिलोकपुरी कॉलोनी के निवासियों की शिकायतों के बाद भी, राजस्व विभाग द्वारा उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। और अब मगरदा रोड स्थित मुतरा नाले पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है, समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो बारिश के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शहर भर की नालियों, नालों की पानी निकासी इसी मुतरा नाले से होकर मगरदा के झोरे के माध्यम से और नदी में जाकर मिलती है। ऐसे में इस पर कब्जा कर मकान निर्माण किया जाना चिंता का विषय है,मोहल्ले वासियों में चर्चा है कि राजस्व अमले की भू-माफियाओं से सांठ-गांठ है,ऐसे में कार्रवाई होना मुश्किल लगता है।नालों पर अवैध कब्जों के चलते लोगों को लगने लगा है कि अब शहर में नाला माफिया भी पैदा हो गए हैं। हालांकि कलेक्टर सुभाष द्विवेदी द्वारा करीब दो माह पूर्व एसडीएम की अध्यक्षता में जिले भर में ऐसे कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई करने के लिए टीम गठित कर दी है, जिन्होंने नियम कानूनों को दरकिनार कर कॉलोनी काटी है।

## ब्रीफ न्यूज

### इंदौर मीडिया कॉन्क्लेव आज से, ईकोफ्रेंडली होगा तीन दिवसीय आयोजन

**इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब के 63वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 7, 8 और 9 अप्रैल इंदौर मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से पत्रकारिता, फोटोग्राफी और साहित्य जगत की अनेक हस्तियां शामिल होंगी। तीन दिन तक चिंतन-मनन के अनेक सत्र के साथ ही व्याख्यान, कार्यशाला, सम्मान और पुरस्कार वितरण भी होगा। 9 अप्रैल को प्रेस क्लब के स्थापना दिवस के दिन मूर्धन्य पत्रकार राजेंद्र माथुर स्मृति व्याख्यान होगा। पत्रकार पी. साईनाथ व्याख्यान देंगे। पत्रकारिता, साहित्य, संस्कृति और शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक भी आयोजित की जा चुकी है, जिसमें आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया है। तीन दिवसीय यह आयोजन पूरी तरह ईकोफ्रेंडली होगा। इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी और महासचिव हेमंत शर्मा ने बताया कि 7 और 8 अप्रैल को सभी आयोजन इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में होंगे। 9 अप्रैल को मुख्य आयोजन मूर्धन्य पत्रकार राजेंद्र माथुर स्मृति व्याख्यान का आयोजन साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में होगा। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे इंदौर मीडिया कॉन्क्लेव का शुभारंभ मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। इस मौके पर इंदौर के सांसद शंकर लालवानी बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहेंगे। 7 अप्रैल को पहला चर्चा सत्र सुबह 11.30 बजे पत्रकारिता का इंदौर घराना विषय पर होगा। पहले दिन का दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से एआई - कृत्रिम बुद्धि का धमाल, नौकरी लेगा या करेगा कमाल विषय पर होगा। प्रत्युष रंजन, हिमांशु शेखर, जयदीप कर्णिक इस सत्र में अतिथि वक्ता होंगे। दिन का तीसरा सत्र शाम 4.30 बजे से अखबारों से सिमटता साहित्य विषय पर होगा। सत्र में अनन्त विजय, डॉ. विकास दवे, प्रियदर्शन और निर्मला भुराड़िया अपनी बात रखेंगे। शाम 7 बजे पद्मश्री भेरूसिंह चौहान और मंडली द्वारा मालवी कबीर गीत की प्रस्तुति होगी। विशेष अतिथि मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और विधायक राकेश (गोलू) शुक्ला रहेंगे।तिवारी और शर्मा ने बताया कि इंदौर मीडिया कॉन्क्लेव के दूसरे दिन 8 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे सफलता होता वैकल्पिक मीडिया विषय पर परिचर्चा होगी।

### सेवा दल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष का इस्तकबाल

**इंदौर।** बांक पंचायत में उपसरपंच एवं युवा नेता शहजाद बाबा को कांग्रेस सेवादल शहर की यंग ब्रिगेड का सदर नियुक्त किया गया है। शहजाद बाबा अपनी पंचायत में लगातार अन्याय के खिलाफ आवाज उठते रहे, इसके लिए उन्हें रसूखदारों ने परेशान भी किया, लेकिन बाबा ने हार नहीं मानी, उनकी इसी कार्यशैली को देखते हुए अब कांग्रेस सेवादल ने शहर की कमान शहजाद बाबा को सौंपी है। ग्रीन पार्क कॉलोनी में बाबा का स्वागत किया गया। इस मौके पर दस्तक फाउंडेशन के डायरेक्टर सलीम दस्तक, प्रदेश महासचिव सरफराज अंसारी, आसिफ खान आदि मौजूद रहे।

---

**रामनवमी पर थ्री-लेयर दर्शन व्यवस्था, दोपहर 12 बजे हुई रामलला की आरती**

# शीश महल में प्रभु श्रीराम के दर्शन, रणजीत हनुमान मंदिर में सजा भव्य दरबार

सत्ता सुधार ■ इंदौर

रामनवमी पर शहर के प्रमुख राम मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है। कई स्थानों से धार्मिक यात्राएं निकली। खास आकर्षण शहर का प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर है। जिसे इस बार शीश महल के रूप में सजाया गया है। प्रभु श्रीराम शीश महल में अपने भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। मंदिर को मथुरा-वृंदावन और इंदौर के कलाकारों द्वारा सजाया गया है।

श्रीखंड और साबूदाने की खिचड़ी का प्रसाद भी भक्तों को वितरित किया। रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि कलाकारों द्वारा मंदिर को महल के रूप में सजाया गया। विशेष रूप से प्रभु श्रीराम के महल की



कलाकृति को शीश के झरोखे, झूमर, पर्दे और डिजाइनर आर्टिकल का इस्तेमाल किया गया है। महल तैयार करने के लिए लगभग 7 हजार रनिंग फीट लकड़ी और 600 से 700 मीटर कपड़े का इस्तेमाल किया गया है। विभिन्न प्रकार के कांच के कट पीस से कलात्मक डिज़ाइन तैयार की गई है। इसे सुंदरता देने के लिए डिजाइनर आर्टिकल का इस्तेमाल किया गया है।

#### कूलर और एलईडी के साथ पानी की व्यवस्था

मंदिर परिसर में भक्तों ने 10 बाय 16 की एलईडी पर लाइव दर्शन किए। इसके अलावा 20 से ज्यादा कूलर मंदिर परिसर में लगाए गए। भक्तों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई। 200 से ज्यादा भक्त मंडल के सदस्य व्यवस्था संभालने में लगे। साथ ही 30 सुरक्षा गार्ड भी यहां लगाए गए।

#### सुबह भगवान का अभिषेक

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि सुबह 6 बजे सात दिवसीय अखंड रामायण की स्थापना की गई। 7.30 बजे भगवान श्रीराम का अभिषेक किया किया। इसके बाद सुबह 9 बजे भगवान का श्रृंगार किया। दोपहर 12 बजे भगवान की जन्मोत्सव आरती की।

मंदिर में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। हजारों भक्त मंदिर में भगवान के दर्शन करने के लिए आते हैं। भक्तों को दर्शन करने में परेशानी न हो और जल्द दर्शन हो सके इसके लिए थ्री स्टेप में व्यवस्था की गई, ताकि एक बार में कई भक्त एक साथ दर्शन कर सके।

---

# स्टार एयर की फ्लाइट इंदौर से होगी शुरू, ऑफिस के लिए किया आवेदन

**एविएशन एक्सपर्ट की मानें तो कंपनी जल्द ही इंदौर से गोंदिया के लिए सीधी फ्लाइट शुरू कर देगी**

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट से लगातार नई फ्लाइटों का संचालन बढ़ता जा रहा है। जल्द ही इंदौर से एक नई एयर लाइंस भी अपना संचालन शुरू करने वाली है। एयरलाइंस कंपनी स्टार एयर ने 30 मार्च से शुरू हुए समर शेड्यूल के दौरान इंदौर से गोंदिया के लिए फ्लाइट का संचालन करने के लिए स्लॉट लिया है। जिसके लिए स्टार एयर ने इंदौर एयरपोर्ट पर ऑफिस के लिए आवेदन किया है। एविएशन एक्सपर्ट की मानें तो कंपनी जल्द ही इंदौर से गोंदिया के लिए सीधी फ्लाइट शुरू कर देगी। उम्मीद की जा रही है कि मई-जून के बीच कंपनी इस फ्लाइट को शुरू करेगी।



इंदौर एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर एयरपोर्ट और डीजीसीए ने उड़ान शुरू करने की मंजूरी दे दी है। हाल ही में कंपनी की टीम हैदराबाद से इंदौर आई थी। कंपनी ने फ्लाइट शुरू करने के लिए इंदौर एयरपोर्ट पर बुकिंग और बैक ऑफिस का स्थान देखने के साथ ही इसके लिए आवेदन किया है। कंपनी की योजना है कि एक से डेढ़ माह में फ्लाइट को शुरू किया जाएगा। 2 साल पहले तक इंदौर से केंद्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम उड़ान के तहत किशनगढ़ और बेलगाम के लिए सीधी उड़ानों का संचालन स्टार एयर कंपनी करती थी। हालांकि, किन्हीं कारणों से कंपनी ने 2 साल पहले इन्हें बंद कर दिया था।

इंदौर से रीवा के लिए फ्लायबिग कर सकती है उड़ान का संचालन पहले इंदौर-गोंदिया रूट पर फ्लायबिग एयरलाइंस ने फ्लाइट शुरू की थी। यह फ्लाइट कंपनी ने लगभग 4 साल पहले शुरू की थी लेकिन विंटर शेड्यूल में इसे बंद कर दिया था। वहीं, फ्लायबिग अब इंदौर से रीवा के बीच फ्लाइट शुरू करने की योजना बना रही है। बताया जा रहा है कि फ्लायबिग ने इस फ्लाइट को शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली है। बता दें कि फ्लायबिग वर्तमान में भोपाल, रीवा और खजुराहो एयरपोर्ट पर फ्लाइट का संचालन कर रही है।


#### 15 अप्रैल से इंदौर से गोवा के लिए दूसरी सीधी फ्लाइट

इंदौर-गोवा के बीच नई फ्लाइट 15 अप्रैल से शुरू होगी। इस फ्लाइट का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगी। यह फ्लाइट शुरू होने के बाद इंदौर से गोवा के लिए दो सीधी फ्लाइट हो जाएंगी। मौजूदा फ्लाइट इंदौर से प्रतिदिन दोपहर 12ः30 बजे रवाना होती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई फ्लाइट सुबह गोवा से इंदौर आकर दोपहर 12ः20 इंदौर से गोवा के लिए रवाना होगी। ऐसे में 10 मिनट के अंतराल में इंदौर एयरपोर्ट से दो फ्लाइट गोवा के लिए उड़ान भरेंगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस गोवा के लिए जो उड़ान शुरू करेगी, उसका संचालन नार्थ गोवा के मनोहर पर्रिकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होगा। अभी इंडिगो इंदौर से गोवा के बीच में एक डेली उड़ान का संचालन करती है। यह उड़ान साउथ गोवा के डेंबोलिंब एयरपोर्ट के लिए संचालित होती है। इंदौर से गोवा के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट सुबह 10ः05 बजे गोवा से रवाना होकर 11ः40 बजे इंदौर पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह दोपहर 12ः20 बजे रवाना होगी ओर दोपहर 3ः45 बजे गोवा पहुंचेगी।

---

# रामनवमी पर संवेदनशील इलाकों में विशेष फोर्स तैनात



सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में रामनवमी के पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस बार सुरक्षा के लिए शहर में दो हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स का प्रबंध किया गया। पुलिस ड्रोन के माध्यम से छतों पर निगरानी रख रही है। इस दौरान प्रभातफेरी, जुलूस और भंडारे जैसे आयोजनों पर विशेष ध्यान दिया गया।

#### पुलिस की तैनाती

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि जुलूस और शोभायात्राओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल तैनात किया गया। इन सुरक्षा बलों में सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस छतों पर भी निगरानी बनाए रखेगी और ड्रोन कैमरों के जरिए संवेदनशील इलाकों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, सभी थानों में अतिरिक्त गाड़ियां भी तैनात की गई।

#### संवेदनशील इलाकों में विशेष सुरक्षा

अमित सिंह ने बताया कि शहर के संवेदनशील इलाकों में विशेष पुलिस फोर्स तैनात की गई है। इन इलाकों में पुलिस लगातार नजर बनाए रखेगी और ड्रोन से निगरानी भी की जाएगी। पुलिस के पास 5 से 6 ड्रोन होंगे, जिनके अलावा प्राइवेट ड्रोन भी निगरानी के लिए लगाए जाएंगे। इसके अलावा, संवेदनशील इलाकों में पुलिस सहायता केंद्र भी बनाए जाएंगे ताकि लोगों को त्वरित मदद मिल सके। इस तरह की व्यवस्था से पुलिस सुरक्षा और व्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाए रखने में सक्षम होगी। रामनवमी के दौरान होने वाले भंडारों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था को सही बनाए रखने के लिए पुलिस ने अधिकारियों को आयोजकों से समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत आयोजकों से पहले ही ट्रैफिक व्यवस्था पर बात की जाएगी ताकि कहीं भी ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

---

# इंदौर में गर्मी ने दिखाए तेवर, तापमान 38 डिग्री पार

**कमजोर सिस्टम से अगले हफ्ते और बढ़ेगी गर्मी**

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में अप्रैल के पहले हफ्ते में ही गर्मी का असर महसूस होने लगा है। शनिवार को दिन का तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि शुक्रवार को यह 37.4 डिग्री सेल्सियस था। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखी गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अब सिस्टम कमजोर होने से अगले हफ्ते तापमान और बढ़ेगा, और गर्मी का असर तेज होगा।

शनिवार को सुबह 8 बजे ही पारा 27 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था, जो शाम 5 बजे तक 37.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। रात का तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस (+2 डिग्री) रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा था। इंदौर समेत प्रदेशभर में सोमवार और मंगलवार को हीट वेव (लू) का अलर्ट जारी किया



गया है। हालांकि यह अलर्ट उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में रहेगा, जबकि इंदौर संभाग में तेज गर्मी का असर देखा जा सकता है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि शुक्रवार को दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय था, जिससे गर्मी में कमी आई। लेकिन शनिवार को यह सिस्टम कमजोर हो गया, जिससे तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

#### इस महीने 7 से 10 दिन चलेगी लू

प्रदेश में अप्रैल महीने के दौरान मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा। पहले हफ्ते में हल्की नमी रही, लेकिन दूसरे हफ्ते से लू का असर बढ़ सकता है। सबसे गर्म आखिरी हफ्ता रहेगा, और इंदौर संभाग में भी लू चलने की संभावना है। इस बार तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। 7 अप्रैल से राजस्थान से जुड़े जिलों में हीट वेव का असर दिख सकता है, और 8 अप्रैल को वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने की संभावना है, जिसके कारण पूर्वी हिस्से में मौसम में बदलाव हो सकता है।

---

### इंदौर में 18 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत, रात को तेज दर्द उठा था सीने में

**इंदौर।** इंदौर में कम उम्र के लोगों को दिल का दौरा पड़ने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। द्वारकापुरी क्षेत्र में एक 18 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात को उसे सीने में तेज दर्द उठा और घबराहट महसूस हुई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने मौत की वजह हार्ट अटैक बताई। युवक का नाम अर्जुन पिता जवाहर पटेल है। अर्जुन को पहले से दिल से जुड़ी कोई बीमारी नहीं थी, लेकिन शनिवार रात उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। पहले परिजन उसे घर के पास के अस्पताल में ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे दूसरे अस्पताल में रैफर कर दिया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर घर में पूजा रखी थी। अर्जुन भी उसमें शामिल हुआ था। रात तक वह सामान्य नजर आ रहा था।

---

# डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया बोले- मरीजों की सेवा करना ही चिकित्सक का कर्तव्य

**एमवाय अस्पताल में दो दिनी न्यूरोसर्जरी कार्यशाला**

सत्ता सुधार ■ इंदौर

मेडिकल कॉलेज से संबंधित एमवाय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया और डिपार्टमेंट ऑफ़ न्यूरोसर्जरी एमजीएम मेडिकल कॉलेज के द्वारा सेरेब्रो वैस्कुलर स्टिमुलेशन कोर्स के अंतर्गत दो दिन की कार्यशाला जिसका शीर्षक माइक्रो वैस्कुलर स्टिमुलेशन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर अरविंद घंघोरिया एवं सुपरिंटेंडेंट एमवाय हॉस्पिटल के डॉक्टर अशोक यादव ने की।

कायक्रम में कोर्स कोआर्डिनेटर डॉक्टर जफर शेख, कोर्स चेयरपर्सन डॉ. राकेश गुप्ता, कोर्स ऑर्गेनाइजर डॉ. परेश सोंधिया, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉक्टर राघवन, कोर्स फैकल्टी डॉक्टर श्रीधर, डॉ. रजनीश कचारा, डॉक्टर शाश्वत



मिश्रा, डॉक्टर अनमोल रहेजा एवं न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडियन के प्रेसिडेंट डॉ. मनास पनीग्रही थे।

कार्यशाला का उद्देश्य माइक्रोवस्कुलर उत्तेजना, यानी विशेष रूप से माइक्रोवस्कुलर स्टिमुलेशन (एमवीएस) के संदर्भ में, जिसमें कपाल नसों पर दबाव को दूर करने के लिए उन्हें पास की रक्त वाहिकाओं से अलग करने के लिए सर्जिकल तकनीक शामिल होती है, जिसका उपयोग अक्सर ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया और हेमीफेशियल ऐंठन जैसी स्थितियों के इलाज के लिए किया जाता है।

इस सर्जिकल प्रक्रिया में ब्रेनस्टेम क्षेत्र तक पहुंचना शामिल है जहां कपाल तंत्रिकाएं उभरती हैं। आक्रामक रक्त वाहिका की पहचान करना और फिर आगे के संपीड़न को रोकने के लिए धीरे से इसे तंत्रिका से अलग करना शामिल है।

---

**स्थापना दिवस** | **नगर अध्यक्ष बोले- सिर्फ बीजेपी में साधारण कार्यकर्ता पीएम बनते**

# इंदौर के जावरा कंपाउंड में भाजपा कार्यालय पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर के जावरा कंपाउंड स्थित बीजेपी ऑफिस में रविवार सुबह पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटी गई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि हमारी पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। हालांकि, 1951 में जब जनसंघ की स्थापना हुई, तब से ही हमारा दल लगातार आगे बढ़ रहा था। लेकिन हमारे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद जब हम दोबारा खड़े हुए, तो



हमारे दूसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष की भी रहस्यमय तरीके से हत्या कर दी गई। फिर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा मीसा कानून लागू किया गया। इसके बावजूद हमारे संगठन के कार्यकर्ता डटे रहे। इसका मुख्य कारण यह है कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है, जो कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करता है।

#### कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर सेल्फी साझा करें

नगर अध्यक्ष ने बताया कि, यह एकमात्र पार्टी है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता प्रधानमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष तक बन सकता है और सभी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करता है। सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करें। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि लोग हमसे पूछते हैं कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कैसे बन गई। इसका जवाब है, इस पार्टी से जो भी कार्यकर्ता एक बार जुड़ता है, वह कभी इसे छोड़ता नहीं है। और जो छोड़ देता है, वह किसी और से नहीं जुड़ पाता। यह एकमात्र पार्टी है जो देशभक्ति सिखाती है, देश से प्रेम करना सिखाती है और हमारी संस्कृति, सनातन धर्म, भगवान राम व भगवान कृष्ण की बात करती है। आज हमारे लिए विशेष दिन है क्योंकि आज भाजपा का स्थापना दिवस और रामनवमी एक साथ है।

**ये जनप्रतिनिधि हुए शामिल-** नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रवक्ता आलोक दुबे, नरेंद्र सलूजा, अंजू माखीजा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, सूरज केरो, अक्षय कांती बम, सुधीर कोल्हे, भरत पारिख, वृंदा गौड़, मुद्रा शास्त्री, अनिल गौहर, अजय सिंह नरूका, रामदास गर्ग, रितेश तिवारी, नितिन द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

#### पार्टी-संगठन को निरंतर आगे ले जाना है

प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली है कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य हैं। हमने 21 अक्टूबर 1951 जनसंघ से लेकर एक लंबी लड़ाई लड़ी है और आज हमारा दल एक बेहतर मुकाम पर है। हमें इसी तरह अपनी पार्टी और संगठन को निरंतर आगे लेकर जाना है।

#### समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए कार्य कर रही है पार्टी

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित अंत्योदय योजना शुरू की गई थी। आज केंद्र सरकार, राज्य सरकार और इंदौर नगर निगम मिलकर समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। इसका परिणाम है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं।

### बड़ी संख्या में भक्तों ने दी कनक दंडवत परिक्रमा

# हवन यज्ञ भंडारे के साथ चैत्र नवरात्र का समापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले भर में चैत्र नवरात्र श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ रविवार को संपन्न हो गए। इससे पूर्व शनिवार की रात से ही मंदिरों पर हवन यज्ञ आरंभ हो गए, जो रविवार की सुबह समाप्त हुए और उसके बाद कन्या व लांगुर को भोज कराकर लोगों ने अपने व्रत पूर्ण किए। इधर श्री महामाया मंदिर पर शनिवार की शाम से ही बड़ोखर माता मंदिर तक कनक दंडवत देने वालों की भारी भी देखने को मिली। नवरात्र को देखते हुए शहर के मंदिरों पर पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके।





चैत्र नवरात्र की अष्टमी के दिन शनिवार की शाम गोपीनाथ की पुलिया स्थित महामाया मंदिर से बड़ी संख्या में भक्तों ने बड़ोखर माता मंदिर तक कनक दंडवत परिक्रमा की, जिसे देखते हुए जगह-जगह पुलिस बल तैनात था और पुरुष एवं महिला भक्तों द्वारा कनक दंडवत परिक्रमा की गई। इस अवसर पर मंदिर पर भारी भीड़ देखने को मिली। पिछले आठ दिन से चल रहे चैत्र नवरात्र के दौरान महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सिंह राजपूत एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर की व्यवस्थाओं को संभाला गया। इसके साथ ही महामाया मंदिर पर रात्रि 11:00 बजे आचार्य पंडित बनवारी लाल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ सामूहिक हवन यज्ञ कराया गया, जो सुबह 5:00 बजे संपन्न हुआ। उसके बाद कन्या व लांगुरों को भोज कराया गया। शहर के बड़ोखर माता मंदिर, श्री ज्ञान ज्ञानेश्वरी देवी मंदिर, श्री मंशा पूर्ण माता मंदिर, श्री काली माता मंदिर नैनागढ़ रोड, श्री पीतांबरा मंदिर स्टेशन, पीपल वाली माता मंदिर सहित चंबल अंचल की प्रसिद्ध माता बसैया मंदिर कुंतलपुर स्थित हरसिद्धि देवी मंदिर, निरार माता मंदिर, बहरारे वाली माता मंदिर आदि पर लगातार श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा, वहीं मेले आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं ने पहुंच कर माता की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की।

## भए प्रगट कृपाला दीन दयाला के उद्घोष के साथ मंदिरों में मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव

सत्ता सुधार ■ मुरैना

रविवार को श्री राम जन्मोत्सव शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया, जहां पट खुलते ही भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के स्वरों से मंदिर गूंजायमान हो गए और जय श्री राम के उद्घोष होने लगे। श्री राम जन्मोत्सव के दौरान मंदिरों में महिला पुरुष बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही शहर के प्रमुख जीवाजीगंज श्री राम जानकी मंदिर, श्री बांके बिहारी जी मंदिर, गणेशपुरा की पुलिया स्थित गुफा मंदिर, पुराना चुंगी नाका रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर, श्री घिरोना हनुमान जी मंदिर, हनुमान चौराहा राम दरबार मंदिर आदि पर भगवान के दरबार को फूलों एवं विद्युत रोशनी से सजाया गया और श्री राम एवं सीता की मूर्तियों को आकर्षक परिधान एवं आभूषण पहनाऐ गए। दोपहर के ठीक 12:00 सभी मंदिरों में



एक साथ भगवान राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया और आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त भगवान के लिए शगुन लेकर पहुंचे व मिठाई, वस्त्र एवं अन्य सामान मंदिर में भेंट किया गया। आरती के पश्चात भगवान को भोग लगाया गया तथा प्रसादी वितरण की गई।

## ब्रीफ न्यूज

### अम्बाह शाखा नहर पर किया सफाई कार्य

**मुरैना।** जल संसाधन ए.बी.सी. उप संभाग क्र. 1 सबलगढ़ के विभागीय कर्मचारियों द्वारा 05 अप्रैल 2025 को अम्बाह शाखा नहर की आर.डी. 1770 मी. पर पर जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी व जन सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।

### टीएल बैठक 7 अप्रैल को

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रकों की समीक्षा बैठक 7 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गयी है। बैठक में सभी अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### वरिष्ठ समाजसेवी के निधन पर स्थानीय लोगों ने जताया शोक



**झुण्डपुरा।** क्षेत्र के समाजसेवी एवं युवा नेता पुष्पराज सिंह सिकरवार के दादाजी क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम सिंह सिकरवार संरपच का अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया, वे 105 वर्ष के थे तथा कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। दिवंगत प्रीतम सिंह सिकरवार दो दशक तक वरैण्ड के सरपंच रहे। स्वर्गीय श्री सिकरवार मिलनसार हंसमुख जरुरतमंद लोगों की हर संभव हर समय मदद करने के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनकी अन्तिम यात्रा में जनप्रतिनिधि, नेता, पत्रकार, शिक्षक, व्यापारी सहित स्थानीय लोग सम्मिलित हुए तथा उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। स्वर्गीय श्री सिकरवार अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। उनके निधन पर कस्बे सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, व्यापारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की तथा दुःख की इस घडी में उनके परिवार को दुःख सहन करने तथा उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की।

# मजदूरी करने ग्वालियर जा रहे पिता पुत्र को ट्रक ने कुचलकर उतारा मौत के घाट

### ट्रक जप्त, आरोपी फरार





सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के बानमोर थाना क्षेत्र में थाने के ठीक सामने बाइक से सड़क क्रॉस कर रहे पिता पुत्र को पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक के चालक ने कुचल दिया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख भीड़ दौड़ी तो चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और पिता पुत्र के शव का पीएम कराकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 6:30 बजे सुरेश पुत्र स्वर्गीय रामचरण प्रजापति 45 वर्ष निवासी खदान रोड बानमोर अपने पुत्र निलकेश प्रजापति 25 वर्ष के साथ बाइक पर बैठकर ग्वालियर मजदूरी करने के लिए घर से निकला, जैसे ही उनकी बाइक थाने के सामने से ग्वालियर जाने के लिए क्रॉस हुई, तभी मुरैना से ग्वालियर की और तेज गति से जा रहे ट्रक क्रमांक एचआर 55 एएल 2074 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक सवार पिता पुत्र को कुचल डाला, जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई, वहीं पुलिसकर्मी भी मौके पर आ गए। इस दौरान ट्रक का चालक ट्रक छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जप्त कर लिया गया, वहीं मृतक पिता पुत्र के शव का पीएम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि दोनों पिता पुत्र मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे और उसका पुत्र भी शादीशुदा है तथा बच्चे हैं। अब दोनों मुखियाओं के घटना में चले जाने से परिवार पर गहरा वज्रपात हुआ है, इस घटना से परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### परिजनों ने मांगी सरकार से सहायता

**रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक से कुचलकर मृत हुए सुरेश एवं उसके पुत्र के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और वहां रो-रोकर हा हा कार मचा दिया। परिवार जनों ने बताया कि घर में वही दोनों कमा कर लाने वाले थे, उनकी मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है तथा पहले से ही वह आर्थिक रूप से परेशान थे। मृतक के परिवार ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि वह सरकार तक उनकी बात पहुंचाकर सहायता दिलाए, जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके।**

### पहले रेत के ट्रैक्टर ने बाइक को गिराया, बाद में ट्रक ने कुचला

नेशनल हाईवे पर तीव्र गति से दौड़ रहे रेत माफिया द्वारा आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार की सुबह मजदूरी करने जा रहे पिता पुत्र को बानमोर थाने के ठीक सामने क्रॉसिंग पर पहले रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया और उसके बाद पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने दोनों को कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल जहां मृतक पिता पुत्र एवं उनकी बाइक पड़ी है, वहां पर रेत भी पड़ा हुआ है।

## अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 7 जोड़ों का संबंध हुआ तय



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शनिवार एवं रविवार को आयोजित दो दिवसीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अंतिम दिन साथ जोड़ों का वैवाहिक बंधन में बंधना तय हुआ। शनिवार एवं रविवार को दोनों दिन मंच पर पंजीयन हुए सभी 500 युवक एवं युवतियों का परिचय कराया गया। इसके बाद वहां मौजूद लड़का-लड़की के परिजनों द्वारा आपस में बातचीत कर एक दूसरे को समझा। रविवार को अंतिम दिन शाम तक 7 जोडे तय हुए।

कार्यक्रम के दौरान 22 राज्यों से आए अग्रवाल समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों का अग्रवाल समाज द्वारा मंच पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से नेपाल अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कौशल किशोर, पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय महामंत्री रमेश कुमार जैन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंगला, उडीसा राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश जैन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मृदुला अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी भारती अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश विष्णु मुरारी अग्रवाल फिरोजाबाद वाले, ब्यावरा से रितेश अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भानु प्रकाश बंसल आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम आयोजन और उसका सफल व्यवस्थापन कार्य राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल और उनकी टीम द्वारा संभाला गया। सम्मेलन की व्यवस्थाओं को संभालने में मुख्य रूप से परिचय सम्मेलन के संयोजक अजय अग्रवाल, प्रचार प्रसार संयोजक एडवोकेट पदम चंद जैन, महासचिव नरेश अग्रवाल, संभाग अध्यक्ष दिनेश बंसल, मंत्री धीरज गर्ग, अशोक गुप्ता एहरोली, मुरारीलाल सिंघल, अशोक अग्रवाल, विनोद मंगल, उमेश गुप्ता आदि के द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया।

## शादी नहीं करने पर परिजनों की मारपीट कर नाबालिक का किया अपहरण

### धौलपुर से हुई बरामद

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिविल लाइन थाना अंतर्गत हिंगोना खुर्द गांव से एक और 2 अप्रैल की रात्रि हथियारों की दम पर परिजनों की मारपीट कर आधा दर्जन आरोपी 14 वर्षीय नाबालिक को सोते समय उठाकर अपहरण कर ले गए। चार दिन पश्चात पुलिस ने शनिवार की देर रात लड़की को बॉर्डर पर बसे राजस्थान के धौलपुर जिले से बरामद कर लिया है और लड़की के बयान लिए जा रहे हैं। पुलिस ने फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी से इनकार किया है। एक और पुलिस बड़े-बड़े दावे कर रही थी कि शीघ्र ही अपहरण करने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन लड़की बरामद होने के बाद भी एक भी आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिससे पुलिस की नाकामी साफ दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि शिवानी पुत्री रामाधार गुर्जर 14 वर्ष निवासी हिंगोना खुर्द एक बार 2 अप्रैल की देर रात्रि घर में सो रही थी, तभी आरोपी लखन गुर्जर, शिवराज गुर्जर, जापान गुर्जर, टाइगर गुर्जर, भूपेंद्र गुर्जर, देवेंद्र उर्फ नैहने गुर्जर चार पहिया वाहन से मकान के पिछवाड़े आए और हथियारों की दम पर परिजनों की मारपीट कर नाबालिक का अपहरण कर ले गए। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया और पुलिस के माथे पर भी चिंता की लकीरें छा गई। गुर्जर समाज के लोगों द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर लगातार पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस द्वारा उक्त मामले में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू की गई। बताया जाता है कि शनिवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हिंगोना खुर्द से अपहरण की गई शिवानी धौलपुर में है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची और शिवानी को बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी एक भी नहीं मिला। इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपाली चंदोरिया का कहना है कि अभी लड़की के बयान लिए जा रहे हैं। पूरा मामला सामने आने पर डिटेल बताई जाएगी। घटना के पीछे जो कारण सामने आया है वह यह कि 7 वर्ष पूर्व रामाधार एवं उसके परिजनों ने देवेंद्र के साथ शिवानी के संबंध की बात चलाई थी, अब उन्हें लड़का पसंद नहीं आया और लड़की नाबालिक थी तथा लड़का 26 वर्ष का है, इस कारण संबंध कैंसिल कर दिया गया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने उक्त वारदात को अंजाम दे डाला।

**आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस हुई विफल**

## भाजपा के महामंत्री की माता बसैया मंदिर पर जेब काटने का वीडियो आया सामने

### जेब से 11000 रूपए गायब

सत्ता सुधार ■ मुरैना

भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री गत दिवस जिले के माता वसैया थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर पर दर्शन के लिए गए हुए थे, जहां भीड़ में किसी ने उनकी जेब काट ली। घटना का वीडियो भी सामने आ गया है, जिसमें एक ब्लैक शर्ट पहने युवक पीछे लगा था और उसके द्वारा इसी का फायदा उठाते हुए जेब में रखे 11500 हजार रुपए गायब कर दिए। उक्त घटना की शिकायत महामंत्री द्वारा पुलिस थाने में की गई है।



जानकारी के अनुसार भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री रवि सोनी शुक्रवार को स्थानीय प्रसिद्ध माता मंदिर बसैया वाली माता पर दर्शन के लिए गए थे, जहां पर विशाल मेला लगा हुआ था और भारी भीड़ मौजूद थी। माता के दर्शन के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब काटकर 11500 रूपए गायब कर दिए। उक्त घटना शनिवार दोपहर की बताई गई है। जब इसकी सूचना भाजपा नेता एवं महामंत्री रवि सोनी ने मंदिर प्रशासन, स्थानीय पुलिस को दी तो उन्होंने मंदिर के कैमरे को खंगाला जिसमें साफदिखाई दे रहा है कि एक काली टीशर्ट वाले व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठाते हुए बड़ी सफाई से उनकी जेब से पर्स गायब कर दिया। सूत्र बताते हैं कि यह कोई बाहर का चोर नहीं, स्थानीय निवासी ही है जो कि माता मंदिर पर लगने वाले मेले में आए श्रद्धालुओं के साथ आये दिन घटना को अंजाम देते हैं, लेकिन मंदिर प्रशासन व पुलिस यहां निष्क्रिय बना रहता है। यह सब पुलिस और मंदिर के कुछ लोगों की मिली भगत से चल रहा है। माता मंदिर के आसपास पूरा का पूरा ग्रामीण क्षेत्र है, जो स्थानीय निवासियों का क्षेत्र है, इसलिए वह लोग एकत्रित होकर दर्शनार्थियों के साथ बड़ी घटना को अंजाम दे देते हैं। आए दिन ऐसी घटना माता बसैया मंदिर पर देखने को मिलती है। अब देखना होगा कि पुलिस जेबकट को गिरफ्तार कर चोरी गए रूपयों को वापस दिला पाती है अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि माता बसैया मंदिर पर चैत्र नवरात्र में विशाल मेला आयोजित होता है और यहां जिले भर से श्रद्धालु आते हैं, इसी भीड़ का चोर, जेबकट फायदा उठाते हैं और लोगों की जेब काटकर निकल जाते हैं।

### शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त, दो वनकर्मी घायल

# देवगढ़ थाना क्षेत्र में वन विभाग व पुलिस बल पर रेत माफिया ने किया हमला

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र नंदपुरा की पुलिया पर बीती रात्रि रेत माफिया पर कार्यवाही करने गई वन विभाग एवं एसएएफबल पर ट्रैक्टर छुड़ाने के इरादे से रेत माफिया ने हमला बोल दिया, लेकिन टीम ने साहस दिखाते हुए ट्रैक्टर को देवगढ़ थाना परिसर में पहुंचा दिया। इस हमले में शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं वन विभाग के दो कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा वन विभाग के एसडीओ की रिपोर्ट पर से ट्रैक्टर चालक एवं कुछ अन्य रेत



माफियाओं के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। एसडीओ भूरा गायकवाड शनिवार की रात आए दिन की तरह रेत माफियाओं पर कार्रवाई करने के इरादे से गेम रेंज देवरी, वन परिक्षेत्र मुरैना एवं एसएएफ बल की टीम के साथ मुरैना, जौरा, कैलारस एवं गेम रेंज देवरी क्षेत्र के अंतर्गत देवगढ़ थाने के आसपास एवं नहर के किनारे क्षेत्र में गस्त कर रहे थे। गस्ती के दौरान देवगढ़ थाने की निकटतम नंदपुरा पुलिया के पास मुख्य मार्ग से कच्चे मार्ग की ओर लगभग 200 मीटर की दूरी पर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करता हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली देख कर उस पर करवाई करने पहुंचे तो चालक घबरा गया और उसने ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ भागने का प्रयास किया परंतु वह ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर खेतों में भाग निकला। जब कार्रवाई करने वाली टीम ट्रैक्टर ट्रॉली को थाने में सुरक्षा हेतु कच्चे मार्ग से पक्के मार्ग पर पहुंची, उसी समय रेत माफिया ने सरकारी वाहनों पर पथराव करते हुए वाहन को छुड़ाने का प्रयास किया। इस पथराव के दौरान दो शासकीय वाहन में मामूली क्षतिग्रस्त हो गए तो वहीं दो वन विभाग के कर्मचारी घायल हो गए, रेत माफिया से बचते हुए वन विभाग की टीम बड़ी मुश्किल से थाने पर पहुंची और ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस के हवाले किया। उसके पश्चात एसडीओ द्वारा घटना की सूचना वन मंडल अधिकारी मुरैना को दी गई और वाहन चालक एवं अन्य आरोपी के विरुद्ध देवगढ़ थाने में एफआई. आर.दर्ज कराई गई। जप्त ट्रैक्टर ट्रॉली की कीमत 6 लाख रूपए बताई गई है तथा घटना के बावजूद भी वन विभाग की टीम रेत माफिया पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटी।

## जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा की नवीन कार्यकारिणी गठित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा मुरैना के सदस्य अंजलि जैन के निवास पर आयोजित बैठक में जैन मिलन महिला वर्धमान शाखा मुरैना 25-26 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय संयोजिका सरिता जैन और चेयरपर्सन बबिता जैन के माध्यम से चुनाव प्रकिया शुरू की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष सुप्रिया जैन, मंत्री अंजलि जैन व कोषाध्यक्ष निधि जैन को निर्वाचित किया गया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने मिलकर नव निर्वाचित कमेटी का माल्यार्पण कर तिलक लगाकर तालियों से स्वागत और सम्मान किया। बैठक में शाखा में तीन नए सदस्य सरिता जैन, शशि जैन, बीना जैन को शमिल किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुप्रिया जैन ने महावीर जयंती समारोह पर होने वाले कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर चर्चा की।अंतिम चरण में मंत्री अंजलि जैन ने सभी को स्लपहार कराया और गिफ्ट दिए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजिका सरिता जैन, चेयरपर्सन बबिता जैन, कार्यकारिणी सदस्य रजनी जैन, अध्यक्षा सुप्रिया जैन, सरिता जैन, शशि जैन, बीना जैन, खुशबू जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### समर कैंम्प का शुभारम्भ



**हरदा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय नेहरू स्टेडियम में 7 अप्रैल सोमवार को प्रातः 9.30 बजे से समर केम्प का शुभारम्भ किया जायेगा ।मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि समस्त खिलाड़ी और परिजन समस्त खेल प्रेमी इस अवसर पर सादर आमंत्रित है। समर केम्प में भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम की कोच कृतिका चारवे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी तथा समर केम्प में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देगी । राहुल विश्नोई कोच जोधपुर राजस्थान और रणजी खिलाडी अमरजीत सिंह द्वारा भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा । एम.पी.सी.ए. के ओ लेवल के कोच भी समर केम्प के दौरान उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। जिला क्रिकेट द्वारा जिले में प्रथम बार खिलाड़ियों को प्रशिक्षण हेतु दो टर्फ विकेट भी तैयार की गई है । जिसका शुभारम्भ भी किया जायेगा । क्रिकेट खेल में जिले से अच्छी प्रतिभाओं को निखारने के लिए समर केम्प में एक कोटा पिच, दो टर्फ विकेट, बालिग मशीन, केचिंग मशीन भी रहेगी। इस के अलावा केम्प के दौरान खिलाड़ियों का स्वास्थ प्रशिक्षण भी किया जावेगा ।

### कलेक्टर कोचर ने किया ईव्हीएम वेयर हाऊस का किया मासिक निरीक्षण

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज ईव्हीएम मशीनों के नवीन वेयर हाऊस का मासिक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कोचर ने मासिक निरीक्षण एवं त्रैमासिक निरीक्षण की कार्यवाही के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि कोमल अहिरवार, एड. रामलाल उपाध्याय, बीरेन्द्र ठाकुर, ईव्हीएम वेयर हाऊस इंचार्ज सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर मांडवी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### अरुण यादव ने पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रुपये की मांग रखी

**खंडवा** । जिला खंडवा का एक छोटा सा गांव, जो पिछले कुछ दिनों से गहरे शोक में डूबा हुआ है। 3 अप्रैल को हुए दर्दनाक हादसे में आठ मासूम ग्रामीणों की जान चली गई। शुक्रवार को जब एक साथ आठ अर्थियां गांव से उठीं और श्मशान घाट पर एक साथ आठ चिताएं जलीं - तो वहां मौजूद हर आंख नम हो गई। लेकिन अफसोस की बात ये है कि शनिवार को इसी मातम में कुछ चेहरों को मौका नजर आया - राजनीति का, सुर्खियों का और कैमरे के सामने आने का। सूत्रों के अनुसार, पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके अरुण यादव का उस दिन बुरहानपुर जाने का कार्यक्रम था, लेकिन वे अचानक कोंडावत पहुंच गए। गांव तक के रास्ते को व्यवस्थित किया गया - मीडिया को पहले से सूचना, गाड़ियों की व्यवस्था, और कुछ खास पत्रकारों को तो खाने-पीने का न्योता भी। अरुण यादव ने मौके पर सरकार की राहत राशि को कम बताते हुए पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख रुपये की मांग रखी।

# हर गरीब पात्र व्यक्ति को पक्के मकान देने का सरकार का संकल्प : संस्कृति राज्यमंत्री

सत्ता सुधार ■ दमोह




पहले समुदायिक भवन 5 लाख 10 लाख के बनते थे, लेकिन अब छोटा समुदायिक भवन नहीं बनाएंगे, 25 लाख का बड़ा समुदायिक भवन बनाएंगे और उसमें इतना बड़ा एक हाल रहेगा, जिसमें ढाई से 300 लोग बैठ पाएंगे। दो तीन कमरे भी रहेंगे, लेट, बाथरूम अटैच रहेगा और उसमें किचन भी रहेगा, यह सामुदायिक भवन 25 लाख की राशि से बनकर तैयार होगा, इसका लाभ गांव के सारे लोग ले पाएंगे। जल्द ही इसका काम शुरू होगा। दो 3 दिन के अंदर काम शुरू होगा। सामुदायिक भवन बनने से निश्चित रूप से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विजय सागर में 15 लाख, धाना मैली एवं जलेहरी में 25-25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन करते हुये व्यक्त किये।

संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सामुदायिक भवनों के लिये भूमि पूजन किया है, कार्य गुणवत्ता पूर्व तरीके से किये जायें। सामुदायिक भवन इतना पक्का बने कि भविष्य में एक मंजिल और बना पायें। आप लोगों के कारण आज हम विधानसभा में फिर से विधायक बने और फिर मंत्री बने, निश्चित रूप से एक बहुत अच्छा काम लाड़ली बहनों ने किया और हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का तो मानना है, कि ÷फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हज़ारों में मेरी बहना है इसीलिए हर बहन के खाते में 1000 रूपये से शुरू करके 1250 रूपये डाले जा रहे हैं, रक्षाबंधन पर 250 रूपये और मुख्यमंत्री जी ने अलग से बोनस दिया, लाड़ली बहनों के लिए भी हम काम कर रहे हैं। किसानों के लिए भी हम काम कर रहे हैं। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा घोषणा पत्र में हमने यह कहा था कि जब हमारी सरकार बनेगी तो हम 5 साल में गेहूं का दाम बढ़ाएंगे और 2700 रूपये क्विंटल गेहूं खरीदेंगे। इस साल गेहूं सरकार 2600 क्विंटल खरीद रही हैं, और अगली बार 2700 रूपये का हमने वादा किया है 2700 से ज्यादा में गेंहूं खरीदेंगे। सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि दे रही है।

राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा सतधरू से जैसे हर गांव में पीने का पानी आ रहा है, वैसे ही किसान की सिंचाई के लिए किसान के खेत में पाइप लाइन के द्वारा पानी पहुंचेगा। जब किसान समृद्ध होंगे, कई फसलें लेंगे तो निश्चित रूप से प्रदेश में समृद्धि बढ़ेगी। किसानों को 3 से 4 फसलों का पानी मिलेगा। केन-वेतबा नदी को व्यारमा नदी से जोड़ा जा रहा है। घटेरा के आगे एक बड़ा बांध बनेगा जिससे किसान के लिये सिंचाई के लिये पानी पहुचाया जायेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री जी कहते हैं किसान भाई अपनी जमीन नहीं बेचें आने वाला समय किसानों का है। उन्होंने कहा बांध बनने से कोई गांव नहीं डूबेगा। कुछ लोग तो इस प्रकार की भ्रम फैला रहे हैं, कि घटेरा के आसपास के गांव डूब जाएंगे तो कोई गांव डूबने वाला नहीं है।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा जब बेटियां 21 साल की होगीं तो सरकार के द्वारा 1 लाख 18 हजार रूपये मिलेंगे । बिटिया का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में करवाओगे तो 50 हजार रूपये का चेक मिलेगा। सरकार आपकी मदद कर रही है, 4 मई को तेंदूखेड़ा में विवाह है, और 9 जून को जबेरा कृषि पर मंडी में विवाह सम्मेलन रखा गया है, तो गरीब कन्याओं के विवाह कराने का संकल्प भी सरकार का संकल्प है। अपने रजिस्ट्रेशन करा लें । लाड़ली बहनों को पैसे दे रहे अपने घर में बेटी पैदा होती है, तो लाड़ली लक्ष्मी बना रहे और बिटिया जब 21 साल की होगी तो ?1,18,000 बिटिया को मिलेंगे। तो बिटिया की शादी धूमधाम से करो और अभी सरकार ने और बिटिया का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से करवाओ। अभी अपन ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के विवाह फिर होने वाले हैं। पिछले बार हमने 2000 विवाह करवाए थे। तेंदूखेड़ा में इस बार 4 मई को तेंदूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान की विवाह होने होने वाली है, तो जिन लोगों के विवाह होना है, तो वो अपना रजिस्ट्रेशन करवा देंगे तो विवाह उसमें करवाएंगे तो ?50,000 का चैक दिया जायेगा। हर घर में पीने का पानी पाइप लाइन के द्वारा 50-60 किलोमीटर दूर से आपके गांव में पानी पहुँच रहा है। माताओं बहनों को कहीं पानी भरने बाहर नहीं जाना पड़ रहा है। कितनी अच्छी व्यवस्था सरकार कर रही है।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने घोषणा की है, कि धान में 4 हजार रूपये हेक्टेयर का बोनस अलग से देंगे। मतलब किसान जो धान बेचेंगे वह तो अलग है, लेकिन जिन्होंने धान की खेती की है, उनको 4 हजार रूपये हेक्टेयर की राशि हम और देंगे यह सरकार निरंतर किसानों की भी चिंता कर रही है।

# राजाबरारी में नल-जल योजना ठप्प, जल संकट गंभीर

## यदा कदा खुलता है पंचायत का ताला



सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के टिमरनी ब्लाक अंतर्गत राजाबरारी पंचायत में रोड बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सालय जैसी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है शासन द्वारा भले ही इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने का दावा किया जाये किंतु जरूरमंदो को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। नल जल योजना शोपीस बनी हुई है, लाखों खर्च होने के बाद भी घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पाइपलाइन बिछाने और अन्य कार्यों में लाखों रुपये खर्च होने का कोई मतलब नहीं निकल रहा है।

### राजाबरारी में सड़क की समस्या

सड़क की समस्या से आवागमन वाधित है। जगह-जगह गड्ढे बने हैं जिसके कारण आवागमन में दिक्कत होती है। देखने के लिए पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केंद्र आदि खुले हैं किंतु इसका लाभ शासन की मनसा के अनुरूप नहीं मिल पा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र पशु चिकित्सालय कभी-कभी खुलता है। सड़क मरम्मत के नाम पर भारी भरकम राशि खर्च होने पर भी सड़क की स्थिति में कोई तथा आशकित सुधार नहीं हो पाया है।

### साफ सफाई पर जोर नहीं

राजाबरारी पंचायत में कागज पर साफ-सफाई भले ही हो रही हो किंतु वास्तव में स्वच्छता के नाम पर नाम मात्र के ही काम ही करवाये गए हैं। सफाई करके कीटणुनाशक दावाओं के छिड़काव में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। पंचायत अभिलेख के आधार पर भौतिक सत्यापन करके हकीकत का पता लगाया जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। जगह-जगह कचरा और गंदगी का ढेर लगा हुआ है जो सड़क पर बदबू दे रहा है इससे वातावरण दूषित है और मच्छर पनप रहे हैं। मलेरिया डेंगू सहित अन्य बीमारियों के फैलने का अंदेशा है इतने पर भी साफ सफाई में रुचि नहीं दिखाई जा रही है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है।

### पशु चिकित्सालय में बंद, लगा रहता है ताला

लाखों की लागत से पशु चिकित्सालय को बनवा दिया गया है किंतु वहां ताला लगा रहता है। कभी-कभी पशु चिकित्सालय का ताला खुलता है। बीमार पशुओं का उपचार कराते है। पशुपालक निजी चिकित्सकों पर निर्भर है। देशी इलाज कराके ही लाभ पशुओं का इलाज करते हैं बच गए तो पशुओं की किस्मत । पशु चिकित्सक की पदस्थापना तो की गई है किंतु सप्ताह व महीने भर में कभी कभार आते है। बरसात पूर्व लगने वाले टीके आदि लगाने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। पशुपालक परेशान है, आवाज उठाते हैं फिर भी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। इसको लेकर आक्रोश का माहौल है। पंचायत में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं के समाचार में अभिरुचि नहीं दिखाई जा रही है। लोग शिकायत करते हैं इसके बाद भी जांच-पड़ताल कर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। चंद दिनों पूर्व ही जनसुनवाई में महिलाओं द्वारा पानी की शिकायत की गई थी। मजदूरों को मदरेगा के तहत मजदूरी नहीं मिलने से अधिकांश मजदूर पलायन करके बाहर चले गए हैं। यही हाल है तो पंचायत के आक्रोर्शित लोग सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे। जिला कलेक्टर राजाबरारी पंचायत में टीम भेजकर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा कराकर भौतिक सत्यापन करवाए तो सब कुछ पता चल जायेगा ।




### कभी-कभी खुलता है पंचायत का ताला -

कभी-कभी पंचायत का ताला खुलता है। ग्राम सभा व अन्य कार्यवाही कागज पर कर ली जाती है। प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा के काम, पेंशन, अन्य योजनाओं के लाभ में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। जिसको लेकर आक्रोश का माहौल है सचिव के रवैये की जांच पड़ताल की जाये और जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। सचिव के पास एक नहीं दो पंचायतों का चार्ज होने से यदा-कदा पंचायत खुल पाती है।

### क्या कहते जवाबदार -



अब वहां पोस्टिंग हो गई है, इस समय पशु गणना कार्य चल रहा है तो प्रभारी गांवों में जाकर गणना कार्य कर रहे हैं। इसलिए हो सकता है कि बंद कर के जाते हों, अकेला है दूसरा स्टाफ नहीं है, फिर भी मैं देखता हूं।

**डॉ. एस.के. त्रिपठी, जिला पशु चिकित्सक, जिला पशु चिकित्सालय, हरदा।**

## शोभा यात्रा निकली ,बड़ा बम से बजरंग चौक तक राम रथ यात्रा जगह-जगह यात्रा का हुआ स्वागत

**खंडवा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले भर में राम नवमीं के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के दिन सुबह 8 बजे बड़ाबम प्राचीन राम मंदिर चौराहे से भजन मंडलियों के द्वारा संगीतमय भजनों की प्रस्तुति के साथ रामरथ शोभायात्रा निकाली गई, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि विगत 25 वर्षो से समाजसेवी डॉक्टर मुनीष मिश्रा के संयोजन में राम रथ यात्रा निकाली जा रही है, रामनवमी के अवसर पर रविवार को यात्रा निकली जिसमें पुरुष सफेद वस्त्र तो महिलाएं पीली, केसरिया साड़ी धारण किए हुए थी। कलश यात्रा में सबसे आगे घोड़े बागी बीच में बैंड-बाजे पर बज रही रामधुन सहसा ही मन को लुभा रही थी। बड़ाबम जूना राम मंदिर से राम भक्तों द्वारा राम रथयात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर बजरंग चौक मुनिबाबा मंदिर पहुंची जहां पर सभी राम भक्तों ने मंदिर में दर्शन कर आरती के बाद प्रसादी ग्रहण की। सामाजिक एकता की यह यात्रा का जगह-जगह पर सभी धर्मो के लोगों ने पुष्प वर्षा एवं जलपान ग्रहण करवा कर स्वागत कर शोभायात्रा में भाग लिया।

# श्रीराम नवमी पर भव्य रामरथ यात्रा निकाली

नवमीं तिथि मधु मास पुना,
सुकल पच्छ अभिजित हरी प्रीता
मध्यदिवस अति सीत न गामा,
पावन काल लोक विश्राम

सत्ता सुधार ■ खंडवा



भगवान विष्णु के छठें अवतार, प्रत्येक भारतीय के आराध्य देव भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर स्मारक डॉ. मुनीश मिश्रा एवं राम भक्त बड़बम स्थित राम मंदिर से भव्य राम रथ यात्रा। यात्रा में डॉक्टर मिश्रा, मेयर अमृता अमर यादव, लाला सिंह उबे जा, लखनलाल नागौरी, निकोलस गुप्ता, शांतनु दीक्षित, सुनील बैसाख, कडवा पटेल, सुनील जैन, किशोर गुप्ता, देवेन्द्र जैन सहित रामभक्त मठ चल रहे थे। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो बड़ा बम, कुम्हार बड़ा, मालीकुंआ, बुधवारा, केवलराम चौक, बांबे बाजार, घंटाघर में बजरंग चौक स्थित राम मंदिर में समापन हुआ। यात्रा में पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिला केसरिया वस्त्र पहने हुए राम भजन के साथ चल रही थी। डॉ. मिश्रा द्वारा सन 1998 से निरंतर रथयात्रा निकाली जा रही है जिसमें सभी उत्साह में प्रभु की भक्ति शामिल है। जिसमें बग्गी पर श्रीराम के चित्र के साथ कथावाचक पं. जोशी और रामायण मंडल द्वारा राम भजन जन्म उत्सव की बधाई गीत प्रस्तुति की। भक्ति भाव से सरो बार रथ यात्रा का सभी धर्मों द्वारा स्वागत किया गया जिसमें राजीव शर्मा परिवार, दीपू मिठाईवाले, मालीकुइना पर लिबरल नरेडी, रविवार को वेद चौधरी, शकील खान हितेंद्र पालीवाल आदि ने रथ में श्रीराम की बंदना के साथ डॉ. मुनीष मिश्रा का पुष्पमाला से स्वागत कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। हॉगघर चौक पर कन्याकुब्न ब्राह्मण सखी महल द्वारा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

यात्रा करें बजरंग चौक स्थित राम मंदिर में ममापन हुआ जहां बजरंग चौक की धर्म सभा हुई जिसमें नेता कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि वर्षो की प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन गया है और हम सभी एक बार अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ। व्युत्पत्ति डॉ. मुनीष मिश्रा ने कहा कि श्रीराम ने हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी है। भगवान विष्णु के छठवें अवतार राम ने पिता की आज्ञा से वनवास भी छीन लिया और पृथ्वी पर असत्य रूपी रावण का नाश कर पाप का अंत किया और रामराज्य की स्थापना की। कचावचक प. जोशी ने दावा करते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन हमारी प्रेरणा है, श्रीराम भारत की आत्मा है। श्रीराम ने सत्य का साथ देते हुए रामराज्य की स्थापना की और ये मर्यादा पुरूषोत्तम कहा। धर्म सभा का संचालन सुनील जैन ने किया। यात्रा में डॉ. मिश्रा, लखनलाल नागोरी, अशबाण कौशिक, लाला सिंह उ वेजा, आशुतोष गुप्ता, सुनील कौशिक, गेहीराम सीतलानी, सुनील मिश्रा, डॉक्टर संजय मिश्रा, किशोर गुप्ता, हदाद चौधरी, प्रीति मिश्रा, मोना मृतिका, दीपामाला पाडे, बरखा पांडे, रिकू शर्मा, राजमाला आर्य, राखी तिवारी सहित कान्य कू भाजपा साखी मंडल की महिलाएं थीं।

# रामनवमी पर रघुवंशी समाज ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

## धूमधाम से निकली शोभायात्रा, समाज जनों में नजर आया अपार उत्साह

सत्ता सुधार ■ भोपाल





राम नवमी पर 6 अप्रैल को रघुवंशी समाज द्वारा राजधानी में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भव्य शोभायात्रा के आयोजन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें शामिल मध्य प्रदेश के कई जिलों के रघुवंशी समाज के लोग शामिल हुए जिसमें बैतूल, विदिशा, नर्मदापुरम, सिलवानी , अशोकनगर, गुना, कोलारस , शिवपुरी , छिंदवाड़ा , एवं अन्य जिला के लोग शामिल रहे रघुवंशी समाजजनों में अपार उत्साह नजर आया। मंदिरों में पूजा, आरती, सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन में रघुवंशी समाजजन पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ शामिल हुए।

कई जगहों पर भगवान राम का विशेष श्रृंगार किया गया। समाज के सुजीत रघुवंशी ने बताया कि समाज की ओर से दोपहर 3 बजे भदभदा रोड, जवाहर चौक स्थित रघुकुल भवन से शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा रोशनपुरा,टीटी नगर होते हुए रवींद्र भवन पहुंची। इसमें भगवान राम की झांकी, भगवा ध्वज और ढोल शामिल रहे। रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में शाम 5.30 बजे गणेश वंदना के बाद श्रीलयम नाट्यश्री ग्रुप द्वारा श्रीराम स्तुति की नाट्य प्रस्तुति दी गई। यहां दिल्ली के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। शाम 7 से 9 बजे तक प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा के भजनों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक व यादगार बना दिया।

**अभियान** विद्यार्थियों को वितरित की गई पुस्तकें व पेन...

# स्कूल चले हम' अभियान के अंतर्गत मझगवां पतोल में हुआ वार्षिक प्रवेश उत्सव

सत्ता सुधार ■ दमोह



दमोह जिले के पटेरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मझगवां पतोल में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत एसडीएम हटा राकेश मरकाम की मौजूदगी में श्री राम जी जनकल्याण संगठन द्वारा वार्षिक प्रवेश उत्सव शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज, शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने कछुए और खरगोश की कहानी से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने बताया खरगोश और कछुआ दोनों ही अंत में जीत जाते हैं, इस तरह से एक एनर्जी बनती है, जब दो शक्तियां एक साथ जुड़ जाती हैं तो वह किस प्रकार से पॉजीटिव्ह तरीके से काम कर सकती हैं, दोनों ने ही एक दूसरे की मदद की और अपने जीवन में सफल हुये। उन्होंने कहा विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को इस कहानी से अच्छी प्रेरणा मिली होगी। कहानी से क्या शिक्षा प्राप्त हुई के बारे में विद्यार्थियों से प्रश्न किये, उपस्थित विद्यार्थियों को कहानी से जो ज्ञान मिला उसके संबंध में अतिथियों के समक्ष जबाव दिये। मौजूद अधिकारियों और अतिथियों ने ताली बजाकर विद्यार्थियों का सम्मान किया और खूब पढ़ने के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी ने उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जो छात्रों के हित में बनाई गई है, के बारे में बताते हुए कहा इन योजनाओं का लाभ उठाकर वह अपने करियर को सुनहरा बनाएं। संस्था श्री राम जी जैन कल्याण संगठन की अध्यक्ष वंदना जितेंद्र गौतम तथा सचिव ऋषि पटेल के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, ग्रामीणजन, पालक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को अतिथियो के माध्यम से कॉपी और पेन का वितरण किया गया।कार्यक्रम में तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, जनसम्पर्क अधिकारी श्री कुरैशी, एवं हटा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल मौजूद रहे। इनके साथ शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर संगठन द्वारा अपने फ्लेक्स पोस्टर का विमोचन भी अतिथियों के कर-कमलों से किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री एवं पेन वितरित किए गए, जिससे छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। गौरतलब है कि श्री राम जी जनकल्याण संगठन एक निजी संस्था है।

# धूमधाम से मनाया भाजपा का 46 वॉ स्थापना दिवस

सत्ता सुधार ■ हरदा

भारतीय जनता पार्टी का जिला कार्यालय कमल कुंज सहित जिले के सभी 517 मतदान केंद्रों पर पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने अपने निवास स्थान पर पार्टी का झण्डा लगाकर एकत्रित होकर मिठाई इत्यादि का वितरण किया। जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि जिला कार्यालय में सभी कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के वर्षभर के किये गये कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए 6 अप्रैल 1980 से लेकर आज तक की विकास यात्रा के बारे में कार्यकताओं को बताया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जिला महामंत्री देवीसिंह सांखला ने बताया कि विगत एक वर्ष में किये गये कार्यक्रमों का संक्षिप्त एवं सारगर्भीत कार्यक्रम प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया। मंडलाध्यक्ष नितेश बादर ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में मनसुख लोहाना, सौरभ तिवारी,सुदीप मिश्रा, संतोष किरावर सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रामनवमी पर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा खुरई

# श्रीराम जन्मोत्सव,भव्य श्री राम कथा में अविराज सिंह ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया

सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

रविवार को भाजपा युवा नेता अविराज सिंह पठार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित श्री राम जन्मोत्सव महा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।इसके पश्चात अविराज सिंह ने बलोप के चैनपुरा धाम सरकार परिसर में आयोजित भव्य श्री राम कथा के आयोजन में शामिल होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया। ज्ञातव्य है कि रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर संपूर्ण खुरई विधानसभा क्षेत्र जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा।युवा नेता अविराज सिंह ने खुरई के पठार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव के पावन पर्व पर मंदिर प्रांगण में श्री राम लला की आरती की और भजनों का आनंद लेकर धर्म लाभ उठाया।भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आफिसर्स कालोनी स्थित विधायक कार्यालय खुरई में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा



युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य का अवसर है कि हम दो त्यौहार एक साथ मना रहे हैं। पहला त्यौहार रामनवमी पूरा देश आज राममय हो चुका है। और दूसरा त्यौहार भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। आपको भूपेन्द्र भैया के रूप में ऐसे नेता मिले है जिन्होंने संपूर्ण जीवन भारतीय जनता पार्टी को समर्पित किया। जो भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सागर के पहले अध्यक्ष बनें।आपके भूपेन्द्र भैया के विधायक बनने से खुरई विधानसभा क्षेत्र में जो सकारात्मक बदलाव आया है,और खुरई में विकास की गति तेजी से बढ़ती जा रही है।उन्होंने कहा कि 1980 में मुंबई में समुद्र के किनारे स्व. श्री अटल बिहारी जी के नेतृत्व में जनता पाटी की स्थापना हुई, उन्होंने कहा था अँधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि कीचड में जब कमल खिलता है तो हमारा ध्यान केवल कमल की तरफ जाता है, ऐसे ही देश ने कमल की ओर ध्यान दिया और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाया।आज के समय में माननीय प्रधानमंत्री ने एक एडीसन भी किया है, उन्होंने बोला है कि विकास भी, विनाशक भी यानी देश की संस्कृति आगे बढ़ेगी तो देश भी अपने आप आगे बढ़ेगा। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी जो विशेषता है, वह है पार्टी को, देश को आगे बढ़ाना है, फिर मुझे स्वंय आगे बढ़ना है, यह सोच हमारे कार्यकर्ताओं की होती है।और यहां पर हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। 2018 में जब पहली बार आप सभी के बीच में आया, और एक कार्यकर्ता के रूप में काम किया।आप सभी ने अपना मानकर मुझे आशीर्वाद दिया इसका मैं हृदय से आभारी हूँ, और यह संस्कार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के संस्कार है। भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने चैनपुरा धाम सरकार में आयोजित भव्य श्री राम कथा में भक्तजनों के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में जितने धार्मिक आयोजन होते है वे विश्व के कल्याण के लिए होते है। रामचरित मानस में भगवान तुलसीदास जी ने कहा था कि अगुण सगुण गुण मंदिर सुंदर, भ्रम तम प्रबल प्रताप दिवाकर। काम क्रोध मद गज पंचानन, बसहु निरंतर जन मन कानन। जिसका अर्थ है भगवान श्री राम का नाम सोने की उन किरणों की तरह है जो काम, क्रोध, मद मोह रूपी अंधकार को समाप्त करने का काम करती है। ऐसे श्री राम का नाम है।

### तीन बत्ती पर पालकी एवं शोभायात्रा में शामिल हुए अविराज सिंह

श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर तीन बत्ती पर भगवान श्रीराम की भव्य पालकी यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने शामिल होकर पालकी में सवार भगवान श्रीराम को पुष्प अर्पित कर आराधना की। इस अवसर पर उन्होंने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम से नगरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य सहित संपूर्ण भारत के कल्याण की प्रार्थना की।

## ब्रीफ न्यूज

### पुस्तक मेला पुनः प्रारंभ 7 अप्रैल से

**सागर।** कलेक्ट संदीप जी आर के निर्देशानुसार नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 के प्रारंभ में क्रय किए जाने वाली पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनिफार्म, शूज इत्यादि उचित मूल्य पर सुलभ कराए जाने हेतु पूर्व में आयोजित पुस्तक मेला की सफलता के बाद अभिभावकों की मांग एवं विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री सुलभ रूप से उपलब्ध कराए जाने के लिए पुनः तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 7 अप्रैल से प्रति दिवस सायं 04.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक स्वीडिश मिशन उमावि सागर प्रांगण में किया जा रहा है। उक्त मेले में स्कूल पुस्तक विक्रेताओं स्टाल पर उचित मूल्य सामग्री उपलब्ध रहेंगी।

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह समारोह 30 को

**बीना(सागर)।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत पुण्य विवाह समारोह 30 अप्रैल को बीना में आयोजित किया जा रहा है। आयोजक विधायक निर्मला सप्रे हैं। उनके मीडिया प्रभारी राजेश जैन ने बताया कि 15 मार्च से विधायक कार्यालय में पंजीयन शुरू हो गये हैं। प्रत्येक वैवाहिक जोड़े को 49 हजार रुपये की राशि एवं उपहार सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की जायेगी। निकाह एवं विवाह एक साथ संपन्न होंगे। 5 अप्रैल तक विधायक कार्यालय में विवाह पंजीयन कराने लगभग 170 से अधिक लोग पहुंच चुके हैं और इतने ही पंजीयन भी हो चुके हैं। पंजीयन करवाने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। विधायक निर्मला सप्रे ने अपील की है कि मप्र के किसी भी जिले शहर या गांव का कोई भी व्यक्ति अपने पुत्र या पुत्री के विवाह का पंजीयन विधायक कार्यालय से करा सकता है, विवाह सम्मेलन में मुस्लिम बेटे बेटियों की शादियां भी कराई जा रही हैं वे भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। विधायक ने बताया कि शासन तो नव दंपत्ति को जो राशि भेंट में दे रहा है उसके अतिरिक्त सभी दंपत्तियों को कई प्रकार के उपहार भी दिये जायेंगे। कल्याणी विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र, परित्यागता, तलाकशुदा महिला, पुरुष होने की स्थिति में कानूनी रूप से तलाक होने का न्यायालयीन आदेश अनिवार्य रूप से संलग्न करें। वर-वधु यदि दिव्यांग है तो दिव्यांगता का प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

# जैन मिलन की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए

सत्ता सुधार ■ सागर

जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 की मासिक बैठक का आयोजन स्नेह भवन अंकुर कॉलोनी में वीर सुरेश जैन अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि अति वीर अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि वीर डालचंद जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दानवीर वरिष्ठ समाजसेवी गुलझारी लाल जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं वीर मनीष जैन क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी के आतिथ्य में आयोजित की गई।महावीर प्रार्थना के साथ ही वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं एजेंडावार निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम महावीर जयंती के एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को सुबह 8~00 बजे से विशाल अहिंसा वाहन रैली समाजजनो एवं अन्य संगठनों के सहयोग से मकरोनिया में निकाली जाएगी। जिसका शुभारंभ अंकुर कॉलोनी से किया जावेगा।

विशाल अहिंसा वाहन रैली के समापन के पश्चात जीव दया प्रोजेक्ट अंतर्गत पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरो का वितरण किया जावेगा।

पुरानी पानी की टंकियों की साफ-सफाई एवं पुताई करवा कर पशुओं को पानी पीने के लिए घरों के बाहर रखाया जावेगा।दिनांक 10 अप्रैल 2025 को महावीर स्वामी के जन्मकल्याण महोत्सव के अवसर पर सभी सम्माननीय सदस्यों



एवं समाज जनों के सहयोग से सुबह से मंदिर जी में श्री जी का अभिषेक शांति धारा पूजन विधान होगा तत्पश्चात श्री जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं दोपहर में फल मिष्ठान एवं खीर का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जैन मिलन मकरोनिया द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी 10 अप्रैल को किया गया है।पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष मकरोनिया चौराहे पर पेट्रोल पंप के पास निःशुल्क प्याऊ का संचालन शुभारंभ किया जाएगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों के लिए वीर मनीष जैन विद्यार्थी को कार्यक्रमों का मुख्य संयोजक एवं वीर अजीत जैन बैंक वीर निशिकांत सिंघई वीर राजेश मलैया वीर सुमित सिंघई वीर पी सी जैन को संयोजक बनाया गया ताकि सभी कार्यक्रम बड़ी ही भव्यता के साथ संपन्न हो । बैठक के अंत में अरिहंत स्तुति के साथ बैठक समाप्त हुई जैन मिलन के अध्यक्ष वीर सुरेश जैन ने सभी सम्माननीय सदस्यों सभी संगठनों एवं समाज जनों से वाहन रैली एवं शोभायात्रा में उपस्थित रहने की अपील की।बैठक में अतिवीर प्रमोद भाईजी क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष वीर वीरेंद्र जैन विनीत परिधान वीर यूं सी जैन वीरन मिलन की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 की मासिक बैठक का आयोजन स्नेह भवन अंकुर कॉलोनी में वीर सुरेश जैन अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि अति वीर अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि वीर डालचंद जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दानवीर वरिष्ठ समाजसेवी गुलझारी लाल जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं वीर मनीष जैन क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी के आतिथ्य में आयोजित की गई महावीर प्रार्थना के साथ ही वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा बैठक का एजेंडा पढ़कर सुनाया गया एवं एजेंडावार निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम महावीर जयंती के एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को सुबह 8~00 बजे से विशाल अहिंसा वाहन रैली समाजजनो एवं अन्य संगठनों के सहयोग से मकरोनिया में निकाली जाएगी। जिसका शुभारंभ अंकुर कॉलोनी से किया जावेगा।

विशाल अहिंसा वाहन रैली के समापन के पश्चात जीव दया प्रोजेक्ट अंतर्गत पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरो का वितरण किया जावेगा। पुरानी पानी की टंकियों की साफ-सफाई एवं पुताई करवा कर पशुओं को पानी पीने के लिए घरों के बाहर रखाया जावेगा।

दिनांक 10 अप्रैल 2025 को महावीर स्वामी के जन्मकल्याण महोत्सव के अवसर पर सभी सम्माननीय सदस्यों एवं समाज जनों के सहयोग से सुबह से मंदिर जी में श्री जी का अभिषेक शांति धारा पूजन विधान होगा तत्पश्चात श्री जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं दोपहर में फल मिष्ठान एवं खीर का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जैन मिलन मकरोनिया द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी 10 अप्रैल को किया गया है पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष मकरोनिया चौराहे पर पेट्रोल पंप के पास निःशुल्क प्याऊ का संचालन शुभारंभ किया जाएगा।

उपरोक्त सभी कार्यक्रमों के लिए वीर मनीष जैन विद्यार्थी को कार्यक्रमों का मुख्य संयोजक एवं वीर अजीत जैन बैंक वीर निशिकांत सिंघई वीर राजेश मलैया वीर सुमित सिंघई वीर पी सी जैन को संयोजक बनाया गया ताकि सभी कार्यक्रम बड़ी ही भव्यता के साथ संपन्न हो । बैठक के अंत में अरिहंत स्तुति के साथ बैठक समाप्त हुई जैन मिलन के अध्यक्ष वीर सुरेश जैन ने सभी सम्माननीय सदस्यों सभी संगठनों एवं समाज जनों से वाहन रैली एवं शोभायात्रा में उपस्थित रहने की अपील की । बैठक में अतिवीर प्रमोद भाईजी क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष वीर वीरेंद्र जैन विनीत परिधान वीर यूं सी जैन वीर वीरेंद्र प्रधान वीर आरके जैन कृषि अधिकारी वीर राकेश चौधरी वीर निशिकांत सिंघई वीर सुनील जैन शिक्षक वीर प्रेमचंद पटवारी वीर अजित जैन बैंक वीर प्रसून जैन वीर राजेश जैन शिक्षक वीर आलोक जैन बरायठा वीर राजेश मलैया वीर मनोज जैन वीर अनिल जैन वीर मनीष जैन वीर अमित जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

अंत में वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। वीरेंद्र प्रधान वीर आरके जैन कृषि अधिकारी वीर राकेश चौधरी वीर निशिकांत सिंघई वीर सुनील जैन शिक्षक वीर प्रेमचंद पटवारी वीर अजित जैन बैंक वीर प्रसून जैन वीर राजेश जैन शिक्षक वीर आलोक जैन बरायठा वीर राजेश मलैया वीर मनोज जैन वीर अनिल जैन वीर मनीष जैन वीर अमित जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। अंत में वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# भय प्रगट कृपाला दीन दयाला....के साथ ही बीना में मनाया गया श्री राम जन्म महोत्सव

### देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर, लिया सभी ने आशीर्वाद

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर बीना के विभिन्न मंदिरों पर भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के साथ बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म महोत्सव मनाया गया।सुबह 5 बजे राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा मां जागेश्वरी धाम से यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर का भ्रमण करती हुई।मां जागेश्वरी धाम पहुंची जहां पर कन्याओं के चरण पादुका धुलवाकर, तिलक रोरी लगाकर पूजन किया गया एवं चुनरीया भेंट की गई उपस्थित सभी भक्तगणों में कन्याओं की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया।

### कन्या पूजन का महत्व

कन्या पूजन मां दुर्गा के प्रति अपने भक्तिभाव और श्रद्धा को प्रकट करने का एक तरीका है। साथ ही यह भी माना जाता है कि नवरात्र की पावन अवधि में कन्याओं की पूजा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं।भजनों के साथ लोगों ने जमकर नृत्य किया। बीना राम मंदिर





बड़ी बजरिया, जानकी माता मंदिर गांधी वार्ड, देव रघुनाथ बड़ा मंदिर, कटरा मंदिर, मां जागेश्वरी धाम, छोटी बजरिया राम मंदिर, पश्चिम कॉलोनी श्री राममंदिर, श्रीकौशल किशोर राम जानकी साहू समाज मंदिर, अवध बिहारी देव रघुनाथ बिलगैया मंदिर, ग्राम हिन्नौद सहित के साथ ही ग्रामीण अंचलों में भी में सुबह से ही रामचरितमानस का पाठ के साथ ही ठीक 12-00 बजे जन्म महोत्सव मनाया गया विभिन्न मंदिरों पर दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा, अधिकांश मंदिरों पर भंडारे आयोजित किए गए एवं प्रसाद वितरण हुआ।÷राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे÷ भजन की रही पूरे क्षेत्र में धूम। श्री राम प्रकट उत्सव पर अथक पथ संग्रहालय में बनाई रंगोली कन्याओं ने किया अवलोकन किया।

### डी.ए.वी विद्यालय में हवन द्वारा बच्चों का सत्रारंभ व स्वागत समारोह सम्पन्न

बीना( सागर ) ।डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया गया। स्कूल ने एक विशेष आयोजन के तहत विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए, सुबह की सभा का आयोजन किया, जिसमें डी.ए.वी गान और गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया ।इस खास अवसर पर एक विशेष हवन का आयोजन किया गया, ताकि सभी छात्रों और स्टाफ़ के लिए परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके। हवन में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूजा अर्चना की। हवन का उद्देश्य विद्यार्थियों और विद्यालय के सभी सदस्यों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना था। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विद्यालय में अनुशासन बनाए रखें ।मिश्रा ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति ईमानदारी से काम करना चाहिए और अकादमिक जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए ।कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर देश की समृद्धि और अच्छे भविष्य की कामना की।

# बीना के खेत में लगी आग से किसान को नुकसान



### तीन एकड़ गेहूं की फसल जली पांच कृषकों के खेत बचे

**बीना(सागर)।** बीना के ग्राम बेसरा के समीप ढाना क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई।नरवाई में लगी आग ने किसान अजब सिंह के तीन एकड़ गेहूं की फसल को जलाकर राख कर दिया। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे किसी ने ढाना क्षेत्र में नरवाई में आग लगा दी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली। आग नदयारे के पास अजब सिंह ठाकुर के खेत तक पहुंच गई।आग की सूचना मिलते ही आसपास के किसान मदद के लिए पहुंचे।उन्होंने ट्रैक्टर से नरवाई के चारों ओर पंजा चलाया और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। किसानों ने सिरचौंपी पुलिस चौकी को सूचित कर जेपी पावर प्लांट से फायर ब्रिगेड को भी बुलाया।

### एक घंटे में पाया आग पर काबू

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूझबूझ से पांच अन्य किसानों की फसल बच गई। लेकिन तब तक अजब सिंह की फसल जल चुकी थी। इस घटना से किसान को लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है।यह घटना ऐसे समय में हुई जब रबी सीजन में बोई गई फसल की कटाई चल रही है। अधिकांश किसानों ने फसल काट ली है। केवल देर से बोवनी करने वाले किसानों की फसल अभी खेतों में खड़ी है।

### मुख्य न्यायाधिपति सुरेश कुमार कैथ, सिविल न्यायालय भवन का हुआ लोकार्पण

### न्यायालय भवन को कार्यस्थल के साथ-साथ कर्म स्थल भी बनाएं

# न्यायालयीन प्रक्रिया को ई-प्रक्रिया के द्वारा बनाएं डिजिटल

सत्ता सुधार ■ सागर

न्यायालयीन प्रक्रिया को ई प्रक्रिया के साथ डिजिटल बनाएं।न्यायालय भवन को कार्य स्थल के साथ-साथ कर्म स्थल भी बनाएं। न्यायाधीश,अधिवक्ताओं की सरल, सुगम, सस्ता न्याय दिलाने में अहम भूमिका होती है। जब न्याय में देरी होती है तो समाज में असंतोष पैदा होता है अतः न्याय में देरी ना करें।उक्त विचार मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री सुरेश कुमार कैथ ने मालथोन में 12 करोड़ से अधिक में तैयार किया गये सिविल न्यायालय भवन का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किये।इस अवसर पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं सागर जिले के






पोर्टफोलियो जज संजय द्विवेदी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा, विशेष न्यायाधीश प्रदीप सोनी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अखिलेश मिश्रा, विशेष न्यायाधीश श्री प्रशांत कुमार, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल सहित बड़ी संख्या में न्यायाधीश गण, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी एवं जन समुदाय मौजूद था।मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैथ ने कहा कि न्याय में देरी के कारण समाज में असंतोष पैदा होता है।असंतोष पैदा ना हो इसलिए सभी न्यायाधीश,अधिवक्ता तत्काल कार्रवाई करते हुए शीघ्रता से प्रकरणों का निराकरण करें।उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए डिजिटल सिस्टम लागू करें जिससे कि सभी कार्य शीघ्रता से किये जा सकें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में बार एवं बेंच का सामान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा न्यायालय के संसाधनों के लिए पर्याप्त बजट प्रदान किया गया है। इस बजट के माध्यम से न्यायालय में सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सागर एक खूबसूरत शहर है, इसी प्रकार यह भवन भी खूबसूरत है। आप सभी अपने कार्य को भी खूबसूरत बनाएं। उन्होंने कहा कि यह भवन मात्र पत्थरों की संरचना नहीं है इस संरचना में न्याय की देवी के माध्यम से समाज को न्याय मिलता है।उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं सागर जिले के पोर्टफोलियो जज श्री संजय द्विवेदी ने कहा कि भवन निर्जीव होता है, जिसे सजीव बनाने के लिए आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह भवन समय पर बना है, इसके लिए जिला प्रशासन के कार्य को धन्यवाद देता हूं। इसी प्रकार तुरंत न्याय करने के लिए न्यायाधीश एवं अधिवक्ता कार्य करें। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए सागर जिले एवं नवनिर्मित भवन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रुक्मणी रमन शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# इस युग में द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का साथ होना सौभाग्य की बात

## बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने की तारीफ

एजेंसी ■ मुंबई

भारत के पूर्व मुख्य कोच और राजस्थान रॉयल्स के मेंटर (मार्गदर्शक) राहुल द्रविड़ की देखरेख में खेल रहे बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि इस युग में उनके जैसा सहानुभूति के साथ देखभाल करने वाला इंसान का साथ मिलना सौभाग्य की बात है। भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर पर द्रविड़ के प्रभाव के बारे में पूर्व भारतीय दिग्गज को बेहतरीन इंसान और खिलाड़ी करार दिया।

जायसवाल ने कहा, 'वह एक बेहतरीन इंसान हैं। इस युग में द्रविड़ सर जैसे खिलाड़ी का होना सौभाग्य की बात है। जायसवाल ने बताया कि द्रविड़ एक इंसान के तौर पर किस तरह दूसरों से अलग हैं। 'मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन 'लीडर है। वे एक शानदार सहायक और देखभाल करने के साथ हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले इंसान है।





वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें भरोसा दिलाते हैं कि वे सही जगह पर हैं। वह सही मार्गदर्शन देते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। द्रविड़ के साथ कोई भी बातचीत सीखने का मौका है। जायसवाल ने कहा, उनके करीब रहना सीखने का मौका है। यह सीख न केवल क्रिकेट के बारे में, बल्कि मैदान के बाहर उनके व्यवहार के बारे में भी है। उन्होंने वर्षों से इतनी शालीनता और संयम दिखाया है। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है।

जायसवाल ने पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मुंबई से गोवा जाने का फैसला किया है और अगले सत्र में रणजी ट्रॉफी में उनकी कप्तानी करने के लिए तैयार हैं (जब भी उन्हें खेलने का समय मिलेगा)। जायसवाल के फैसले का कारण हालांकि पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसी अफवाहें हैं कि मुंबई की टीम के सीनियर सदस्यों के साथ उनके कुछ मतभेद हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुद पर बहुत भरोसा है। अपने खेल, अपने विचारों और अपनी क्षमताओं पर पूरा यकीन है। क्रिकेट में बहुत त्याग की जरूरत होती है, लेकिन लोग तभी इस पर ध्यान देते हैं जब आप कुछ हासिल करते हैं या अच्छा प्रदर्शन करते हैं। मुझे लगता है कि सफल होने के लिए मुझे हर पहलू पर कड़ी मेहनत करने की जरूरत है अब वह चाहे अभ्यास हो, प्रशिक्षण हो, आहार हो या मानसिकता हो।


# धर्मशाला में होंगे आईपीएल के तीन मैच क्रिकेट प्रेमी चौके-छक्के देखने को बेताब

एजेंसी ■ कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में स्थित सुंदर स्टेडियम में आईपीएल सीजन 2025 के तीन मुकाबले खेले जाना हैं। ये मैच 4, 8 और 11 मई को खेले जाएंगे। इन मैचों को लेकर यहां के युवाओं में खासा उत्साह है। पंजाब किंग्स की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड यानी धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलेगी। टीम 11 दिन यहीं रहेगी और तीन मैच खेलेगी। इस दौरान सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच को समझेगी।

**4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा पंजाब का मुकाबला**





एचपीसीए के सचिव ने बताया कि लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 4 मई को होने वाले मुकाबले से दो दिन पहले यानी 2 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इससे पहले 27 अप्रैल को टीम मुंबई के खिलाफ मैच खेलेगी। 3 मई को लखनऊ की टीम अभ्यास करेगी और 4 मई को पंजाब के मुकाबला होगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। 7 मई को अभ्यास करेगी और 8 मई को मैच खेलेगी। वहीं, मुंबई इंडियंस की टीम 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी और अभ्यास के बाद 11 मई को अपना मैच खेलेगी।

एचपीसीए के सचिव ने बताया कि पंजाब की टीम सबसे पहले धर्मशाला पहुंचेगी और 11 दिन वहीं रुकेगी! उन्होंने कहा कि अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इन तीन मैचों को लेकर हिमाचल और पंजाब के क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## मुम्बई इंडियंस ने आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से पहले बुमराह को शामिल किया

एजेंसी ■ मुंबई



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल खेलने के लिए तैयार हैं। बुमराह को मुंबई इंडियंस ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले शामिल किया है। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गये थे। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम से बाहर हैं। अब आईपीएल के जरिये बुमराह की वापसी हो रही है। बुमराह पिछले पांच सप्ताह से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब के दौर से गुजर रहे थे। इस तेज गेंदबाज ने मुम्बई के साथ आने की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट में साझा की है। एक रिपोर्ट के अनुसार बुमराह अभ्यास मैच खेलने और उसके बाद मेडिकल टीम से अनुमति मिलने के बाद ही अपनी टीम के शिविर में शामिल हुए है पर अभी भी वह आरसीबी के खिलाफ अंतिम ग्यारह में शामिल रहेंगे या नहीं कहा नहीं जा सकता। माना जा रहा है कि आरसीबी के खिलाफ मैच में खेलने का फैसला वह मुख् कोच महेला जयवर्धने से बातचीत के बाद करेंगे। साल 2013 में आईपीएल में पदार्पण करने के बाद से ही बुमराह मुम्बई के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने टीम की ओर से 133 मैचों में 165 विकेट लिए हैं।

## क्या आईपीएल में रिटायर आउट के नियम, जिसके चौथे शिकार बने तिलक वर्मा



एजेंसी ■ मुंबई

मुंबई इंडियंस को आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इकाना स्टेडियम में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। मैच के आखिरी ओवर में एक अजीब घटना हुई, जिसमें स्टार भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा शामिल थे। तिलक नाबाद रहने के बावजूद 19वें ओवर के बीच में ही ड्रेसिंग रूम में लौट गए। तिलक ने खुद को रिटायर आउट कर पवेलियन लौट आए। इसकी वजह यह थी कि जब टीम को चौकों और छक्कों की जरूरत थी तब तिलक के बल्ले से तोबड़तोड़ रन नहीं निकल रहे थे। वह फॉर्म में नहीं दिख रहे थे। चूंकि मुंबई इंडियंस को चौके और छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की जरूरत थी, इसलिए उन्हें फॉर्म से बाहर चल रहे तिलक को वापस बुलाना पड़ा। तिलक ने विग्नेश पुथुर की जगह इम्पैक्ट खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। लेकिन वह अपना प्रभाव नहीं दिखा सके। उनकी जगह मिचेल सैंटनर को उतारा गया लेकिन मुंबई का ये फॉर्मूला काम नहीं आया। टीम को आखिरी ओवर में 12 रन से हार मिली। तिलक के इसतरह से रिटायर्ड आउट होने के पर कमेंटेटर और पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह ने सवाल उठा दिए। भज्जी का कहना था कि बीच में तिलक को बुलाकर सैंटनर को लाना समझ से परे था। सूर्यकुमार जब तक क्रीज पर थे तब तक मुंबई की जीत तय लग रही थी। लेकिन 17वें ओवर की पहली गेंद पर आवेश खान ने सूर्यकुमार को आउट किया। इसके बाद कप्तान हार्दिक पंड्या और तिलक पर जिम्मेदारी आ गई। तिलक को मुंबई ने 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर वापस बुलाकर रिटायर्ड आउट कर दिया।

दरअसल कोई बल्लेबाज जब अंपायर या विरोधी टीम के कप्तान से बिना सलाह किए अपनी पारी बीच में ही छोड़कर पवेलियन लौट जाता है, उस खिलाड़ी को रिटायर्ड आउट माना जाता है। नियमों के मुताबिक विकेट माना जाता है। जब एक बार कोई बल्लेबाज रिटायर्ड आउट होता है,फिर बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सकता। तिलक आईपीएल के इतिहास में रिटायर्ड आउट होने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में रिटायर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी थे। जब उन्होंने 2022 सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए एलएसजी के खिलाफ खेला था। आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन और पंजाब किंग्स के अथर्व तायडे को रिटायर आउट किया गया था।

## हार से इसलिए निराश नहीं हैं अय्यर



**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुरुअआती जीत के बाद हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर निराश नहीं है। अय्यर ने कहा कि अच्छा हुआ शुरुआत में ही टीम को ये हार मिल गयी। इससे टीम जाएगी और आगे के मैचों के लिए शानदार वापसी करेगी। . राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम दबाव का सामना नहीं कर पायी और 50 रनों से हार गयी। अय्यर ने हार के बाद कहा, 'मुझे लगा कि हम इस मैच में 180-185 रन से ज्यादा नहीं देंगे पर ऐसा हुआ नहीं। हमने इससे कुछ ज्यादा रन दे दिए। हम योजना के अनुसार नहीं खेल पाए राहत की बात ये है कि यह हार शुरुआत में ही मिल गयी है।' अय्यर ने कहा, 'यह केवल तीसरा मैच है। आपको शुरुआत में थोड़ी परेशानी होती पर उसके बाद ही टीम जागती है। शुरुआत में ऐसा होना आगे होने से अच्छा है। हम वापस जाकर अपनी रणनीति पर काम करेंगे और अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे।' इस हार से आईपीएल में कप्तान के तौर पर अय्यर की लगातार जीत का सिलसिला भी रुक गया है।

## सीएसके का ये युवा गेंदबाज धोनी को मानता है क्रिकेटिंग फादर

एजेंसी ■ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को टीम के ही एक खिलाड़ी ने अपना क्रिकेटिंग फादर बताया है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, पेसर मथीशा पथिराना हैं। पथिराना ने आईपीएल 2022 में डेब्यू किया था। वे एडम मिल्ने के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जुड़े थे और इसके बाद से लगातार सीएसके के लिए गेंदबाजी कर रहे हैं। मथीशा उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किया था।



सीएसके द्वारा जारी डॉक्यूमेंट्री में, पथिराना की मां ने आईपीएल की शुरुआत के बाद से सीएसके के दिग्गज धोनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, धोनी के बारे में कोई शब्द नहीं है। वास्तव में वे भगवान की तरह। मथीशा, जिस तरह से पिता का सम्मान करता है, उसी तरह से वह धोनी का भी सम्मान करता है। पथिराना परिवार के लिए धोनी पिता की तरह हैं। 2022 में जब वे सीएसके का हिस्सा बने तब उन्हें अपने देश में भी ज्यादा लोग नहीं जानते थे। अब वे बड़ा नाम और पैसा कमा चुके हैं। पथिराना कहते हैं, धोनी मेरे पिता की तरह हैं, क्योंकि जब मैं सीएसकू में होता हूं तब वे मुझे बहुत समर्थन, मार्गदर्शन और सलाह देते हैं। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसा मेरे पिता ने मेरे घर में किया था। इसलिए मैं धोनी को अपना क्रिकेट पिता मानता हूं। पथिराना ने वह समय भी याद किया जब वे पहली बार धोनी से मिले थे और धोनी ने उनकी ओर मुड़कर पूछा था, हाय, माली। आप कैसे हैं? माली शब्द पथिराना के क्रिकेट उपनाम यानी बेबी मलिंगा से आया है, क्योंकि उनका अपना गेंदबाजी एक्शन श्रीलंकाई दिग्गज लसिथ मलिंगा जैसा है।

# आईपीएल ऑक्शन में रहा अनसोल्ड, अब जड़ा तिहरा शतक

## इस बल्लेबाज ने तोड़ा 19 साल पुराना कीर्तिमान



एजेंसी ■ मुंबई

इंग्लैंड के 26 साल के युवा बल्लेबाज टॉम बैंटन ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में अपना नाम दिया था, लेकिन उन्हें किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था। ऑक्शन के लिए उनका ब्रेस प्राइज 2 करोड़ रुपए था। अभी आईपीएल 2025 चल रहा है और इंग्लैंड की नेशनल टीम भी मुकाबले नहीं खेल रही थी। ऐसे में टॉम बैंटन ने घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए कमाल कर दिया है। वह घरेलू क्रिकेट में काउंटी चैंपियनशिप में समरसेट के लिए खेल रहे हैं। टॉम बैंटन ने काउंटी चैंपियनशिप में समरसेट की तरफ से खेलते हुए वॉर्सेस्टरशायर क्लब के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की है और तिहरा शतक जड़ दिया है। उन्होंने अभी तक 383 गेंदों में 344 रन बनाए, जिसमें 54 चौके और एक छक्का लगाया है। उनके आगे वॉर्सेस्टरशायर के गेंदबाज बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं और टिक नहीं पाए हैं।

टॉम बैंटन समरसेट के लिए फर्स्ट क्लास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने जस्टिन लैंगर का 19 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया है। लैंगर ने साल 2006 में समरसेट की तरफ से खेलते हुए सरे क्लब के खिलाफ 342 रनों की पारी खेली थी। अब टॉम बैंटन उसने आगे निकल गए हैं। लैंगर इस समय आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच हैं।

**समरसेट की टीम ने बनाए 637 रन:** मैच में वॉर्सेस्टरशायर क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 154 रनों पर ही सिमट गई थी। इसके बाद समरसेट की तरफ से टॉम बैंटन और जेम्स रेऊ ने बेहतरीन बल्लेबाजी की है। बैंटन ने जहां तिहरा शतक लगाया है, तो वहीं जेम्स ने 152 रनों की पारी खेली है।

दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

### सीधे गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

# शूटिंग वर्ल्ड कप में सिफत कौर समरा ने लहराया तिरंगा

एजेंसी ■ मुंबई

भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समरा ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में चल रहे एफ निशानेबाजी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्होंने सीधे गोल्ड मेडल पर निशाना साधा है। यह ढ्रस्स्न वर्ल्ड कप में सिफत का पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल है। फरीदकोट की रहने वाली 23 साल सिफत ने टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में सेशन के पहले विश्व कप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। शुरुआत में वह पीछे थीं, लेकिन बाद में उन्होंने सही निशाने लगाए।

### शुरुआत में पीछे थीं सिफत कौर

विश्व रिकॉर्ड धारक सिफत कौर समरा नीलिंग पोजीशन में 15 शॉट के बाद जर्मनी की अनीता मैंगोल्ड से 7.2 अंक पीछे थीं। उन्होंने हालांकि इसके बाद प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में स्वप्निल वापसी करके पहला स्थान हासिल किया। सिफत 45 शॉट के फाइनल के बाद 458.6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही, जबकि मैंगोल्ड उनसे 3.3 अंक पीछे 455.3 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता अरीना अल्तुखोवा 445.9 के स्कोर के साथ 44वें शॉट के बाद बाहर होकर तीसरे स्थान पर रहीं।



### 590 का स्कोर बनाकर फाइनल में किया था प्रवेश

दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह छठे स्थान पर रहीं। सिफत कौर ने क्वालीफाइंग में 590 का स्कोर बनाकर पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। स्विट्जरलैंड की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चियारा लियोन और पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन टॉप आठ में जगह नहीं बना सकीं। कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रिया ले और अमेरिका की मैरी टकर जैसी ओलंपिक पदक विजेता भी क्वालीफाइंग की बाधा पार नहीं कर सकी।

### टूर्नामेंट के पहले दिन भारत ने नहीं जीता था कोई पदक

भारत टूर्नामेंट के पहले दिन कोई पदक नहीं जीत पाया था लेकिन अब उसके नाम पर एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक है। भारत के लिए कांस्य पदक पुरुष 3पी में चैन सिंह ने जीता था। एयर पिस्टल मिक्सड टीम की विश्व चैंपियन ईशा ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 35 अंक बनाए और वह चीन की सुन युजी से पीछे रहीं जिन्होंने 10वीं और अंतिम पांच शॉट सीरीज के बाद 38 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुन की हमवतन फेंग सिक्जुआन ने कांस्य पदक जीता।

### महेंद्र सिंह धोनी संन्यास की अटकलों के बीच पहुंचे चंडीगढ़, क्या खेलेगें पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच?

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार खिलाड़ी और भारत के महान कप्तानों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल संन्यास की अटकलें शनिवार से तेज हैं। चेन्नई ने कल अपने घर चेपॉक में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेला था जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान कुछ चीजें देखने को मिली थीं जिससे लगने लगा था कि ये धोनी का आखिरी आईपीएल मैच हो सकता है।



# सत्ता सुधार




भारतीय राजनीति में अपनी स्पष्टवादिता और जमीन से जुड़े विचारों के लिए पहचाने जाने वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में एक बार फिर अपनी बेबाक राय रखी। बीजेपी के नए विभागीय कार्यालय के भूमिपूजन समारोह में उन्होंने पार्टी की कार्यशैली पर गहन टिप्पणी करते हुए जातीय प्रकोष्ठों को गलत कदम बताया और महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को इससे सबक लेने की सलाह दी।

## ब्रीफ न्यूज

### गरीब मुसलमानों को फायदा देने वाला है वक्फ बिलः मौलाना शाहबुद्दीन रजवी

**बरेली।** बीते रोज लोकसभा से पारित हुआ संशोधित वक्फ बिल को लेकर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि इस बिल को भारत सरकार की ओर से बुराई खत्म करने की दिशा में उठाया गया एक अच्छा कदम बताया। मौलाना ने कहा कि इस विधेयक से गरीब और कमजोर मुसलमानों को फायदा होगा। मौलाना शाहबुद्दीन ने कहा, मैं उन सभी सांसदों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस बिल के पक्ष में वोट दिया। भारत सरकार को भी बधाई देता हूं कि उसने यह साहसिक कदम उठाया। उन्होंने वक्फ बोर्ड में फैली गड़बड़ियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि पहले बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य भू-माफियाओं के साथ मिलकर करोड़ों की जमीन कौड़ियों के भाव बेच देते थे या खुद हड़प लेते थे। उन्होंने कहा, वक्फ बनाने वालों की मंशा थी कि उसकी संपत्ति से होने वाली आय गरीब, बेसहारा, विधवाओं और अनाथ मुस्लिमों पर खर्च हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। यह पैसा बोर्ड के लोग अपनी जेब में डाल लेते थे। अब इस संशोधन बिल के पास होने से हमें उम्मीद है कि कुछ अच्छा होगा। गरीब मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा। मौलाना ने इस बिल को पारदर्शिता और सुधार की दिशा में एक कदम बताते हुए कहा कि इससे वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग रुकेगा और उसका सही इस्तेमाल समाज के कमजोर वर्गों के लिए होगा।

# संभल में पहली बार रामनवमी पर भगवा शोभायात्रा निकली

## संभल में रामनवमी पर 46 वर्ष बाद मंदिर में पूजन, श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था

**जामा मस्जिद के सामने सत्यव्रत चौकी का हुआ लोकार्पण**

**हाथों में तलवार और झंडे लेकर झूमते दिखे श्रद्धालु**

एजेंसी ■ संभल

यूपी के संभल में रामनवमी के मौके पर पहली बार विश्व हिंदू परिषद की ओर से भव्य भगवा शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें परंपरा, संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामनवमी की शोभायात्रा में युवतियों ने हाथों में तलवार लेकर करतब दिखाए। उन्होंने साहस और आत्मविश्वास की अनूठी मिसाल पेश की। वहीं, युवा भगवा झंडे लेकर पूरे जोश और उत्साह से झूमते नजर आए। इस शोभायात्रा में भगवान राम, हनुमान जी और अन्य देवी-देवताओं की सुंदर झांकियां भी शामिल थीं, जो लोगों को धार्मिक आस्था से भर रही थीं। पूरे रास्ते में भक्ति संगीत, जयकारे और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

संभल में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा

शोभायात्रा को लेकर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। रैपिड एक्शन फोर्स और स्थानीय पुलिस बल के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से सम्पन्न हो सके। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि संभल का गौरवशाली अतीत अब लौट रहा है। इसलिए रामनवमी के मौके पर संभल में भव्य भगवा शोभायात्रा निकाली जा रही है।



### खग्गू सराय स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना

संभल में रामनवमी पर जहां एक तरफ खग्गू सराय स्थित मंदिर पर 46 वर्ष बाद पहली बार पूजा अर्चना की गई है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद के सामने निर्माण हुई सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण भी किया गया है। मालूम हो 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्माण का निर्णय लिया गया था। यह जिले की पहली हाइटेक पुलिस चौकी है। जहां थाने के बराबर ही स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी।

### दो मंजिला इमारत में कई कक्ष

इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है। यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और राजस्थान के कारीगर ने इसको संवारा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।

**रामनवमी पर दिया एकता और प्रेम का संदेश**

## काशी में मुस्लिम महिलाओं ने प्रभु श्रीराम की उतारी आरती

इधर, वाराणसी से एक बेहद खूबसूरत और प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है. यहां रामनवमी के पावन अवसर पर मुस्लिम महिलाओं ने न केवल प्रभु श्रीराम की आरती उतारी, बल्कि साम्प्रदायिक सौहार्द्र और प्रेम का संदेश भी दिया। मुस्लिम महिलाओं ने सजी थाल लेकर उर्दू में लिखी राम आरती भी गाई। यह आयोजन लमही के सुभाष भवन में हुआ, जिसमें भजन, सोहर और जय सियाराम के जयकारों के बीच एकता का संदेश दिया गया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन और विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम महिलाओं की श्रीराम महाआरती का आयोजन लमही के सुभाष भवन में किया। सजावटी थाल, खूबसूरत रंगोली, उर्दू में लिखा जय श्रीराम मुस्लिम महिलाओं की श्रद्धा को व्यक्त कर रहा था। नफरत को भड़काकर हिंदू मुसलमानों के बीच समाज को बांटा जा रहा है। कई बयान देश को तोड़ने की दिशा में आ रहे हैं। ऐसे में काशी से मुस्लिम महिलाओं द्वारा प्रेम, एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र का संदेश नफरत फैलाने वालों के मुंह पर तमाचा है। नकाबपोश मुस्लिम महिलाओं ने मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की आरती उतारी। उर्दू में लिखी राम आरती को मुस्लिम महिलाओं ने गाया। राम जी के जन्म पर सोहर गाये गए और जय सियाराम का नारा लगा।

## काशी में कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद मंदिरों में गूंजा- या देवी सर्वभूतेषु



इधर, चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के नौवें दिन वाराणसी के अष्टभुजा मंदिर में हजारों भक्त गहरी भक्ति के साथ एकत्रित हुए। यह दिन भगवान राम के जन्म का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। अपनी आध्यात्मिक प्रमुखता के लिए प्रसिद्ध मंदिर में रविवार की सुबह सभी क्षेत्रों से आए लोगों ने मंत्रोच्चार और आरती की। इस दौरान विशेष पूजा की गई, जिसमें भक्तों ने दीए जलाए, अनुष्ठान किए और भगवान राम के प्रति श्रद्धा में पवित्र मंत्रों का जाप किया। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन, वाराणसी सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पारंपरिक कंजक अनुष्ठान के तहत छोटी लड़कियों की पूजा की गई, जहां भक्त उन्हें देवी दुर्गा की शक्ति और पवित्रता के प्रतीक के रूप में सम्मानित करते हैं। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन, भक्तों ने कंजक नामक एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान मनाया, जिसमें छोटी लड़कियों को देवी दुर्गा के अवतार के रूप में सम्मानित किया गया और उनकी पूजा की गई। नौ दिवसीय उत्सव के समापन का प्रतीक यह दिन दिव्य स्त्री शक्ति का सम्मान करने के लिए समर्पित है।

## विंध्याचल में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नवमी तिथि पर किए मां के दर्शन**

**जयकारे से गूंजा परिसर, सुरक्षा दुरुस्त**

इधर, विंध्याचल धार्मिक नगरी में चल रहे चैत्र नवरात्र की महानवमी को माता विंध्यवासिनी देवी के श्रीचरणों में बड़े ही श्रद्धाभाव से शीश झुकाकर मंगलकामना की। भोर में मंगला आरती के उपरांत देवीधाम में पहुंचे भक्तों ने विधिवत दर्शन पूजन किए। तरह-तरह के फूलों व स्वर्ण आभूषणों से माता का किया गया भव्य श्रृंगार का दर्शन पाकर श्रद्धालु भावविह्वल हो उठे। घंट-घड़ियाल, शंख, नगाड़ा व माता के जयकारे से पूरा विंध्याचल धाम परिसर गुंजायमान हो रहा था। चैत्र नवरात्र की महानवमी तिथि पर जगत कल्याणी मां विंध्यवासिनी धाम में आस्थावानों का रेला लगा रहा। मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का दौर अनवरत चलता रहा। गंगा में स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचे श्रद्धादु मां के भव्य स्वरूप का दर्शन कर निहाल हो उठे। मंदिर के बाहर विंध्य की गलियों में कतार में खड़े नर-नारी माता का जयकारा लगाते हुए मंदिर की तरफ बढ़े जा रहे थे। मंदिर पहुंचने के बाद किसी ने झांकी से तो किसी ने गर्भगृह में जाकर माता का दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# रात में अगवा, सुबह मुठभेड़... बच्चे की सकुशल वापसी

## कौशांबी के तीनों अपहरणकर्ता घायल, गिरफ्तार



एजेंसी ■ कौशांबी

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में रविवार सुबह एक बड़ी वारदात का पर्दाफाश हुआ, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। दरअसल, बीती रात सैनी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर कोदन गांव से एक मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया गया था। बच्चा अपने दादा रामशिरोमणि के साथ बरामदे में सो रहा था, तभी रात करीब 11:30 बजे बाइक पर सवार बदमाश आए और सोते समय उसे उठाकर भाग गए। हाल ही में बच्चे के दादा ने अपने ससुराल टेवा गांव में 80 लाख रुपए की जमीन बेची थी, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिरौती के इरादे से ही बच्चे को अगवा किया गया। जैसे ही घटना की खबर लगी, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव खुद मौके पर पहुंचे और जिले के सभी बॉर्डर सील करवा दिए। परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर बदमाशों की तलाश में कई थानों की पुलिस और एसओजी की टीम लगाई गई।

### तीनों को पकड़ा

रविवार सुबह करीब 10 बजे सैनी थाना क्षेत्र में ख्वाजा कड़कशाह दरगाह के पास पुलिस ने एक संदिग्ध शेवरले बीट कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार में बैठे बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया।

### तीन तमंचे, छह जिंदा कारतूस बरामद

पकड़े गए बदमाशों की पहचान सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा- निवासी चक सैय्यद अलीपुर, थाना करारी, गुड्डू यादव -निवासी अमुरा, थाना करारी और अमित यादव - निवासी अड़हरा, थाना करारी के रूप में की गई है। फिलहाल, तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने अपहृत मासूम प्रतीक को सकुशल बरामद कर लिया। इसके अलावा उनके पास से तीन तमंचे, छह जिंदा कारतूस और तीन खोखे बरामद हुए हैं। पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बच्चे के दादा से 25 लाख की फिरौती मांगने की योजना बनाई थी। हर बदमाश को 5-5 लाख की हिस्सेदारी मिलनी थी। एसपी श्रीवास्तव ने बताया कि यह बच्चा स्पेशल चाइल्ड है और बदमाशों ने इसे बड़ी ही चालाकी से टारगेट किया था। उन्होंने बताया कि फिरौती की मांग वाला एक लेटर भी मौके से बरामद हुआ था। इस पूरी कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को एक लाख 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है।

# जेएस यूनिवर्सिटीः फर्जी डिग्रियों का खुलेगा राज




### पुलिस सक्रियता से कुलाधिपति की बढ़ेंगी मुश्किलें

**फिरोजाबाद।** जेएस यूनिवर्सिटी फर्जी डिग्री प्रकरण में जयपुर जेल में बंद आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए शिकोहाबाद पुलिस सोमवार को न्यायालय में अपील करेगी। इसके लिए पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस का मानना है कि पीसीआर रिमांड पर लेकर पूछताछ करने से थाना शिकोहाबाद में दर्ज केस से संबंधित कई सवालों के जवाब मिल जाएंगे। फर्जी डिग्री प्रकरण में जयपुर जेल में बंद कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव एवं रजिस्ट्रार नंदन मिश्रा से पूछताछ करने के लिए अभी तीन दिन पूर्व ही थाना शिकोहाबाद से उप निरीक्षक चमन शर्मा जयपुर पहुंचे थे। जहां जेल में जाकर उन्होंने कुलाधिपति एवं रजिस्ट्रार से पूछताछ की थी। जिसमें उन्होंने पुलिस के सवालों के गोलमोल जवाब दिए थे। पुलिस इन जवाबों से संतुष्ट नहीं थी। ऐसे में पुलिस दोनों आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी करने में जुट गई है। पुलिस सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के यहां पीसीआर रिमांड के लिए अपील करेगी।

### जवाबों से पुलिस असंतुष्ट

शिकोहाबाद सीओ प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों के जवाबों से पुलिस संतुष्ट नहीं है। शिकोहाबाद पुलिस को थाने में दर्ज हुए केस के सिलसिले में दोनों आरोपियों से कई सवालों के जवाब लेने हैं। इसलिए पुलिस सोमवार को न्यायालय में रिमांड के लिए अपील करेगी।

## रेलकर्मी की गला दबाकर हत्या

**बिजनौर।** रेलवे स्टेशन नजीबाबाद के कैरिज एंड वैगन में कार्यरत तकनीकी कर्मचारी दीपक कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पत्नी शिवानी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। दीपक के परिजनों ने नौकरी हड़पने के लिए दीपक की हत्या करने आरोप लगाया है। हल्दौर के गांव मुकरंदपुर निवासी 29 वर्षीय रेलवे कर्मी दीपक कुमार का विवाह चौहड़पुर नहटौर निवासी शिवानी से 17 जून 2024 को हुआ था। दीपक अपनी पत्नी के साथ आदर्श नगर नजीबाबाद में किराए के मकान में रह रहा था। दीपक की पत्नी शिवानी ने उसके परिजनों को पूजा करते समय हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी शुक्रवार की रात दी। पुलिस ने शिवानी और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिवानी को गिरफ्तार कर लिया है।






**सांसद बर्क के कहने पर ही रची गई थी संभल बवाल की साजिश, कहा था-**

# भीड़ जुटा लेना... सर्वे नहीं होने देना

एजेंसी ■ संभल

बीते वर्ष 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के करीबियों की भी भूमिका भी सामने आई है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई का कहना है कि जांच में सामने आया है कि 23 नवंबर की रात को बवाल की पूरी साजिश रची गई थी। एसपी का कहना है कि विवेचना चल रही है। जो भी आरोपी प्रकाश में आएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी इस मामले में छानबीन कर रही है।

दरअसल सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर आरोप है कि उन्होंने जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को



23 नवंबर की रात को फोन किया था और कहा था कि भीड़ जुटा लेना और कोर्ट कमीशन का सर्वे नहीं होने देना है। पुलिस का दावा यह भी है कि इसकी जिम्मेदारी सांसद के करीबियों को मिली। करीबियों के फोन से ही रात के समय बातचीत कर साजिश रची गई। पुलिस ने इसका खुलासा जफर अली एडवोकेट की केस डायरी में भी किया है।

### करीबियों पर भी शिकंजा

अब सांसद के करीबियों पर भी शिकंजा कसने जा रहा है। हालांकि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जफर अली एडवोकेट को ही जेल भेजा गया है। एसपी का कहना है कि जामा मस्जिद बवाल की साजिश में जिसका भी नाम प्रकाश में आएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है

बवाल में जिसकी भी भूमिका सामने आएगी। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी इस मामले में जांच कर रही है। निर्दोष को जेल नहीं भेजा जाएगा।

-कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी, संभल










**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न.** 9893126900, 7869966100, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट । **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**